गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

अजान

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, शुक्रवार 13 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

यूपी : चुनावी जंग में तीसरे मोर्चे की एंट्री

चंद्रशेखर-ओवैसी ने बनाया सामाजिक परिवर्तन मोर्चा

लखनऊ (आससे.)। यूपी चुनाव 2027 को लेकर प्रदेश में सियासी माहौल बनता रहा है। इस कड़ी में आज एक बड़ी घोषणा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी में नए गठबंधन की घोषणा कर दी है। नए गठबंधन के घोषित किए गए सामाजिक परिवर्तन



चुनाव में चंद्रशेखर रावण होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और एआईएमआईएम के मोर्चा का मुख्यमंत्री पद का चेहरा चंद्रशेखर आजाद को बनाया गया है। इसके साथ ही आगामी चुनाव में इसके प्रभाव को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। मोर्चा के एलान के बाद चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन की पहली रैली लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर मैदान में करने का एलान किया है। बता दें कि ये वही मैदान हैं जहां पर बसपा सुप्रीमो मायावती रैलियां करती रही हैं। दरअसल, इस गठबंधन की नजर प्रदेश में दलित और मुस्लिम समाज के वोटबैंक पर है। दलित समाज ने लोकसभा के चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन की तरफ रुझान दिखाया था। प्रदेश में बसपा के कमजोर होने के साथ ही अब चंद्रशेखर की नजर भी दलित वोटबैंक पर है। शायद इसीलिए उन्होंने 26 नवंबर को पहली रैली रमाबाई आंबेडकर मैदान में करने का एलान कर दलित समाज को संदेश देने की कोशिश की है। इस मैदान पर बसपा की रैलियां होती रही हैं।

आजम खां चार दिन की ईडी की हिरासत में

गाजियाबाद। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को ईडी की विशेष अदालत ने चार दिन की रिमांड पर भेज दिया है। अदालत ने 16 नवंबर को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। बृहस्पतिवार को ईडी ने आजम खां से पूछताछ के लिए अदालत में अर्जी लगाकर पांच दिन की रिमांड मांगी थी। पीठासीन अधिकारी अवनीश कुमार के अवकाश पर होने से संबंद्ध कोर्ट में सुनवाई हुई।विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार ने रिमांड पर भेज दिया। आजम को ईडी अदालत ने एक नवंबर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेजा था, 13 नवंबर को जेल से अदालत में पेश होना था, उसके पहले ही ईडी ने अदालत से चार दिन की रिमांड पर ले लिया। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद 31 अक्तूबर को रामपुर जेल से रिहा होते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आजम खान को गिरफ्तार कर लिया था।

समर्पण, अनुशासन तथा आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करें छात्र-राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्रों से की बातचीत

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों से उच्च लक्ष्य रखने और समर्पण, अनुशासन तथा आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने का आग्रह करते हुये कहा है कि शिक्षा केवल आजीविका कमाने का साधन नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनका लक्ष्य अपने ज्ञान के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। राष्ट्रपति ने आज राष्ट्रपति भवन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्रों के एक समूह से बातचीत करते हुये उक्त बातें कही। छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश के हर क्षेत्र और समाज के हर वर्ग का विकास आवश्यक है। महामहिम ने कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय न केवल आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उन्हें अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं को निखारने के अवसर भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। छात्रों को सही अवसरों, अनुकूल वातावरण और उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। साथ ही राष्ट्रपति ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि एकलव्य मॉडल



आवासीय विद्यालयों में लड़के और लड़कियों का अनुपात बराबर है। उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास की दिशा में देश की प्रगति का प्रमाण है। राष्ट्रपति ने छात्रों से उच्च लक्ष्य रखने और समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने का आग्रह किया और कहा कि शिक्षा केवल आजीविका कमाने का साधन नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनका लक्ष्य अपने ज्ञान के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब हमारे युवा रोजगार सृजनकर्ता बनेंगे, तभी देश के समावेशी विकास को और गति मिलेगी। महामहिम ने छात्रों को देश और विश्व में हो रहे समसामयिक घटनाक्रमों और परिवर्तनों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी रखने की सलाह देते हुये कहा कि इससे उन्हें तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के छात्रों के साथ बातचीत जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की गई थी, जो हर वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

मोदी 16-17 नवंबर को फिलीपींस दौरे पर, आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को फ्लीपींस की राजधानी मनीला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह 17 नवंबर को आयोजित होने वाले 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। फ्लीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री का यह दौरा हो रहा है। फिलीपींस वर्ष 2026 में आसियान का अध्यक्ष है और दोनों शिखर सम्मेलनों की मेजबानी करेगा। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भारत और आसियान के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, 2026-2030 की कार्ययोजना के क्रियान्वयन और भविष्य में सहयोग की दिशा पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और आसियान वर्ष 2026 को समुद्री सहयोग वर्ष के रूप में मना रहे हैं। वर्ष 2027 में दोनों के बीच संवाद संबंधों के 35 वर्ष और व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होंगे।

पिछले 25 वर्षों में बहुत कुछ बदल गया : पीएम मोदी

दिवाली मिलन में पीएम ने सुनाये पुराने किस्से, बताया किसे खिलानी पड़ी मिठाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली मिलन समारोह के दौरान मीडियाकर्मियों को छठ और दिवाली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद उनकी भूमिका और दायित्व बदल गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की जिम्मेदारियों और बदलती भूमिका का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, पिछले 25 वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। देश बदला है, दुनिया बदल गई है और राजनीति करने का तरीका भी बदल गया है। तकनीक में आए बदलावों ने मीडिया की दुनिया को भी काफी हद तक बदल दिया है। तकनीक ने पारंपरिक मीडिया संस्थानों के काम को कुछ आसान बनाया है, लेकिन उनके सामने नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं उन्होंने कहा, पहले बड़ी-बड़ी ओबी वैन (आउटडोर ब्रॉडकास्टिंग वैन) के साथ काम करना पड़ता था, लेकिन आज एक मोबाइल फोन ही ओबी वैन बन गया है। अब हर किसी का अपना मंच, अपना चैनल और अपना पॉडकास्ट है। भारत में पहले एक कहावत थी कि हर गली में क्रिकेट का जानकार मिल जाता है। गांव की किसी गली में बैठा व्यक्ति भी बता देता था कि सचिन तेंदुलकर ने कहां गलती की। उन्होंने समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, त्योहारों का समय ऐसा होता है, जब हर कोई अपने घर पर, अपने परिवार के साथ, अपनों के साथ समय बिताने का प्रयास करता है। लेकिन आपका काम ऐसा है कि ब्रेकिंग न्यूज के लिए भागदौड़ लगी रहती है। ऐसी व्यस्तता में आप सभी इस नॉन ब्रेकिंग



न्यूज वाले कार्यक्रम में आए। मैं आप सबका बहुत आभारी हूं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित दिवाली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मेरा लंबे समय से आप सभी के साथ स्वाभाविक जुड़ाव रहा है। प्रेस विज्ञप्तियों से लेकर इंस्टाग्राम रील्स तक, मैंने मीडिया और उसके साथ संवाद के तरीके में लंबे समय के दौरान आए बदलावों को देखा है। मुझे याद है कि 1990 के दशक की शुरुआत में मुझे देशभर में निकाली गई दो बड़ी यात्राओं के दौरान संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। उस समय प्रेस विज्ञप्ति भेजने के लिए भी फैक्स मशीन ढूंढनी पड़ती थी। जब मैं दिल्ली आया, तब भी ये जिम्मेदारियां मेरे पास थीं। उन्होंने कहा, उस समय पार्टी का कार्यालय अशोक रोड पर हुआ करता था। तब भी दिवाली मिलन समारोह आयोजित होता था। इन कार्यक्रमों में मेरी जिम्मेदारी कुर्सियों का इंतजाम करने और आप सभी का ध्यान रखने की होती थी। मैं यही काम किया करता था। उस समय कैमरों की संख्या कम थी, लेकिन आपसी रिश्तों में वही अपनापन और नजदीकी बनी हुई थी।

ट्रक-स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन की मौत

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद जिले में गुरुवार को सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर नगर थाना क्षेत्र के रतनुआ पेट्रोल पंप के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 8 साल के मासूम समेत उसके पिता और नाना की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवादा जिले के पकड़ीबरावां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी 48 वर्षीय राजकुमार चौहान, उनके 8 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार और उनके ससुर भगवान दास के रूप में हुई है। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें भगवान दास के पुत्र नीतीश चौहान, उनकी बहन तथा राजकुमार की पत्नी किरण कुमारी शामिल हैं। सभी घायलों को पहले औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार राजकुमार चौहान मुंबई में नौकरी करते थे। वह पत्नी किरण और बेटे रितेश के साथ बस से बनारस पहुंचे थे। बनारस से उन्होंने अपने ससुर और साले के साथ नवादा स्थित अपने गांव जाने के लिए स्कॉर्पियो बुक की थी। परिवार घर पहुंचने ही वाला था कि रास्ते में ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हादसे के बाद से मृतक के गांव में मातम पसरा हुआ है।

केजरीवाल और बेटी हर्षिता को जान से मारने की धमकी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए सात करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। पैसे नहीं देने पर केजरीवाल और उनकी बेटी की हत्या करने की धमकी दी गई है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के तिलक नगर से विधायक जनैल सिंह को धमकी भरे फोन कॉल और व्हाट्सऐप मैसेज मिले हैं। आरोपी ने विधायक से कहा कि वह यह संदेश अरविंद केजरीवाल तक पहुंचा दें। इसके बाद जनैल सिंह ने 6 नवंबर को मोहाली के एसएसपी से इसकी शिकायत की।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर मांगे 7 करोड़ रुपये



जम्मू-कश्मीर में गोलियों से छलनी मिले दो लापता एसपीओ के शव

जम्मू। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले से गुरुवार सुबह दो लापता स्पेशल पुलिस ऑफिसर के गोलियों से छलनी शव बरामद किए गए. एक दिन पहले वे दूर के दच्छन इलाके से लापता हुए थे. अधिकारियों ने बताया कि मारे गए जवानों के सर्विस हथियार नहीं मिले, जिससे संभावित आतंकवादी एंगल का शक पैदा हो गया. दोनों लोगों की पहचान बाबी चंद (57) और रशपाल कुमार (45) के रूप में हुई है। वे दच्छन के किश्तवाड़ अपने दूर-दराज और जंगली इलाकों में बचे हुए आतंकियों की मौजूदगी को खत्म करने के लिए सिक्योरिटी ऑपरेशन का फोकस बना हुआ है। लगातार काउंटर-इंसर्जेंसी ऑपरेशन में कई एक्टिव टेररिस्ट मारे गए हैं, जिससे जिले में उनकी मौजूदगी काफी कमजोर हुई है। फिर भी अधिकारियों ने कहा कि मुश्किल इलाका और बड़े जंगली इलाके सिक्योरिटी एजेंसियों के लिए ऑपरेशनल चुनौतियां बने हुए हैं. हाल के सालों में कई आतंकी गतिविधि सामने आई है। मौजूद आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में पांच लोग मारे गए, जिनमें चार आतंकवादी और एक आर्मी का जवान शामिल था. 2025 में मरने वालों की संख्या चार थी, जिसमें तीन आतंकवादी और एक आर्मी का जवान शामिल था। 2024 में तीन सुरक्षाकर्मियों और दो आम लोगों की जान चली गई। वर्तमान घटना दिन में पहले दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सीआरपीएफ चौकी पर हुए हमले के बाद हुई संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा चौकी पर की गई गोलीबारी में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के तीन जवान घायल हो गए। वर्तमान घटना दिन में पहले दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले हमलावरों ने दोपहर करीब 2.15 बजे 46वीं सीआरपीएफ बटालियन के सेंट्रल पुलिस कर्मियों पर गोलीबारी की। वर्तमान घटना दिन में पहले दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले यह हमला जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा के गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में वेशो फेस्टिवल में शामिल होने से कुछ घंटे पहले हुआ।

सर्विस हथियार गायब आतंकी साजिश का संदेह

टिकट का प्रिंटआउट नहीं है तो भी कर सकेंगे सफर

मोबाइल बंद होने पर क्या दिखाना होगा, जानिये रेलवे का पूरा नियम

नयी दिल्ली। लंबी दूरी का सफर हो और रास्ते में आराम से नींद भी पूरी हो जाए, तो इससे बेहतर क्या हो सकता है। यही वजह है कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए आज भी बड़ी संख्या में लोग ट्रेन का विकल्प चुनते हैं। भारतीय रेलवे भी यात्रियों के सफर को सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के लिए लगातार नई तकनीक और आधुनिक ट्रेनों पर काम कर रहा है। इसी दिशा में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को खास तौर पर तैयार किया गया है, जिसमें यात्री आरामदायक बर्थ पर सोते हुए अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे। लेकिन नई ट्रेन और नई सुविधाओं के साथ यात्रियों के मन में कई सवाल भी उठते हैं। इनमें सबसे आम सवाल टिकट को लेकर है। क्या वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में सफर करने के लिए टिकट का प्रिंटआउट साथ रखना जरूरी है? क्या मोबाइल में मौजूद ई-टिकट दिखाकर यात्रा की जा सकती है? अगर सफर के दौरान मोबाइल बंद हो जाए या इंटरनेट काम करना बंद कर दे, तब क्या होगा? अगर आप भी इस ट्रेन से यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं, तो इन नियमों को जानना आपके लिए जरूरी है। आज के डिजिटल दौर में रेलवे ने टिकट बुकिंग से लेकर यात्रा तक की प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया है। अब यात्रियों को टिकट बुक कराने के बाद हर बार उसका प्रिंटआउट निकलवाने के लिए साइबर कैफे या स्टेशन के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में भी यात्री अपने मोबाइल फोन पर मौजूद वैध ई-टिकट दिखाकर यात्रा कर सकते हैं। यानी अगर आपने आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से टिकट बुक किया है, तो टिकट का डिजिटल रूप टीटीई को दिखाना पर्याप्त हो सकता है। इसके लिए कागज पर टिकट का प्रिंटआउट लेकर चलना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि यात्रा से पहले अपने मोबाइल में टिकट डाउनलोड करके रख लें। ऐसा करने से इंटरनेट की समस्या आने पर भी टिकट दिखाने में परेशानी नहीं होगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में सफर करने से पहले एक और जरूरी नियम समझ लेना चाहिए। इस ट्रेन में केवल अधिकृत और पात्र टिकट वाले यात्रियों को ही यात्रा की अनुमति होगी। सामान्य तौर पर कन्फर्म टिकट होने पर ही यात्री अपनी निर्धारित बर्थ पर सफर कर सकेंगे। यानी बिना टिकट या अनधिकृत तरीके से ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करना भारी पड़ सकता है। मान लीजिए आपने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का टिकट मोबाइल में डाउनलोड कर लिया है, लेकिन यात्रा के दौरान अचानक आपका फोन बंद हो जाता है। बैटरी खत्म होने या किसी तकनीकी खराबी के कारण मोबाइल ऑन नहीं हो रहा है। ऐसे में आपके मन में घबराहट होना स्वाभाविक है। लेकिन ऐसी स्थिति में परेशान होने के बजाय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए।



इतने साल चुप रहीं मां, अब बतायी अपनी कहानी : प्रियंका

भाजपा पर साधा निशाना कहा- सच कहने का है हक

नयी दिल्ली। कांग्रेस की वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने लंबे समय तक उनकी मां के बारे में झूठ फैलाया, जबकि उनकी मां ने अब अपने संस्मरण में अपनी कहानी खुद लिखी है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण, %बिलोंगिंग= अ जर्नी ऑफ लव% के जारी होने के बाद राजनीतिक हलकों में काफी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। विभिन्न दलों के नेताओं ने इसमें लिखी बातों पर अपनी राय दी है। दिवंगत पद्म श्री पुरस्कार विजेता चेरुवयाल रमन के परिवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, कांग्रेस नेता ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आरोप लगाया कि उन्होंने दशकों तक उनकी मां, सोनिया गांधी के खिलाफ गलत जानकारी फैलाने का अभियान चलाया, जबकि उनकी मां इस दौरान चुप रहीं। प्रियंका गांधी ने कहा, भारत में मेरी मां के वयस्क जीवन के पूरे दौर में, भाजपा, आरएसएस और कई अन्य लोगों ने उनके बारे में जो चाहा, वह कहा। उन्होंने झूठ बोले, मनगढ़ंत कहानियां रचीं और उनके बारे में तरह-तरह की बातें गढ़ीं, लेकिन मेरी मां चुप रहीं। अब, वह अपनी कहानी बता रही हैं। उन्हें ऐसा करने का पूरा अधिकार है। यह अच्छी बात है कि वे इसे पढ़ने के लिए तैयार हैं। इतने लंबे समय तक, उन्होंने (भाजपा ने) मेरी मां के बारे में झूठ फैलाया, और अब वह सच बता रही हैं। मुझे खुशी है कि वे उनकी किताब पढ़ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, समस्या यह है कि यह (केंद्र) सरकार मानती है कि वह किसी भी बात के लिए जनता के प्रति जवाबदेह नहीं है। वे जो चाहें कर सकते हैं और लोग उनसे सवाल नहीं पूछेंगे। और जब लोग, खासकर युवा, सवाल पूछते हैं,



विरोध प्रदर्शन करते हैं और जवाब मांगते हैं, तो सरकार उन्हें पीटकर, जेल में डालकर या विरोध प्रदर्शनों को रोककर चुप कराने की कोशिश करती है। यह लोकतंत्र नहीं है। लोकतंत्र में सरकार जवाबदेह होती है। अगर कीमतें बढ़ती हैं, तो सरकार जवाबदेह है। अगर कोई और समस्या आती है, तो सरकार जवाबदेह है। सरकार जो भी कदम उठाती है, हर एक कदम के लिए वह जनता के प्रति जवाबदेह है। लोकतंत्र यही होता है। हमारा संविधान भी यही कहता है। वायनाड सांसद ने कहा, लोकतंत्र में लोगों को विरोध करने का अधिकार है। यह अधिकार उन्हें संविधान से मिला है। मुझे लगता है कि लोगों को अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करने की छूट मिलनी चाहिए। हां, अगर हिंसा होती है, तो पुलिस को जरूर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि उन्हें कानून के शासन का भी सम्मान करना होता है। लेकिन जब तक विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण है। चाहे वह राज्य सरकारों के खिलाफ हो, या हमारी नीतियों के खिलाफ तब तक इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। वायनाड के सांसद ने गुरुवार को वायनाड के मनंतवाडी में पद्म श्री से सम्मानित दिवंगत चेरुवयाल रमन के आवास का दौरा किया। रमन केरल के एक आदिवासी किसान थे और पारंपरिक धान के बीजों के संरक्षण के लिए जाने जाते थे। उन्हें टिकाऊ खेती और जैव विविधता के संरक्षण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया था।वायनाड के मनंतवाडी स्थित कम्माणा के आदिवासी किसान थलकारा चेरिया रमन, जिन्हें प्यार से %चेरुवयाल रमन% कहा जाता था। उन्होंने चावल की दुर्लभ और देसी किस्मों की खेती की और उन्हें संरक्षित किया। संरक्षण और पारंपरिक खेती के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को देखते हुए, देश ने उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया।

गाजा में फिर बरसे इस्त्राइली बम, सर्जन समेत छह की गयी जान

नयी दिल्ली। इस्त्राइल ने गुरुवार तड़के दक्षिण गाजा के नासिर अस्पलात की एक इमारत पर हवाई हमला किया। गाजा की नागरिक सुरक्षा सेवा के एक प्रवक्ता ने रॉयटर्स को बताया कि इसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। जिनमें एक सर्जन भी शामिल है, और 20 अन्य लोग घायल हो गए। बाद में इस्त्राइली सेना ने कहा कि उसने हमास के एक वरिष्ठ आतंकी और समूह की सशस्त्र शाखा के अन्य सदस्यों को निशाना बनाया था, जो खान यूनिस स्थित अस्पताल के अंदर से अपनी गतिविधियां चला रहे थे। एक बयान में, सेना ने हमास पर आरोप लगाया कि वह अस्पताल परिसर का इस्तेमाल सैन्य अभियानों के लिए एक कमांड सेंटर के तौर पर कर रहा है। इसमें हथियारों को जमा करना, कमांड-एंड-कंट्रोल रूम चलाना, और अस्पताल की सुविधाओं का इस्तेमाल लड़ाकों के लिए निगरानी चौकियों और आश्रय स्थलों के रूप में करना शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इस्त्राइली हवाई हमले में अस्पताल का सर्जरी विभाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चिकित्साकर्मियों ने मारे गए सर्जन की पहचान रेजिक अबूशिरा के रूप में की है। अस्पताल के अंदर कमरों में मलबा और फर्नीचर बिखरा पड़ा है। टूटी हुई छतों से तार लटक रहे थे। हमास के एक प्रवक्ता ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से युद्ध अपराध करार दिया। इस्त्राइल, जिसने इस इलाके में अपने हमले तेज कर दिए हैं, उसका कहना है कि हमास फिर से संगठित होने और अपने हथियारों के जखीरे को दोबारा तैयार करने की कोशिश कर रहा है। हमास का कहना है कि वह एक साल पहले हुए संघर्ष विराम समझौते के प्रति प्रतिबद्ध है। उसने इस्त्राइल पर इस समझौते को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

18 हजार 463 करदाताओं के ओटीएस स्वीकृत, कल तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

उमड़ी भीड़, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी के द्विवेदी ने ली टैक्स विभाग की समीक्षा बैठक, करदाताओं से अपील 15 दिसम्बर तक भुगतान कर परेशानी से बचे

बरेली(आज समाचार सेवा)। नगर निगम द्वारा एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस के तहत 18463 करदाताओ के ओटीएस प्रार्थना पत्र स्वीकृत कर दिये गये। वहीं आज करदाताओं की ओटीएस को लेकर खासी भीड़ नजर आयी। इधर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार द्विवेदी ने सम्पत्ति कर विभाग के टीएस ,आरआई , टीसी की बैठक ली और ओटीएस को लेकर दिशा निर्देश ओटीएस आवेदन की अंतिम तिथि 14 दिसम्बर निर्धारित है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा करदताओं योजना का लाभ उठाने की अपील की गयी है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम द्वारा जनहित में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नागरिकों को वित्तीय राहत प्रदान करने के उद्देश्य से वर्षों से लंबित एवं बकाया चल रहे गृहकर, जलकर तथा सीवरकर पर आरोपित ब्याज को एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पूर्ण रूप से माफ किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा जारी ओटीएस प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, बड़ी संख्या में नागरिकों ने योजना के अंतर्गत आवेदन कर स्वीकृति पत्र प्राप्त कर लिया है, लेकिन अभी तक अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार,ओटीएस स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले कुल 18463 नागरिकों में से केवल 1698 नागरिकों ने कर जमा किया है, जबकि 16765 नागरिकों द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने नगर निगम प्रशासन ने संबंधित करदाताओं से अपील की है कि वे अपने ओटीएस स्वीकृति पत्र के अनुसार निर्धारित बकाया धनराशि का भुगतान 15 दिसंबर 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों ने हृ्रस के अंतर्गत आवेदन किया है तथा



जिनका स्वीकृति पत्र जारी हो चुका है, वे अपने संबंधित जोनल कार्यालय अथवा नगर निगम के निर्धारित भुगतान माध्यम से बकाया कर जमा कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें। भुगतान के पश्चात उसकी रसीद सुरक्षित रखें। इसलिए सभी संबंधित करदाता अंतिम तिथि से पूर्व भुगतान कर अनावश्यक परेशानी से बचें और ओटीएस -2026 योजना का लाभ उठाए।मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा आज समस्त कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, कर समाहर्ताओं एवं लिपिकों की ओ0टी0एस0 से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की गयी, बैठक में आदेशित किया गया कि जिन भवन स्वामियों ने वित्तीय वर्ष 2014-15 से ब्याज व मूलधन को अलग-अलग करने के प्रार्थना पत्र दिये गये है उनके प्रत्येक दशा में 13.11.2026 तक निस्तारण करा दिया जाये। जिससे भवन स्वामी 14.11.2026 तक अपना ओ0टी0एस0 का ऑनलाइन आवेदन करें।

श्री सनातन धर्म मन्दिरः कार्तिक महोत्सव आज से

ऐतिहासिक 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव मनायेंगे, भजनों की फुवार के साथ श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन

बरेली(आज समाचार सेवा)। श्री सनातन धर्म मन्दिर, की स्थापना सन् 1952 में पाकिस्तान से आये हुये पंजाबी समाज के विस्थापितों के लिये एक शरणार्थी कालोनी स्थापित की गयी थी जिसे उस समय रिफ्यूजी कालोनी के नाम से जाना जाता था, बाद में यह पंजाबी कालोनी मॉडल टाऊन के नाम सें प्रसिद्ध हुई। उस समय एक छोटे से कमरे में मंदिर की स्थापना पंडित स्व0 श्री शालिग्राम शर्मा जी के द्वारा की गयी थी। धीरे धीरे समाज सुदृढ़ एवं सम्पन्न होता गया तथा मंदिर का विकास होता रहा। सन् 1996 में मन्दिर का पुर्ननिर्माण किया गया एवं सभी विग्रह अत्यधिक सुंदर एवं भव्यरूप से स्थापित किये गये। सन् 2027 में मंदिर निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण हो जायेंगें। 2027 वर्ष को अमृत महोत्सव वर्ष (हीरक वर्ष) के रूप में मनाया जायेगा इसके अंतर्गत प्रत्येक मास में भव्य धार्मिक आयोजन किये जायेगें और इस अमृत महोत्सव का विश्राम बहुत ही विशाल रूप से कार्तिक पूर्णिमा 2027 को किया जायेगा।श्री सनातन धर्म मन्दिर में कार्तिक मास में पूरे माह विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसके अन्तर्गत प्रातः 05 बजे प्रतिदिन शालिग्राम जी के विग्रह को पंचामृत से अभिषेक कर उनकी 20 विशेष आरतियों से उनकी पूजा अर्चना की जाती है एवं सत्संग किया जाता है। 08 बजे मंगला आरती के साथ उस दिन के प्रातःकालीन सत्र का प्रसादी के साथ विश्राम होता है। यह परम्परा पाकिस्तान से ही चली आ रही है तथा बरेली में मन्दिर की स्थापना से लेकर आज तक मन्दिर के भक्तों के द्वारा प्रत्येक वर्ष चली आ रही है।श्री सनातन धर्म मंदिर, मॉडल टाऊन बरेली गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी कार्तिक महोत्सव बहुत धूम धाम से दिनांक 13 नवम्बर से 24 नवम्बर 2026 तक प्रतिदिन सायं 07:30 बजे से हरि इच्छा तक मना रहा है। जिसके अन्तर्गत 13 नवम्बर को महा संकीर्तन मंदिर महिला मण्डल एवं पुरूष मण्डल के द्वारा होगा। 14 नवम्बर को एक शाम ठाकुर ठकुरानी के नाम, भैया यशु बजाज एवं भैया लवी बहल (बांके स्थल पर विश्राम करेगी। 24 नवम्बर को दोपहर 12 बजे धार्मिक सेवा समिति द्वारा संकीर्तन एवं कार्तिक महोत्सव का विश्राम 12:30 से 03:30 तक प्रभु के अटूट भण्डारे के साथ होगा। इस बार प्रतिदिन कथा विश्राम से पूर्व 20 मिनट



बिहारी क्लब, जगराओं पंजाब) द्वारा होगी। 15 नवम्बर को एक शाम राधा रानी के नाम, श्री कपिल भार्गव (उत्तराखण्ड) द्वारा की जायेगी। 16 नवम्बर को एक शाम श्री खाटू बाबा के नाम, भजन प्रवाहक श्री कुमार गिरिराज शरण जी (जयपुर) द्वारा होगी। 17 नवम्बर से 23 नवम्बर श्रीमत भागवत कथा, स्वामी वरूण दास जी महाराज (वृन्दावनधाम) के मुखारबिन्द से होगा। श्रीमत भागवत कथा से पूर्व 17 नवम्बर को 101 कलश यात्रा सायं 04 बजे श्री रामायण मंदिर माधोबाड़ी से चलकर मॉडल टाऊन भ्रमण करते हुये कथा का समय आरक्षित किया गया है जिसमें जिज्ञासु भक्तगण अपने जीवन को और अधिक सरल एवं सार्थक कैसे बनाये, इस पर पूज्य कथा वाचक जी द्वारा भक्तगणों के प्रश्नों का समाधान किया जायेगा।प्रेस वार्ता में संरक्षक श्री तिलक राज दुसेजा, डा0 के0एम0 अरोरा, श्री कवल नयन सपरा, अध्यक्ष श्री राकेश नरूला जी, रजनीश चान्दना, बृज मोहन कक्कड़, जनक राज अरोरा, उमेश धमीजा, सुनील बांगा अमित पाल, पुनीत अरोरा, पवन चान्दना, अंकित सबलोक, संजीव मुखर्जी, विशाल भसीन आदि उपस्थित रहे।

घाट सजेः नहाय खाय के साथ आज से शुरु होगी छठ पूजा

बरेली (आज समाचार सेवा)। पूर्वांचल का प्रमुख व्रत छठ महापर्व कल शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू होगी। इसके पूर्वांचल से जुड़े लोगों ने घाटों की साफ सफाई कर तैयारियां कर ली हैं। कल पूरे दिन व्रती महिलाएं पूजा का प्रसाद बनाएंगी। सायंकाल लोकी-चावल, चने की दाल, घी, सेंधा नमक और रोटी खाकर व्रत प्रारम्भ करेंगी। अगले दिन शनिवार को खरना के साथ 36 घंटे तक निर्जल व्रत रखा जायेगा। तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व का मुख्य आयोजन नदी और अस्थाई घाटों पर होगा। सोमवार को चौथे दिन उदित होने पर सूर्य को अर्घ्य के साथ व्रत का समापन होगा। पूर्ण पवित्रता और दृढ़ संकल्प के साथ जाने वाले लोक आस्था के इस चतुर्दशी महापर्व का शुभारंभ कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि से नहाय-खाय के साथ होता है। अगले चार दिन इसकी धूम रहती है। संतान प्राप्ति, संत कल्याण व दीर्घायु की कामना से जाने वाले व्रत को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। व्रती महिलाएं कल पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ छठ पूजन के लिए पूरे दिन प्रसाद बनाएंगी। इसमें ठेकुआ, मिठाई पूड़ी, पकौड़ी, खाजा आदि होंगे। सायंकाल व्रत में बिना लहसुन-प्याज की लौकी की सब्जी, चावल, चने की दाल, घी, सेंधा नमक, हरी धनिया, मिर्च और रोटी शामिल हैं। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व का उल्लास पूरे वातावरण में छा जाएगा। यह महापर्व कल 13 नवंबर शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू होगा। अगले दिन 14 नवंबर शनिवार को खरना होगा।, 15 नवंबर रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य और 16 नवंबर सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के बाद महाव्रत का पारण किया जायेगा। यहां न्यू मॉडल रेलवे कालोनी, सुभाषनगर रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के पास कई अस्थाई घाटों को बनाया गया है।



छठ गीतों की गूंज के साथ भारत की पहली 'अमृत भारत 3.0' ट्रेन नई दिल्ली से पटना के लिए रवाना

दिल्ली। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक पहल की है। भारत की पहली अत्याधुनिक 'अमृत भारत 3.0' ट्रेन को 11 नवंबर की मध्य रात्रि छठ पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पटना के लिए रवाना किया गया। ट्रेन के प्रस्थान के समय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पूरा परिसर छठ के पारंपरिक लोकगीतों से गूंज उठा, जिससे यात्रियों में भारी उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भारतीय रेलवे की इस पहल का जोरदार स्वागत किया। अमृत भारत 3.0 ट्रेन को आम और मध्यम वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखकर पूरी तरह आधुनिक तकनीक से डिजाइन किया गया है। इसमें आरामदायक सीटें, बेहतर सस्पेंशन, आधुनिक शौचालय और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षा और गतिः पुश-पुल तकनीक से लैस यह ट्रेन तेज रफ्तार के साथ-साथ झटकारहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। छठ पर्व के दौरान दिल्ली और बिहार के बीच होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह विशेष ट्रेन यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी।

सोशल मीडिया पर मौसेरी बहन कर रही अश्लील कमेंटस,रिपोर्ट दर्ज

बहेडी(आज ब्यूरो)। सोशल मीडिया पर मौसेरी बहन द्वारा अपने स्टाग्राम पर गन्दे गन्दे कामेन्ट, वीडियो,गालियाँ दे रही है। थाना बहेडी मे पीडित युवती की ओर से नामजद रिर्पोट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी संजना पुत्र सत्यपाल सिंह ने रिर्पोट मे कहा है कि उसकी मौसेरी बहन अपनी स्टाग्राम आई डी पर मेरे गन्दे गन्दे कमेन्ट एवं वीडियो और मेरा नाम लेकर धमकी दे रही है।. जब यह बात मैंने अपनी माँ से कही, तब मेरी माँ ने मेरी मौसेरी बहन से फोन पर बात की ., तब मेरी मौसेरी बहन ने कहा . कि मै तो ऐसे ही कमेन्ट, वीडियो, गालिया डालूंगी । जब मौसेरी बहन के पति अरविन्द ठाकूर से कही तो उल्टे उसने मुझे देख लेने की बात की

अतिरिक्त प्रभार देख रहे निरीक्षक अपराध अजय प्रताप सिंह बने मीरगंज थाना प्रभारी

मीरगंज (आज ब्यूरो)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस स्टेशन पर निरीक्षक अपराध के साथ थाना प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार देख रहे अजय प्रताप सिंह को अपराध निरीक्षक पद से मुक्त कर थाना मीरगंज प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। अधीनस्थों को अवश्यक निर्देश दिए हैं।मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बीती तीन नवंबर को पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक अजय प्रताप सिंह को मीरगंज थाने में निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी दी थी। तभी से वह अपराध के साथ साथ थाना प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे थे। बीती रात अजय प्रताप सिंह को एसएसपी ने मीरगंज थाने का नियमित प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। थाना प्रभारी बनने के बाद निरीक्षक अपराध का पद रिक्त हो गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्टाफ के साथ मीटिंग कर अपनी कार्य शैली से अवगत कराया और कहा कि अपराध नियंत्रण, लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारित करना और शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही ईमानदारी से डियूटी करने को भी कहा।



दहेज के लिए प्रताड़ना व मारपीट का आरोप

बिशारतगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम भिंडौरा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए थाना बिशारतगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता फरहा उर्फ फरद फातमा ने बताया कि उसकी शादी को करीब पांच वर्ष हो चुके हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति इमरोज खान दहेज और खर्च के लिए मायके से पैसे लाने का दबाव बनाता है तथा उसके साथ मारपीट करता है। पीड़िता के अनुसार, उसकी मां पहले ही करीब 30 हजार रुपये दे चुकी है, जबकि अब एक लाख रुपये की मांग किए जाने का आरोप है।तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया।

सूचना
मैने अपने पुत्र इस्लाम नवी की गलत हरकतों व दुर्व्यवहार से परेशान होकर, उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा । वहीद पुत्र छोटे बख्स नि0 ग्राम समुहाँ थाना व तह0 नवाबगंज जिला बरेली ।
पीसीनं. ८७९९

व अदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक आंवला जिला बरेली।
मुकदमा टी 202512130225662 सन् 2025
पूरन लाल पुत्र तुरसी राम निवासी ग्राम चन्दूपुरा पोस्ट बरसेर सिकन्दरपुर तहसील आंवला जिला बरेली। -वादी।
बनाम
1. नीलम सिंह पत्नी पंकज सिंह निवासी मो0 बद्धी विहार आवास विकास कालौनी दिल्ली रोड मुरादाबाद। - प्रतिवादी।
चूंकि मुसम्मी वादी पूरन लाल पुत्र तुरसी राम ने आपके विरूद्ध एक नालिस वास्ते धारा-116 उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006 वास्ते बंटवारा आराजी स्थित ग्राम चन्दूपुरा परगना सिरौली तहसील आंवला जिला बरेली के गाटा सं0 170 रकवा 1.4830हे0 भू-राजस्व 36.65 रू0 का दायरा किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 16.11.2026 असालतन या मारफत वकील के जो हालात मुकदमा में वखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतालका के हाजिर हो। वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा आपके विरूद्ध फैसला कर दिया जायेगा। आज तारीख 04.11.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी (व्यायिक)
पीसीनं. ८८०० आंवला

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पति सहित आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

बहेडी (आज ब्यूरो)। दहेज लोभियो द्वारा एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अब्बास नगर निवासी हुसना नूर पत्नी मो 0 पत्नी मुजाहिद हुसैन का . का विवाह अब से एक वर्ष पूर्व मुजाहिद हुसैन पुत्र कमील अहमद निवासी मोहल्ला अब्बास नगर, आजम भाई की गली भोला के घर के बराबर मे मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। उसके भाता पिता ने दान दहेज अपनी हैसियत के अनुसार दिया था शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक चल रहा था । शादी के कुछ दिन बाद से उसका पति दहेज मे मोटरसाइकिल और 2 लाख रुपये देने की मांग करने लगा। न देने पर पति और ससुरालियो ने उसे भारपीट कर घर से निकाल दिया। खाली हाथ वपस लौटने पर जान से मारने की दी जा रही है।[थाना बहेडी मे पति सहित आधा दर्जन लोगों को नामजद कर रिर्पोट दर्ज कराई है।

बरेली सिनेमा जगत में
ता 13 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50
एक और **हिम्मतवाला**
पात्र-चिरंजीवी की ऐक्शन फिल्म

अप्सरा नदी के किनारे दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। क्षेत्र के ग्राम अधकटा नजराना के पास से गुजर रही अप्सरा नदी के किनारे कल बुधवार को मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही इलाके में हड़कम्प मच गया । नदी से निकल कर मगरमच्छ किनारे रेत में धूप सेंक रहा था । हिन्दू सेना के जिलाध्यक्ष अजय पटेल ने वन विभाग से मगरमच्छ को पकड़ कर सुरक्षित स्थल पर छुड़वाने की मांग की , लेकिन देर तक कोई नहीं पहुंच सका था और इस बीच मगर मच्छ नदी के पानी में सरक गया ।

जनता ने इस बार जिताया तो कैबिनेट भी मिलेगी - भगवत

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। सपा की कार्यकर्ता बैठक मे आज पूर्व मन्त्री भगवत सरन गंगवार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अभी से विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की । एक वार्ता में पूर्व मन्त्री पार्टी के टिकट को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर विराम लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख ने बहेड़ी , भजीपुरा व कैण्ट से प्रत्याशियों के चयन के साथ ही यहां से उन्हें हरी झण्डी देने के साथ ही पार्टी की सरकार बनने पर कैबिनेट का दर्जा देने का खुला आश्वासन दिया है। श्री गंगवार ने भाजपा को मात्र घोषणाबाज पार्टी बताते हुए कहा कि कोरी लफ्फाजी के अलावा भाजपा ने प्रदेश व देश की जनता को कुछ नहीं दिया है जबकि सपा ने एतिहासिक विकास के साथ ही कन्यायों की शिक्षा निशुल्क करने के साथ डायल 112 व102 जैसी अप्रतिम सुविधाएं लागू की तो वहीं किसानो के लिए सिंचाई फ्री करने जैसी नीतियां शुरू की । जबकि भाजपा ने मात्र बांटों और राज करो की नीति पर ही अमल किया है।

101 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली श्रीमद्भागवत कथा शुरू

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला नगर में गुरुवार को 101 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा मोहल्ला महाराजपुरम स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर से शुरू हुई और घनश्याम पैलेस में पहुंचकर पूरी हुई। यहां सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा होगी। पीले वस्त्र पहने महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा रामनगर रोड, सरगम टॉकीज और अब्दुल कलाम पार्क से होकर गुजरी। रास्ते में नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। आयोजन समिति के अनुसार, कथा वाचक सुशील मिश्रा रोज शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक कथा सुनाएंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से कथा में शामिल होने की अपील की है। यात्रा में सपना अग्रवाल, लक्ष्मी शर्मा, चित्रा माहेश्वरी, छवि कश्यप, ऋचा, प्रभात खंडेलवाल, नीतू खंडेलवाल, आशीष शर्मा और रामकुमार खंडेलवाल समेत कई श्रद्धालु शामिल हुए।

दस वांछितो को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्यवाही

मीरगंज बरेली। स्थानीय थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दस आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार करके। शांतिभंग में एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस स्टेशन पर विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दस आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है जिनमें सुहेल पुत्र फहीम, फुरकान पुत्र रहीश अहमद, अमान पुत्र जाबिर हुसैन, चांद बाबू पुत्र जहाज अहमद और आमिर पुत्र इजाज अहमद निवासी गण मोहल्ला सूफीटोला कस्बा मीरगंज, फैजल खान पुत्र खलील खान निवासी गांव तिलमास मीरगंज, लीलाधर पुत्र मोहर सिंह, जगदीश पुत्र मोहर सिंह और शेर सिंह पुत्र तुलाराम निवासी गण खमरिया आजमपुर मीरगंज और सुनील पुत्र छेदा लाल निवासी सैंजना मीरगंज को गिरफ्तार करके शांतिभंग में चालान एसडीएम कोर्ट में भेजा जहां सभी को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

हलचल

परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं 17 से

मीरगंज (आज ब्यूरो)। परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 से प्रारंभ होकर 21 नवंबर तक होंगी। लिखित परीक्षाएं प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएंगी । परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की घड़ी नजदीक आ गई है। पांच दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा में कक्षा दो से आठ तक के विद्यार्थी अपनी शैक्षिक उपलब्धियों का आंकलन कराएंगे। बीईओ डॉ. जगदीश कुमार ने प्रधानाध्यापकों समेत पूरे स्टाफ को आवश्यक तैयारियां पूरी करने तथा शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।छमाही परीक्षाएं 17 से 21 नवंबर तक आयोजित होंगी। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक चलेगी, जबकि दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक आयोजित होगी। कक्षा एक के बच्चों को लिखित परीक्षा से अलग रखा गया है। परीक्षा के अंतिम दिन कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के सभी विषयों का मौखिक मूल्यांकन कराया जाएगा। दूसरी ओर, कक्षा छह से आठ तक के बच्चों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा, स्काउटिंग, बेसिक क्राफ्ट समेत अन्य निर्धारित गतिविधियों की परीक्षाएं होंगी।

न्यूज अपडेट

किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म ,रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज (आज ब्यूरो)। शाही थाना क्षेत्र के एक गाँव में माता पिता की गैर मौजूदगी में एक युवक ने घर में अकेली किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया है। घर लौटने पर माता पिता को किशोरी ने सारी घटना बताई जिस पर परिजनों ने आज शाही थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाही थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने बताया कि कल बुधवार को वह अपने पति के साथ शाही के भमौरा गाँव में बुआ के निधन पर शोक जताने को गए थे और उसकी बारह वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। शाम को घर लौटने पर उसकी बेटी ने बताया कि शाम पांच बजे गांव निवासी युवक राजवीर उर्फ छोटू उसके घर में घुस गया और जबरन उसके साथ जबरदस्ती की। आज गुरुवार की सुबह किशोरी के परिजन उसे लेकर शाही थाना पहुंचे और तहरीर देकर घटना की बाबत अवगत कराया। पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सीओ अजय कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है । पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

लाखों की अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना पुलिस ने बताया कि तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 1 किलो 519 ग्राम अफीम और तस्करी में इस्तेमाल स्कॉर्पियो मिली। अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, 11-12 नवंबर की रात उपनिरीक्षक राजेश कुमार हेड कांस्टेबल कामेश्वर सिंह और कांस्टेबल सोनू व गौतम कुमार के साथ भमोरा-बरेली मार्ग पर गश्त कर रहे थे। ग्राम रमनगला पहुंचने पर मुखबिर ने बताया कि ग्राम मोतीपुरा से पहले अधूरी दुकानों के पास स्कॉर्पियो के नजदीक तीन संदिग्ध खड़े हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सनील पुत्र शाकिर, निवासी मोहल्ला अलीगंज अड्डे के पीछे, आंवला; अशरफ शाह पुत्र भूरे शाह और अनीश पुत्र जातून शाह, दोनों निवासी मोहल्ला हैदरगंज, थाना अलीगंज बताए। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे झारखंड से कम दामों में अफीम लाकर ऊंचे दामों पर बेचते थे। मुनाफा आपस में बराबर बांट लेते थे। घटना वाली रात वे अफीम बेचने पंजाब जा रहे थे। स्कॉर्पियो अशरफ शाह की है। पुलिस से बचने के लिए उन्होंने गाड़ी के पिछले हिस्से में नंबर प्लेट नहीं लगाई थी पुलिस ने तीनों के खिलाफ आंवला थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत केस दर्ज किया है। जरूरी कार्रवाई के बाद उन्हें अदालत में पेश किया जा रहा है।

दो पक्षों में हुई मारपीट, कई घायल

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी वेदराम पुत्र बेचेलाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका बेटा कंटेनर गाड़ी चलाता है।दीपावली के त्योहार पर घर आया था रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर गांव के ही सुखबीर पुत्र राजवीर अतुल पुत्र पोशाक की पोशाक पुत्र रामदीन द्वारा गाड़ी हटाने को कहा गया तो उसका बेटा गाड़ी को हटाने लगा गाड़ी हटाते समय इन सब लोगों ने एक राय होकर मेरे पुत्र को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया जब बचाने पहुंचा तो इन लोगों ने मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिया चीख पुकार सुनकर मेरी लड़की भावना मौके पर पहुंची तो उसे भी जमीन पर गिरकर मारा पीटा उक्त दबंग लोगों द्वारा अपने घर से अवैध तमंचा लाकर जान से मारने की धमकी दी गई।डरकर हम सभी लोग अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग खड़े हुए थाने पहुंचकर शिकायती पत्र दिया पुलिस ने वेदराम पुत्र बेचेलाल की तहरीर पर इन लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार हेतु फरीदपुर चिकित्सालय भेजा है।थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया मारपीट की तहरीर आई है।मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तालाब में मिला स्कूल चौकीदार का शव

आंवला(आज ब्यूरो)। सिरौली-अलीगंज मुख्य मार्ग पर सत्तार नगर मोड़ के पास गुरुवार सुबह तालाब में एक बुजुर्ग का शव मिला। उनकी पहचान पास के निजी स्कूल के चौकीदार के रूप में हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है राहगीरों ने तालाब में शव उतराता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। अलीगंज थाना प्रभारी नीरज सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गयापुलिस ने मृतक की पहचान बिशारतगंज थाना क्षेत्र के नंदगांव निवासी 60 वर्षीय रूम सिंह, पुत्र मनीराम के रूप में की। परिजनों के मुताबिक, रूम सिंह इलाके के जगमाल शिक्षा निकेतन स्कूल में चौकीदार थे थाना प्रभारी नीरज सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि रूम सिंह तालाब तक कैसे पहुंचे और उनकी मौत किन हालात में हुई, यह अभी साफ नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घर में घुसकर पत्नी व परिवार से अभद्रता

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना क्षेत्र के खनगांव श्याम गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को लाठी-डंडों से पीटा गया। आरोप है कि हमलावर उसके घर में घुसे और पत्नी व परिवार के सदस्यों से अभद्रता की। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के गौरव सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे वह गांव की मढ़ी के पीछे अपना खेत देखने जा रहे थे। रास्ते में गांव के बब्लू सिंह पुत्र प्रमोद, विशाल पुत्र प्रमोद और प्रमोद पुत्र रमेश ने उन्हें घेर लिया। गौरव के मुताबिक, तीनों के हाथों में लाठी-डंडे थे। उन्होंने गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों व डंडों से पीटा। मारपीट में गौरव की बाईं आंख, गाल और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोप है कि घर लौटने पर तीनों आरोपी पीछा करते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने गौरव की पत्नी और परिवार के सदस्यों से अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी आंवला कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गाली देने का विरोध करने पर युवक पर फरसे से हमला

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना क्षेत्र के तिगरा खानपुर गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक पर हमला किया गया। आरोप है कि गांव के चार सगे भाइयों ने लाठी-डंडों और फरसे से उस पर वार किया। युवक के सिर में चोट आई। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के रहने वाले आरिफ पुत्र नेक्सू ने पुलिस को बताया कि 7 नवंबर की रात वह सामान लेने गांव की दुकान पर गया था। वहां अंकित पुत्र नन्हे शराब के नशे में पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरिफ ने विरोध किया तो अंकित ने फोन कर अपने भाइयों सोनू, पवन और रवि को बुला लिया। आरिफ का आरोप है कि चारों भाइयों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों से पीटा। इसी दौरान उसके सिर पर फरसे से वार किया गया। आरिफ ने भागने की कोशिश की तो अंकित फरसा लेकर उसके पीछे दौड़ा। आरोपियों ने धमकी दी कि थाने में शिकायत करने पर उसे जान से मार देंगे और गांव में नहीं रहने देंगे आरिफ ने बताया कि वह रातभर घर नहीं जा सका और छिपकर रहा। अगले दिन वह थाने पहुंचा और पुलिस से सुरक्षा मांगी। उसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आंवला पुलिस ने आरिफ की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनगणना व मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय तहसील सभागार में गुरुवार दोपहर जनगणना-2027 व मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर ग्राम प्रधानों व कोटेदारों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीएम निधि शुक्ला ने की।एसडीएम ने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना का चरण चलेगा। सभी प्रधान व कोटेदार गांव में अधिक से अधिक स्वगणना कराएं और प्रगणकों का सहयोग करें। मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर को होगा। 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे। अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।इसके बाद थाना प्रभारियों के साथ वल्नरेबल व क्रिटिकल बूथों के चिन्हांकन को लेकर भी बैठक की गई। सभी को जल्द सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में तहसीलदार आशीष कुमार सिंह , प्रभारी निरीक्षक मीरगंज अजय प्रताप सिंह समेत विभिन्न विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक्टिवा सवार दम्पत्ति घायल

बरेली (आज समाचार सेवा)। इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पास श्री श्याम मंदिर के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक्टिवा स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित के बेटे ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। चक महमूद सकलैन नगर निवासी इरफान खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 नवंबर 2026 की रात करीब 8:34 बजे उनके माता शबनम बी और पिता इशरत खान एक्टिवा स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पास श्री श्याम मंदिर के सामने तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके माता-पिता को काफी चोटें आई। इरफान ने पुलिस से अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने तथा कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

मारपीट मामले में सात के खिलाफ दी तहरीर, जांच शुरू

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के ग्राम नदौसी में मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी पंकज शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 8 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे अर्जुन कश्यप और अंकुश कश्यप समेत नौ लोगों ने उनके और उनके तीन साथियों के साथ मारपीट की। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के मुताबिक हमलावरों ने मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर में अर्जुन कश्यप पुत्र रामपाल और अंकुश कश्यप पुत्र प्रेमपाल को नामजद करते हुए सात अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पंकज शर्मा ने थाना सीबीगंज में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

ई रिक्शा कार में टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसी, दुकानदार हुआ चोटिल पुलिस ने भेजा अस्पताल

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। गुरुवार शाम को रबर फैक्ट्री कॉलोनी गेट के पास बरेली की तरफ से आ रही तेजरफ़्तार अनियंत्रित एक टुकटुक ने कॉलोनी में जा रही कार मे टक्कर मार दी। इसके बाद ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खुली दुकान में जा घुसी। हादसे के समय दुकान में बैठे सतुईया खास निवासी विजेंद्र पाल सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में विजेंद्र पाल सिंह के कमर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रवीन कुमार व चौकी प्रभारी आदेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

जाको राखे साईयां मार सके न कोय : तमंचे से फायर झोंका, बाल-बाल बचा, रिपोर्ट दर्ज

बरेली (आज समाचार सेवा)। गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को इतना भारी पड़ गया कि दबंग ने सीधे तमंचा निकालकर उस पर गोली चला दी। अचानक हुए जानलेवा हमले से युवक की जान पर बन आई लेकिन गोली उसे छूकर भी नहीं निकली। जान बचने के बाद युवक ने आरोपी से तमंचा छीनने की कोशिश की तो हाथापाई में उसकी उंगली भी जख्मी हो गई। मामला बारादरी थाना क्षेत्र के गंगापुर का है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। नई बस्ती माधोबाड़ी निवासी अनुराग पुत्र तेजपाल ने पुलिस को बताया कि वह गंगापुर स्थित अपने रिश्तेदारों के यहां जा रहा था। इसी दौरान रिश्तेदार की गली में मठिया के पास रहने वाला निखिल पुत्र पप्पू उसे मिल गया। आरोप है कि निखिल ने बिना किसी बात के उसे गालियां देना शुरू कर दिया। अनुराग ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी आगबबूला हो गया। आरोप है कि गाली देने से रोकने पर निखिल ने तमंचा निकाल लिया और अनुराग पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। अचानक चली गोली से युवक सहम गया, लेकिन किस्मत अच्छी थी कि गोली उसे नहीं लगी। हमले के बाद अनुराग ने आरोपी के हाथ से तमंचा छीनने की कोशिश की। इस



दौरान दोनों के बीच छीना-झपटी हुई, जिसमें अनुराग की उंगली में चोट आ गई। घटना के बाद अनुराग ने बारादरी थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी और निखिल के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गाली देने से रोकने पर युवक पर तमंचे से गोली चलाने की इस घटना ने इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ठगी व फर्जीवाड़े के मामलों में दो फर्जी आईएएस बहनों की जमानत अर्जी खारिज

बरेली (आज ब्यूरों)। थाना बारादरी में आरोपी दो बहनों डॉ. विप्रा शर्मा और शिखा पाठक के खिलाफ दर्ज करीब ढाई दर्जन मामलों में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-प्रथम) नरेंद्र कुमार की अदालत ने एक साथ 30 जमानत अर्जियां खारिज कर दीं। इन शातिर महिलाओं पर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झूठा झांसा देकर लाखों रुपये की भारी रकम ऐंठने और उन्हें जाली नियुक्ति पत्र बांटने का गंभीर आरोप है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सचिन जायसवाल ने अदालत में बेहद दमदार बहस की, जिसके चलते आरोपियों को कोई राहत नहीं मिल सकी। हालांकि, बचाव पक्ष के वकीलों ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए दोनों बहनों को पूरी तरह निर्दोष साबित करने की भरपूर कोशिश की और उनके मामा रमाकांत पाठक का एक शपथ पत्र भी अदालत में पेश किया। उनका तर्क था कि डॉ. विप्रा ने किसी भी तरह का आर्थिक लेन-देन नहीं किया है और न ही कोई फर्जी पत्र दिया है, जबकि शिखा की ओर से दलील दी गई कि उनके बैंक खातों में ऐसा कोई भी संदिग्ध लेन-देन नहीं मिला है और एफआईआर में भी उन पर कोई सीधा आरोप नहीं है। बचाव पक्ष आरोपों के संबंध में अदालत को कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सका। मामलों में पर्याप्त आधार न मानते हुए अदालत ने सभी 30 जमानत अर्जी नामंजूर कर दीं।

आदर्श का चरम उत्कर्ष है बाल रामायण :डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। सत्संग और सत्साहित्य के अध्ययन से मानव के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन संभव है ।यदि हम अपने जीवन को सुखमय ,आदर्शमय और मर्यादा के साथ जीना चाहते हैं, अपने साथ-साथ परिवार समाज एवं राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाना चाहते हैं तो हमें मानवीय दृष्टिकोण के साथ अपनी आराध्यों , अपने पूज्य पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को ध्यान में रखकर अपने हृदय में ,अपने विचारों में, मन मस्तिष्क में ,राष्ट्र धर्म के प्रति आदर का भाव रखने तथा उसको अपने व्यवहारिक जीवन में आचरित करना नितांत आवश्यक है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन ऐसा ही मानवीय करुणा ,सत्य , तप एवं त्याग के मूल्यों व सिद्धांतों पर संचालित होने के साथ-साथ जन-जन के लिए परम हितकारी था ।वर्तमान संदर्भ में हम अपनी भावी



भारत की पीढ़ी के लिए श्री राम के आदर्शों द्वारा उनमें प्रेम ,सद्भाव ,धार्मिक एवं सामाजिक एकता और एक दूसरे के प्रति परस्पर सहयोग एवं सहानुभूति के भाव उत्पन्न करना बहुत ही सहज, सरल एवं अनुकरणीय है। हम उनके हृदय में प्रभु राम के आदर्शों के साथ-साथ आत्म गौरव के भाव जगा सकते हैं ताकि वे अपनी सनातन संस्कृति का संरक्षण कर सकें ।उपयुक्त विचार बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने आज दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय बरेली की बालसभा में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिवलेश चंद्र पांडेय, सहायक अध्यापक श्री विपिन गंगवार ,श्रीमती स्मिता भदौरिया ,सुश्री इशिका एवं श्री रूप किशोर को श्री राम पटका पहनाकर एवं बाल रामायण परिचायिका की प्रतियां भेंट कर सम्मानित किया।

सीनियर फुटवाल मण्डलीय टीम चयनित

बरेली (आज समाचार सेवा)। देवी पाटन में 16 से 23 नवम्बर तक आयोजित होने वाली पण्डित दीन दयाल सीनियर फुटवाल



प्रतियोगिता के लिए मण्डलीय टीम का चयन किया गया। जिसमें अभिषेक सोनकर, धनराज सोनकर, राम त्रिपाठी पीलीभीत, मो. फरदीन, देवेश कुमार, साहिल, आयुष, अशोक कुमार शाहजहांपुर, अर्जुन कश्यप, रूपेन्द्र कुमार बदायूं, आयुष गंगवार, वैभव कुमार, अर्जुन प्रजापति, दिव्यांश मौर्य, यश यादव, ईशान अली, अतिरिक्त में राजेश कश्यप, जयंस कुमार, देव राठौर व शिवम दिवाकर बरेली शामिल हैं। टीम मैनेजर अविनाश कुमार शर्मा होंगे।

नन्हे सपनों को मिली खुशियों की रोशनी, मासूम मुस्कानों के नाम रहा नंदीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन का पंच दिवसीय दीपोत्सव

बरेली (आज समाचार सेवा)। नंदीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए नंदीक्षा पाठशाला का संचालन करती है। इसी क्रम में पाठशाला के बच्चों के साथ-साथ अन्य जरूरतमंद एवं वंचित बच्चों को शामिल कर पंच दिवसीय दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के पावन पर्व हर्षौल्लास के साथ मनाए गए। बच्चों को त्योहारों के महत्व से परिचित कराया गया साथ में मिठाइयाँ और उपहार बाँटकर उनके साथ खुशियाँ साझा की गईं। संस्था की अध्यक्षा नंदा राणा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ खुशहाल बचपन और बेहतर भविष्य देना है। त्योहारों की असली खुशी दूसरों के जीवन में मुस्कान बाँटने में है। कार्यक्रम में अध्यक्षा नंदा राणा, उपाध्यक्ष आलोक कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ सचिव महेंद्र सिंह गंगवार, सचिव जितेंद्र सिंह राणा, सचिव ब्रजेश सक्सेना, प्रीति शर्मा, पायल मौर्य, सुमन एवं श्वेता सहित स्थानीय नागरिक और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। यह पंच दिवसीय दीपोत्सव बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनके दिलों में खूबसूरत यादें छोड़कर संपन्न हुआ।



नत्थू रमपुरा स्कूल में हुआ मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। ब्लॉक बिथरी चैनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय नत्थू रमपुरा में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत द टाइम्स ऑफ इंडिया संस्था की ओर से आपदा सुरक्षा ऑडिट किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों की टीम ने करीब चार से पांच घंटे तक विद्यालय के प्रत्येक हिस्से का निरीक्षण किया। ऑडिट टीम में डिजास्टर एक्सपर्ट राजेंद्र कुमार, फायर एक्सपर्ट बबलू कुमार और सिविल इंजीनियर अवनीश यादव शामिल रहे। टीम ने विद्यालय के भौतिक परिवेश का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही विद्यालय में मौजूद कमियों और आवश्यक सुधारों को चिह्नित किया, ताकि भविष्य में बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके।इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गुले राना, आईजा बेला, नीरज रानी, ममता कुमारी, कमलेश, सफाईकर्मी महेंद्र कुमार तथा आंगनबाड़ी केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कुलपति आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय में स्थापित होगा 'भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसंधान केंद्र

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में जल्द ही 'भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसंधान केंद्र' की स्थापना की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय जी के दूरदर्शी नेतृत्व, कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणादायी पहल से यह महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इस विषय में कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की कार्य समिति से प्रस्ताव पारित करा लिया गया है और केंद्र की स्थापना की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुलपति आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय का यह प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीतिके दृष्टिकोण के अनुरूप है। उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय भारत की गौरवशाली ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने, उस पर अनुसंधान करने और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केंद्र विज्ञान, गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, योग, दर्शन और शासन जैसे विविध क्षेत्रों में भारत के प्राचीन ज्ञान और उपलब्धियों का गहन अध्ययन और प्रसार करेगा।के मानदंडों के अनुसार, यह केंद्र



भारतीय ज्ञान प्रणाली को मुख्यधारा के पाठ्यक्रम में एकीकृत करने में सहायक होगा, जिससे शिक्षा को अधिक समग्र, मूल्य-आधारित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक बनाया जा सके, जबकि यह भारतीय ज्ञान में पूरी तरह से निहित रहे। इस केंद्र की स्थापना का एक प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि शिक्षार्थी और शोधार्थी यह समझ सकें कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली या पाश्चात्य ज्ञान परंपरा से किस प्रकार भिन्न है। समग्र दृष्टिकोण (Holistic vs. Fragmented): वर्तमान आधुनिक ज्ञान प्रणाली मुख्य रूप से विश्लेषणात्मक और खंडों में विभाजित है। वहीं, भारतीय ज्ञान परंपरा 'समग्र' है। यहाँ ज्ञान को कभी भी विज्ञान, कला, दर्शन या धर्म के रूप में अलग नहीं किया गया, बल्कि यह जीवन के हर पहलू को एक दूसरे से जोड़कर देखती है। कमूल्य-आधारित एवं नैतिक आधुनिक शिक्षा प्रणाली अधिकांशत: भौतिक लाभ, रोजगार और उपयोगितावाद पर केंद्रित है। भारतीय ज्ञान परंपरा ज्ञान को केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि 'चरित्र निर्माण' और 'आत्म-साक्षात्कार' का माध्यम मानती है। यहाँ ज्ञान का उद्देश्य 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ समाज और प्रकृति का कल्याण है। कप्रकृति एवं पर्यावरण के साथ सामंजस्य: आधुनिक विकास मॉडल प्रकृति के दोहन पर आधारित रहा है, जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति और मानव के बीच सह-अस्तित्व और सामंजस्य पर बल दिया गया है। क आत्म-चिंतन और अनुभव भारतीय ज्ञान केवल किताबी सूचना नहीं है, बल्कि यह अनुभव, ध्यान और आत्म-चिंतन से प्राप्त किया गया व्यावहारिक ज्ञान है। विश्वविद्यालय का पूरा परिवार इस ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के लिए कुलपति महोदय आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। इस केंद्र के माध्यम से विश्वविद्यालय भारत के युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ने और उन्हें वैश्विक स्तर पर भारतीय ज्ञान के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में स्थापित करने का कार्य करेगा।

एआईआरएफ ने रेलवे बोर्ड के समक्ष उठाए कर्मचारियों के अहम मुद्दे

कैडर रीस्ट्रक्चरिंग पर भी हुई बात और कर्मचारियों के ड्रेस कलर एवम् एलडीसीए ओपन टू ऑल पर भी हुई सार्थक चर्चा


बरेली (आज समाचार सेवा)। दिल्ली में हुई रेलवे बोर्ड के समक्ष



आज ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में सहायक महामंत्री बसंत चतुर्वेदी एवं अन्य पदाधिकारियों ने रेलवे बोर्ड में मेंबर इंफ्रास्ट्रक्चर एवं PED/IR ,AM/HR ,ED/EN एवम रेलवे बोर्ड के अन्य मेंबरों के साथ रेल कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं पर विस्तारपूर्वक पार्ट PNM के सभी मदो पर बेहद संजीदगी से वार्ता हुई। बैठक में इज़्ज़तनगर वर्तमान में रेलवे में पीडी आईआर श्रीमती रेखा यादव भी उपस्थित रहीं। एआईआरएफ की ओर से जे.आर.भोसले, एस.के.त्यागी, मुकेश माथुर एवं एल.एन. पाठक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कैडर रीस्ट्रक्चरिंग एवं पदोन्नति का भी प्रमुखता से उठा। बैठक के दौरान कैडर रीस्ट्रक्चरिंग के महत्वपूर्ण मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया, जिसे रेलवे बोर्ड द्वारा गंभीरता से लिया गया। विशेष रूप से इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैक मेंटेनरों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए LDCE (Open to All) अथवा GDCE के अंतर्गत पदोन्नति के अवसर बढ़ाने के संबंध में प्रस्ताव रखा गया। इसके तहत संबंधित रिक्तियों में 25 प्रतिशत अतिरिक्त पद रखने का सुझाव दिया गया, जिससे कर्मचारियों को पदोन्नति के अधिक अवसर मिल सकें। एस्कॉर्टिंग स्टाफ एवं वेंडरों की अलग-अलग ड्रेस का मुद्दा। बैठक में एस्कॉर्टिंग स्टाफ की यूनिफॉर्म एवं वेंडरों की यूनिफॉर्म को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। AIRF की ओर से मांग रखी गई कि एस्कॉर्टिंग स्टाफ और वेंडरों की ड्रेस एक जैसी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि दोनों की जिम्मेदारियां एवं कार्यक्षेत्र अलग-अलग हैं। इस संबंध में वेंडरों के लिए अलग यूनिफॉर्म निर्धारित करने पर सहमति बनी, ताकि यात्रियों के बीच एस्कॉर्टिंग स्टाफ और वेंडरों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके। AIRF प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों के हितों, पदोन्नति के अवसरों, कैडर विकास एवं कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए रेलवे बोर्ड के समक्ष अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखा। बैठक में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा कर्मचारी हितों में आवश्यक कदम उठाने की अपेक्षा व्यक्त की गई। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन रेल कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान, बेहतर सेवा परिस्थितियों एवं कल्याण के लिए निरंतर संघर्षरत एवं प्रतिबद्ध है। यह जानकारी नरमू के मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन ने दी है।

शिव महात्मय कथा के पहले दिन कलश यात्रा के बाद शिव कथा का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया

बरेली (आज समाचार सेवा)। बिहारीपुर खत्रियान स्थित रघुनाथ मंदिर पर 12 से 18 नवंबर तक शिव महात्मय कथा का आयोजन किया गया। कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सिर पर कलश रखकर श्रद्धालुओं ने जयकारा लगाते हुए रघुनाथ मंदिर से प्रारंभ कर



अनेक मुहल्ले में घूमकर लोगों को आमंत्रित किया और तत्पश्चात् रघुनाथ मंदिर पर समापन किया। बाद में प्रवाचक पं. प्रकाश पांडे ने शिव पुराण महात्मय की कथा को सुनाकर वातावरण धर्ममय कर दिया। उन्होंने शिव को अनादि, अनंत और शाश्वत और कल्याणक शक्ति का प्रतीक देवता बताया। कथा के मुख्य यजमान मुनीश कक्कड़ ने बताया कि मानवता के कल्याण के लिए वो 12 से 18 नवंबर तक रघुनाथ मंदिर में वो शिव महात्मय की कथा सम्पन्न करा रहे हैं। गीत, भजन और कीर्तन की धारा मोनू पांडे एवं सोनू पांडे बहाएंगे। आज की कथा में मुख्य सहयोग इंद्रदेव त्रिवेदी, सचिन पाठक, अनुज रस्तोगी, मोनू पांडे, सोनू पांडे, सी पी सिंह, कल्पना पांडे, सूर्यप्रकाश गुप्ता का रहा।

सूर्य उपासना, संतान की मंगलकामना व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का महापर्व है छठ

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारतीय सनातन संस्कृति में छठ पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, तपस्या, अनुशासन, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम प्रतीक है। पूर्वांचल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला यह महापर्व सूर्यदेव और छठी मैया को समर्पित है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाने वाला यह चार दिवसीय पर्व हमें प्रकृति के उन उपहारों का सम्मान करना सिखाता है, जिनके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। **आखिर क्यों मनाया जाता है छठ पर्व** सनातन धर्म में सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। सूर्य ही पृथ्वी पर ऊर्जा, प्रकाश और जीवन का प्रमुख आधार हैं। ऋग्वेद में सूर्य की उपासना के अनेक मंत्र मिलते हैं। गायत्री मंत्र में भी सविता देवता की उपासना के माध्यम से बुद्धि को प्रकाशित करने की प्रार्थना की गई है। छठ पर्व में अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य दोनों को अर्घ्य दिया जाता है। यह परंपरा जीवन का एक गहरा संदेश देती है कि हमें उन्नति के समय ही नहीं, बल्कि अस्त होते समय भी सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। डूबते सूर्य को अर्घ्य देना विनम्रता और उगते सूर्य की आराधना करना नई ऊर्जा, आशा और सकारात्मकता का प्रतीक है। **शास्त्रों और पुराणों में छठी मैया का महत्व** मार्कण्डेय पुराण में वर्णित देवी प्रकृति के स्वरूप और उनके छह अंशों की मान्यता के अनुसार षष्ठी देवी का विशेष महत्व बताया गया है। इन्हें ब्रह्मा की मानस पुत्री तथा बच्चों की रक्षा करने वाली देवी के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। लोक परंपराओं में छठी मैया को सूर्यदेव की बहन माना जाता है। इनकी पूजा संतान की रक्षा, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से की जाती है। महाभारत में कुंती और कर्ण से जुड़े सूर्य उपासना के प्रसंग भी मिलते हैं। कर्ण को सूर्यपुत्र कहा गया है और उनकी सूर्य आराधना की परंपरा प्रसिद्ध है। लोकमान्यताओं में द्रौपदी द्वारा भी सूर्य उपासना और व्रत करने का उल्लेख मिलता है। ये प्रसंग सूर्य उपासना की प्राचीन धार्मिक परंपरा को दर्शाते हैं। **चार दिनों की कठिन साधना का विधान** छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन व्रती स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना होता है, जिसमें दिनभर उपवास के बाद शाम को प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को नदी, तालाब अथवा जलाशय के किनारे अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन प्रात:काल उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाता है। इस दौरान स्वच्छता, पवित्रता, सात्विक भोजन, नियम और संयम का विशेष ध्यान रखा जाता है। बांस के सूप, फल, ठेकुआ और पारंपरिक प्रसाद इस पर्व की सांस्कृतिक पहचान हैं। **व्रत करने वालों को क्या मिलता है लाभ** छठ व्रत का सबसे बड़ा लाभ आध्यात्मिक और मानसिक अनुशासन के रूप में देखा जाता है। कठिन नियमों का पालन व्यक्ति में आत्मसंयम, धैर्य, संकल्प शक्ति और सकारात्मक सोच विकसित करने की प्रेरणा देता है। परिवार के सदस्य एक साथ पूजा की तैयारी करते हैं, जिससे पारिवारिक एकता और सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है। धार्मिक मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक छठी मैया और सूर्यदेव की आराधना करने से संतान की रक्षा, परिवार की खुशहाली, आरोग्यता और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हालांकि व्रत को किसी बीमारी का चिकित्सकीय उपचार नहीं समझना चाहिए। निर्जला उपवास सभी के लिए सुरक्षित नहीं है। मधुमेह, हृदय, किडनी अथवा अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को व्रत रखने से पहले चिकित्सकीय सलाह अवश्य लेनी चाहिए। **प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश** छठ पर्व की एक विशेषता यह भी है कि इसमें प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। जल, सूर्य, वायु और पृथ्वी को जीवन का आधार मानकर उनकी उपासना की जाती है। यह पर्व हमें नदियों और तालाबों को स्वच्छ रखने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। इसलिए छठ पूजा के दौरान प्लास्टिक और प्रदूषण से बचना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। **सनातन संस्कृति की जीवंत पहचान है छठ** आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी को छठ पर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व से परिचित कराया जाए। यह पर्व हमें सिखाता है कि श्रद्धा के साथ अनुशासन, पूजा के साथ स्वच्छता और आस्था के साथ प्रकृति का सम्मान भी आवश्यक है। धर्म प्रचारक ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ, बरेली की ओर से मैं सभी बरेलीवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। छठी मैया और भगवान सूर्यदेव सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता प्रदान करें। हमारी सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराएं सदैव अक्षुण्ण रहें। **अनिल मिश्रा**

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादक:
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-*13288*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सबअर्बन (जिला), महाराष्ट्र-400072
बरेली शाखा: बी3 एवं बी-4, ग्राउंड फ्लोर, आकाश फ्लोर्स, 320-सिविल लाइन्स, सिटी स्टेशन रोड, बरेली-243001 (उत्तर प्रदेश)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रं.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी)(RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1	(लोन कोड नं. 02610000448 / बरेली शाखा) मो रफीक अहमद (ऋणी) गुलनाज (सह-ऋणी)	10-07-2026 & ₹ 6,45,625/-	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, खसरा नं. 405 का प्लॉट, विलेज मेहलाऊ, तहसील बरेली, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश, **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः अराजी मंजीत खां, पश्चिम: 14 फीट चौड़ा रास्ता पश्चात् मंझले का मकान, उत्तर: इशाक अहमद का मकान, दक्षिण: 16 फीट चौड़ा रास्ता पश्चात् इरफान का मकान	₹ 7,65,000/-	₹ 76,500/-	भौतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **17.12.2026** अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **18.12.2026 दोपहर 3.00 बजे https://bankeauctions.com** पर है। **3.** जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। **4.** डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। **5.** नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। **6.** इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। **7.** अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी **दिलीप सिंह जादौन (संपर्क नंबर 8319021816)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। **8.** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। **9.** नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। **10.** यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप **AHFL** द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

सही/-
स्थान : उत्तर प्रदेश, दिनांक : 13.11.2026 — प्राधिकृत अधिकारी/ आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

श्रीलंकाई महिला की नागरिकता छिपाकर फर्जी दस्तावेज बनवाने वालों पर मुकदमा दर्ज



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। नागरिकता छिपा कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर श्रीलंकाई महिला का निवास प्रमाण पत्र और आधार प्रमाण पत्र बनवा लिया गया। यही नहीं वर्ष 2021 में महिला का पासपोर्ट भी जारी करवा लिया गया। मामले की जानकारी लगने पर इस कृत्य में कई लोगों की संलिप्तता उजागर हुई है। इस मामले में पुलिस ने श्रीलंकाई महिला सहित कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को जेल भेज दिया है।

कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में श्रीलंका की रहने वाली महिला की पहचान छिपाकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाने के मामले में पुलिस ने मोहम्मद इमरान व उसकी पत्नी सुरैनी श्री वंतिका उर्फ जैनब बेगम, तत्कालीन ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि नजीब सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जांच के अनुसार शेरपुर कलां के मोहल्ला नवदिया वार्ड नंबर 05 निवासी मोहम्मद इमरान वर्ष 2018 में जॉर्डन के अकाबा शहर में एक गारमेंट कंपनी में सिलाई मशीन की मरम्मत का काम करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात श्रीलंका निवासी सुरैनी श्री वंतिका से हुई। वर्ष 2019 में महिला टूरिस्ट वीजा पर भारत आई और इमरान से निकाह कर लिया। तीन जून 2019 को दोनों ने कोर्ट मैरिज भी की। इसके बाद महिला का नाम बदलकर जैनब बेगम रख दिया गया। आरोप है कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद महिला की श्रीलंकाई नागरिकता और पहचान छिपाकर ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि नजीब तथा अन्य लोगों की मदद से कूटरचित दस्तावेज तैयार कराए गये। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर मूल निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवा लिया गया। इसके बाद वर्ष 2021 में श्रीलंका की महिला का भारतीय पासपोर्ट भी जारी करवा लिया गया। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब एक ही महिला के नाम पर श्रीलंका और भारत दोनों देशों के पासपोर्ट होने की बात सामने आई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति इमरान व उसकी पत्नी सुरैनी श्री वंतिका उर्फ जैनब बेगम और फर्जी दस्तावेजों में मदद करने वाले नजीब को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले के बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन की सत्यापन प्रक्रिया पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

दुकान पर हुए विवाद में मारपीट से टूटी पसली, एफआईआर दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। दुकान पर सामान के रेट को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट और एक व्यक्ति की पसली टूटने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र की नगर पंचायत कलीनगर निवासी शिकायतकर्ता बेबी सिंह यादव के अनुसार घटना 22 अक्टूबर 2026 की शाम करीब साढ़े छः बजे की है। आरोप है कि आरोपी मनजीत सिंह शराब पीकर उनके भतीजे की किराने की दुकान पर सामान खरीदने आया था और रेट को लेकर विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने परिजनों रंजीत सिंह, बादल और कमला देवी को बुला लिया। जो लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे और घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे शिकायतकर्ता के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनकी पसली टूट गई और शरीर पर कई चोटें आईं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने शुरुआत में उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते पीड़ित पक्ष ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना माधोटांडा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। संदेह होने पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की तो उसके पास से बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर आम के बाग के पास से एक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामिन्द्र पुत्र इतवारी, निवासी हमीरपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में वह शराब से संबंधित कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसे में घायल मां-बेटे को जिला पंचायत अध्यक्ष पति ने अस्पताल पहुंचाया

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। बाइक सवार मां-बेटे सड़क किनारे खड़ी ट्राली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इस बात की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष पति ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि घायल भाजपा नेता का रिश्ते में भांजा है। जिसे वह अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल लेकर गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के गांव थरुआन निवासी जपजोत सिंह (18) गुरुवार को दोपहर अपनी मां के साथ बाइक से पूरनपुर जा रहे थे। इस दौरान शेरपुर मकरंदपुर के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में जपजोत गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी मां को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह अपनी गाड़ी से मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी बहन और भांजे को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने दोनों को इलाज के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने दोनों का इलाज किया। बताया जाता है कि जपजोत सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद गुरभाग सिंह उन्हें अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल ले गए थे।

गंदगी के अंबार में बेहजम सीएचसी, मरीज परेशान, प्रशासन मौन

लखीमपुर खीरी। बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी की हालत बद से बदतर हो गई है। अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हैं। वार्डों में कूड़ा-कचरा फैला है, बेड गंदे हैं और शौचालयों की हालत ऐसी है कि मरीज वहां जाने से भी कतराते हैं।

इलाज कराने आए मरीजों का कहना है कि गंदगी की वजह से बीमारी ठीक होने की बजाय और बढ़ने का डर रहता है। कई मरीजों ने बताया कि कई दिनों से सफाई नहीं हुई है। अस्पताल में आने वाले तीमारदार भी इस दुर्दशा से परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

दरेरी में तालाब की जमीन पर कब्जे का मामला लेखपाल और कानूनगो की भूमिका पर भी उठे सवाल

लखीमपुर खीरी। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के दावे कर रहे हैं तो दूसरी तरफ जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील निघासन के ग्राम पंचायत दरेरी में तालाब की जमीन पर कथित कब्जे का मामला सामने आ रहा है आखिर सरकारी दावों को पलीता कौन लगा रहा है क्या जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ रही या फिर इसे नजरअंदाज किया जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दरेरी गांव से होते हुए दरेरी पुरवा गांव को जाने वाले रास्ते पर नहर के उत्तर दिशा में एक तालाब स्थित है बताया जा रहा है कि इसी तालाब की जमीन पर राजकुमार द्वारा मिट्टी पटवाकर मकान खड़ा कर लिया गया है। यह मकान दरेरी पुरवा गांव पहुंचने से पहले ही रास्ते पर पड़ता है यदि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है तो आखिर तालाब की जमीन पर मिट्टी भरवाकर मकान का निर्माण कैसे हो गया क्या जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं हुई मामले में लेखपाल और कानूनगो की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं ग्रामीणों के बीच कथित मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

अब सवाल यह है कि राजस्व विभाग इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर सच्चाई सामने लाएगा या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा - अब देखना यह होगा कि सोशल मीडिया पर खबर सामने आने के बाद जिलाधिकारी और एसडीएम निघासन इस मामले का संज्ञान लेते हैं या नहीं क्या तालाब की जमीन की पैमाइश कराकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर जांच होगी? यदि अवैध कब्जे की पुष्टि होती है तो क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी मामले से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर आगे भी खबर प्रकाशित की जाएगी ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके नोट यह खबर सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर प्रकाशित की जा रही है तालाब की भूमि निर्माण और कथित कब्जे की स्वतंत्र पुष्टि राजस्व अभिलेखों एवं मौके की जांच के बाद ही हो सकेगी संबंधित लेखपाल कानूनगो प्रशासनिक अधिकारियों तथा मकान निर्माण कराने वाले पक्ष का बयान प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

सरकार ने किसानों की मांगों पर नही दिया ध्यान तो होगा विरोध प्रदर्शन- राकेश टिकैत

गन्ना मूल्य बढ़ाने और बकाया भुगतान सहित धान खरीद के मुद्दे पर किसान नेताओं से की चर्चा



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने दो टूक कहा कि सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो विरोध प्रदर्शन होगा। नगर आगमन के दौरान उन्होंने गन्ना मूल्य बढ़ाने और बकाया भुगतान सहित धान खरीद के मुद्दे पर भी किसान नेताओं से चर्चा की।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पूरनपुर पहुंचे। यहां संगठन के जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, स्वराज सिंह, सत्यपाल सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान किसान नेताओं के साथ हुई वार्ता में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

राकेश टिकैत ने गन्ने का मूल्य बढ़ाने, किसानों के बकाया भुगतान और धान खरीद में आ रही समस्याओं सहित कई मांगों पर संगठन के पदाधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। यदि सरकार किसानों की मांगों पर विचार नहीं करती और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो किसान संगठन विरोध करने के लिए मजबूर होगा।उन्होंने किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन की सक्रियता बनाए रखने पर भी जोर दिया। पूरनपुर में कुछ समय रुकने और किसान नेताओं से मुलाकात के बाद राकेश टिकैत अमरिया के लिए रवाना हो गए। दरअसल, वह आज अमरिया स्थित खोजी रिजॉर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे है।

पूरनपुर आगमन पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वामी प्रेम सुगंध से की मुलाकात



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पूरनपुर आगमन पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वामी प्रेम सुगंध से मुलाकात की। इसके बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हो गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के पूरनपुर पहुंचने से प्रशासनिक हलचल तेज रही। मुख्यमंत्री ने साक्षी फाउंडेशन आश्रम पहुंचकर स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से मुलाकात की। इसके लिए जिला प्रशासन पिछले दो दिनों से तैयारियों में जुटा हुआ था। आश्रम परिसर में मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए विशेष रूप से हेलीपैड तैयार कराया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर साक्षी फाउंडेशन आश्रम में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। यहां पहुंचने पर उन्होंने स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से मुलाकात की और कुछ समय उनके साथ बिताया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना हो गए।मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया था। दो दिनों से अधिकारी तैयारियों में लगे हुए थे। आश्रम परिसर में हेलीपैड निर्माण से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक का इंतजाम किया गया था। हालांकि मुख्यमंत्री का दौरा संक्षिप्त रहा और मुलाकात के बाद वापस रवाना हो गए।

मोहम्मदी विधानसभा में छह ग्रामीण स्टेडियम बनाने की मांग, युवाओं को मिले खेल प्रतिभा निखारने का अवसर

लखीमपुर खीरी। मिशन विकसित मोहम्मदी विधानसभा 144 के तहत क्षेत्र के युवाओं के लिए छह ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण की मांग उठाई गई है। गौमंगल ग्रामोदय मिशन के संयोजक गौरव कुमार गुप्ता ने मझिगवां, मोहम्मदी, बरबर, पसगवां, भिलावां (74 बाजार) और जंगबहादुरगंज में खेल सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव रखा है।प्रस्ताव के अनुसार मोहम्मदी में आधुनिक विधानसभा स्तरीय स्टेडियम तथा अन्य पांच स्थानों पर मिनी ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम बनाए जाएं।

इससे ग्रामीण युवाओं को क्रिकेट, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में अभ्यास और प्रशिक्षण का अवसर मिल सकेगा।गौरव कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार की ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम योजना का लाभ मोहम्मदी और पसगवां के युवाओं तक भी पहुंचना चाहिए। इसके लिए भूमि चिह्नांकन, बजट और निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जरूरत है।मांग है कि मोहम्मदी विधानसभा के युवाओं के खेल भविष्य को देखते हुए छह स्टेडियमों के प्रस्ताव पर गंभीरता से पहल करें।

करंट की चपेट में आकर शिव शक्ति धाम मंदिर के पुजारी की मौत

जनप्रतिनिधि और समाजसेवी और सहित तमाम संगठनों ने जताया दुःख

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। करंट की चपेट में आकर शिव शक्ति धाम मंदिर के पुजारी की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। तमाम जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियो तथा सामाजिक संगठनों ने पुजारी की असमय मौत को लेकर दुःख व्यक्त किया है।



नगर स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में बिछे खुले और नंगे बिजली के तार एक बार फिर बड़े हादसे का सबब बन गए। मंदिर में करंट की चपेट में आने से पुजारी पंडित अनिल पांडे (उम्र 45 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई।

इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में लंबे समय से बिजली के तार खुले और अव्यवस्थित तरीके से बिछे हुए थे। पूजा-पाठ और रोजमर्रा के कार्यों के दौरान पंडित अनिल पांडे अचानक इन नंगे तारों के संपर्क में आ गए, जिससे उन्हें तेज करंट लगा।

करंट का झटका इतना तेज था कि वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। आस-पास मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने जब उन्हें जमीन पर पड़े देखा तो तुरंत शोर मचाया और बिजली की सप्लाई बंद करवाई। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुजारी की मौत की खबर जैसे ही उनके घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग और मंदिर प्रबंधन की लापरवाही को लेकर भारी रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे दर्शन के लिए आते हैं।

इसके बावजूद परिसर में खुले पड़े तारों को दुरुस्त नहीं कराया गया, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता था। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों पर झूलते और खुले तारों को तत्काल सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटना की पुनरावृत्ति न हो। शिव शक्ति धाम मंदिर के पुजारी की असमय हुई मौत पर हर कोई दुख प्रकट कर रहा है।

तेतारपुर में राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें, दो सरकारी दुकानों पर घटतौली के आरोप

लखीमपुर खीरी। जिले के फूलबेहड़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेतारपुर में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आ रही है। ग्राम पंचायत में सरकारी राशन की दो दुकानें संचालित हैं और दोनों के कोटेदारों पर ग्रामीणों ने निर्धारित मात्रा से कम राशन देने के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन वितरण के दौरान कई बार उन्हें पूरा गल्ला नहीं मिलता। इस संबंध में लगातार शिकायतें होने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच किए जाने की जानकारी उन्हें नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर राशन वितरण की निगरानी कौन कर रहा है और गरीब कार्डधारकों को उनके हक का पूरा अनाज दिलाने की जिम्मेदारी किसकी है?

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि राशन वितरण में अनियमितताओं के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को मिलने वाले भोजन की व्यवस्था को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। उनका कहना है कि केंद्रों पर नियमित रूप से भोजन बनता है या नहीं, इसकी निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

ग्रामीणों की ओर से राशन की घटतौली से संबंधित कुछ वीडियो साक्ष्य होने की बात कही गई है। यदि इन वीडियो में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है तो यह गरीब कार्डधारकों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला है। हालांकि, इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच और संबंधित पक्षों का जवाब सामने आना जरूरी है।

सबसे बड़ा सवाल पूर्ति विभाग की निगरानी पर है। क्या संबंधित पूर्ति निरीक्षक नियमित रूप से राशन दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं? तेतारपुर की दोनों दुकानों की आखिरी बार जांच कब हुई थी? यदि घटतौली की शिकायतें मिल रही हैं तो अब तक क्या कार्रवाई की गई?

ग्रामीणों के सामने एक और समस्या है—उन्हें यह तक स्पष्ट जानकारी नहीं है कि राशन कम मिलने या कोटेदार द्वारा अनियमितता किए जाने पर शिकायत कहां और किस अधिकारी से करें।

अब जरूरत है कि जिला पूर्ति अधिकारी और संबंधित पूर्ति निरीक्षक तेतारपुर की दोनों राशन दुकानों की निष्पक्ष जांच कराएं। वितरण रजिस्टर, ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड और वास्तविक राशन के वजन का मिलान किया जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और पात्र कार्डधारकों को उनका पूरा राशन मिल सके।

गरीब ई-रिक्शा चालकों पर पुलिस की सख्ती बड़े वाहनों को खुली छूट क्या कानून सिर्फ गरीबों के लिए

लखीमपुर खीरी। जनपद के पढुआ थाना क्षेत्र की ढखेरवा चौकी अंतर्गत धौरहरा रोड पर यातायात व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है पिछले करीब पांच दिनों से ई-रिक्शा चालकों को ढखेरवा चौराहे से लगभग 500 मीटर पहले ही रोकने का आरोप है जबकि बड़ी बसों समेत अन्य वाहनों को चौराहे तक जाने दिया जा रहा है आखिर पुलिस प्रशासन की यह कैसी व्यवस्था है जिसमें छोटे वाहन वालों पर सख्ती और बड़े वाहनों को छूट दिखाई दे रही है ई-रिक्शा चालकों का आरोप है कि दरोगा अजय उन्हें चेतावनी देते हैं कि यदि ई-रिक्शा चौराहे से निकाला तो सीज कर दिया जाएगा गरीब चालक दिनभर में 100-200 रुपये कमाकर अपने परिवार और बच्चों का पेट पालते हैं ऐसे में उनके रोजगार पर रोक लगाना उनके परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा असर डाल रहा है हैरानी की बात यह है कि जाम का हवाला देकर ई-रिक्शों को रोका जा रहा है लेकिन बड़ी बसों को चौराहे तक पहुंचने की अनुमति क्यों यदि यातायात नियमों का पालन कराना है तो फिर सभी वाहनों के लिए एक समान व्यवस्था क्यों नहीं लागू की जा रही वीडियो में बड़े वाहन गुजरते दिखाई दे रहे हैं जबकि ई-रिक्शे करीब 500 मीटर पहले खड़े नजर आ रहे हैं यात्रियों महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों को भारी सामान लेकर पैदल चलना पड़ रहा है भीड़भाड़ के बीच किसी दुर्घटना की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता ई-रिक्शा चालकों ने यह गंभीर आरोप भी लगाया है कि कथित रूप से मोटी रकम पहुंचाने वाले वाहनों को आने-जाने की छूट मिल रही है और गरीब चालकों को रोका जा रहा है हालांकि इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है पुलिस प्रशासन से इस संबंध में जवाब और निष्पक्ष जांच की अपेक्षा है सबसे बड़ा सवाल—क्या गरीब आदमी को रोजगार करने का भी अधिकार नहीं है क्या कानून की सख्ती केवल ई-रिक्शा चालकों के लिए है यदि जाम की समस्या है तो बड़ी बसों और अन्य वाहनों पर भी समान नियम लागू होने चाहिए गरीबों के लिए अलग कानून और रसूखदारों के लिए अलग व्यवस्था आखिर क्यों यह बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति है पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों को मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच करानी चाहिए यातायात व्यवस्था के नाम पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए आखिर में एक सवाल—कानून की नजर में सब बराबर हैं तो सड़क पर यह भेदभाव कैसा गरीब की रोजी-रोटी छीनकर यातायात व्यवस्था सुधारने का दावा आखिर कितना उचित है नियम सबके लिए एक समान हों तभी व्यवस्था पर जनता का विश्वास कायम रहेगा।

धान खरीद में सुस्ती पर एसडीएम नाराज, केंद्र प्रभारियों को लगाई फटकार



बीसलपुर, पीलीभीत। मंडी समिति बीसलपुर में धान खरीद की धीमी रफ्तार को लेकर उपजिलाधिकारी अजय कुमार ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने मंडी परिसर में संचालित सरकारी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम खरीद पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए केंद्र प्रभारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए। शासन की ओर से प्रत्येक आरएफसी क्रय केंद्र को प्रतिदिन 300 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य दिया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने केंद्रों के अभिलेखों, अब तक हुई खरीद और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंडी में धान बेचने पहुंचे किसानों से एसडीएम ने सीधे बातचीत की। किसानों ने पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया में आ रही परेशानियों को उनके सामने रखा। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दो दिन के अंदर उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं और शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी तरीके से धान खरीद की जाए। एसडीएम के निरीक्षण के बाद क्रय केंद्र प्रभारियों और संबंधित कर्मचारियों में हलचल देखी गई।

आधार सेवा केंन्द्र,पीलीभीत, पर आधार से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध

पीलीभीत। जनपद के नागरिकों को आधार से संबंधित सभी सेवाओं के सुगम संचालन हेतु आधार सेवा केंन्द्र, नकटा दाना चैराहा, आईसीआईसी बैंक के पास, पीलीभीत पर आधार से संबंधित समस्त सेवाएं उपलब्ध हैं। केंन्द्र पर नया आधार बनवाना, आधार कार्ड में नाम सुधार, जन्मतिथि में सुधार, पता अपडेट, मोबाइल नंबर अपडेट, ई-मेल आईडी अपडेट, फोटो एंव बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट एंव आईरिस), बच्चों का आधार पंजीकरण एंव अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सहित आधार से संबंधित अन्य पात्र सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। 5 से 17 वर्ष के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट नि:शुल्क:- भारतीय विशिष्ट पहचान प्रधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को प्रोत्साहित करने के लिए 5 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को 30 सितंबर 2027 तक नि:शुल्क किया गया हैं। बच्चों की उम्र के साथ उनके बायोमेट्रिक विवरण में परिवर्तन होता है। इसलिए निर्धारित आयु पर आधार में बायोमेट्रिक अपडेट कराना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अभिभावकों से अपील की जाती हैं कि वे अपने बच्चों की आयु के अनुसार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की स्थिति की जांच करें और यदि अपडेट लंबित है तो निर्धारित समय-सीमा के भीतर आधार सेवा केंन्द्र जाकर इसे अवश्य पूरा कराएं। समय पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने से बच्चों के आधार से संबंधित सेवाओं और भविष्य में आधार प्रमाणिकरण की आवश्यकता वाले विभिन्न कार्यों में सुविधा प्राप्त होगी। आवश्यक सूचना:-आधार से संबंधित कार्य के लिए अपने आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। सभी सेवाएं यूआईडीएआई के निर्धारित नियमों एंव पात्रता के अनुसार उपलब्ध होंगी। केन्द्र का पता: आधार सेवा केंन्द्र, आईसीआईसी बैंक के पास, नकटा दाना चैराहा, पीलीभीत-262201 कार्य समय: सप्ताह के सातों दिन, प्रात: 09:00 बजे से सांय 05:30 बजे तक।

डॉ. डीपी गंगवार ने सांसद गीता शाक्य को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



बीसलपुर, पीलीभीत। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र 130 से पूर्व प्रत्याशी डॉ. डीपी गंगवार ने भाजपा सांसद एवं ब्रज क्षेत्र प्रभारी गीता शाक्य को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए ईश्वर से सदैव प्रसन्न और स्वस्थ रहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ. डीपी गंगवार ने कहा कि श्रीमती गीता शाक्य को जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने और समाज के हित में कार्य करने की शक्ति प्राप्त हो। उन्होंने कामना की कि उनका जीवन सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण रहे तथा वे अपने सार्वजनिक जीवन में निरंतर सक्रिय रहकर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाती रहें। डॉ. गंगवार की ओर से जन्मदिन के अवसर पर प्रेषित शुभकामनाओं के माध्यम से उनके प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त की गईं।?

बलकार सिंह बिट्टू भरतापुर को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं

पुवाया शाहजहांपुर। पुवायां विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे श्री उपेन्द्र पाल सिंह राजक जी के विशेष सहयोगी बलकार सिंह बिट्टू पूर्व प्रधान भरतापुर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति में जिला मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है इस नई जिम्मेदारी से संगठन को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। नव नियुक्त भाजपा के जिला मंत्री बलकार सिंह ने कहा है कि ईश्वर से प्रार्थना है कि आप अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए संगठन और किसान भाइयों के हित में निरंतर कार्य करें तथा सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें। हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दी है!

थाना जहानाबाद पुलिस ने किसानों की धान एवं गेहूं की फसल की धनराशि हड़पने वाले अभियुक्त को किया



पीलीभीत। जहानाबाद थाना पुलिस ने किसानों से करीब एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और गबन के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले कई दिनों से परिवार सहित गांव से फरार चल रहा था। पुलिस ने बुधवार, 11 नवंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी इफ्तेखार अहमद उर्फ काला मुन्ना पुत्र अलीबख्श निवासी ग्राम खमरिया दलेलगंज थाना जहानाबाद पिछले करीब 20 वर्षों से धान और गेहूं की खरीद-बिक्री का काम करता था। आसपास के गांवों के किसान उसके क्रय केंद्र पर अपनी उपज बेचते थे। कई किसानों का भुगतान उधार भी रहता था। आरोप है कि इफ्तेखार अहमद ने खमरिया दलेलगंज के करीब 15 किसानों, नवादा श्यामपुर के आठ, नवदिया दास के 22, सुस्वार के नौ और आसपुर के करीब 20 किसानों से कुल 1 करोड़ 94 हजार 252 रुपये का गबन कर लिया। इसके बाद वह अपने मकान और गेहूं क्रय केंद्र पर ताला लगाकर परिवार सहित गांव से फरार हो गया था। किसानों की शिकायत पर थाना जहानाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 380ध्2026 और 381ध्2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस अब आरोपी द्वारा कथित रूप से गबन की गई रकम से अर्जित चल और अचल संपत्तियों की भी जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल अनुराग चैधरी और हेड कांस्टेबल फिरोज खान शामिल रहे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में फिर भिड़े दो बाघ, आधे घंटे तक चला संघर्षय दोनों सुरक्षित

पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के बराही रेंज में दो बाघ एक बार फिर आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक जबरदस्त संघर्ष हुआ। इस दौरान बाघों की दहाड़ से जंगल गूंज उठा। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों के सामने भी दोनों काफी देर तक एक-दूसरे पर हमला करते रहे।



हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस बार संघर्ष में कोई भी बाघ घायल नहीं हुआ। कुछ देर बाद दोनों अलग-अलग दिशाओं में चले गए। करीब ढाई साल बाद दोनों बाघों के दोबारा आमने-सामने आने से वन विभाग सतर्क हो गया है। जानकारी के अनुसार, पर्यटन सत्र शुरू होने के साथ ही जंगल में बाघों की चहलकदमी बढ़ गई है। बुधवार शाम बराही रेंज में अचानक दोनों बाघों का आमना-सामना हो गया। इसके बाद इलाके में वर्चस्व को लेकर दोनों के बीच संघर्ष शुरू हो गया। करीब 30 मिनट तक चले इस संघर्ष में दोनों एक-दूसरे पर हमलावर रहे। वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उनके सामने भी दोनों बाघ काफी देर तक डटे रहे। बाद में एक बाघ पक्की पटरी और दूसरा कच्ची पटरी की ओर चला गया। डीएफओ मनीष सिंह के मुताबिक, दोनों बाघों की गिनती जंगल के ताकतवर बाघों में होती है। अपनी कद-काठी और ताकत के चलते उनकी अलग पहचान है। पर्यटन सत्र के दौरान पर्यटक भी इन बाघों की एक झलक पाने के लिए उत्सुक रहते हैं। इससे पहले वर्ष 2024 में माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर मुस्तफाबाद और लालपुल के बीच भी दोनों बाघ आमने-सामने आ गए थे। उस समय राहगीरों के सामने ही दोनों के बीच संघर्ष हुआ था, जिसमें एक बाघ गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीटीआर के डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि बाघों के बीच वर्चस्व या अपने क्षेत्र को लेकर संघर्ष होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। जंगल में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। इस बार दोनों बाघों के सुरक्षित रहने से राहत मिली है। एहतियात के तौर पर संबंधित क्षेत्र में वनकर्मियों की टीमों को लगातार गश्त और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दोबारा किसी तरह की अप्रिय घटना न हो।

पीलीभीत में राकेश टिकैत ने सरकार पर साधा निशाना, धान खरीद और गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाया

पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चैधरी राकेश टिकैत ने गुरुवार को पीलीभीत में केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए किसानों से जुड़े कई मुद्दे उठाए। दोपहर करीब 1रू30 बजे आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने धान खरीद व्यवस्था, गन्ना भुगतान और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी को लेकर अपनी बात रखी।



राकेश टिकैत ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर किसानों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है और खरीद प्रक्रिया को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने गन्ना किसानों के भुगतान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि समय पर भुगतान नहीं होने से किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। किसानों को खेती की लागत, खाद, बीज और अन्य जरूरी संसाधनों का खर्च उठाना पड़ता है। ऐसे में बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान समय से किया जाना जरूरी है। टिकैत ने एमएसपी गारंटी कानून की मांग दोहराते हुए कहा कि किसानों को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कानूनी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान लंबे समय से इस मांग को उठा रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने किसान संगठनों की मांगों और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार को उनकी

मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले में दो निलंबित एसडीएम के खिलाफ प्रशासनिक जांच शुरू

पीलीभीत। सदर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित तत्कालीन एसडीएम मयंक गोस्वामी और हेमंत कुमार चैधरी के खिलाफ शासन ने प्रशासनिक जांच बैठा दी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नियुक्ति विभाग ने मुरादाबाद मंडल की कमिश्नर संगीता सिंह को जांच अधिकारी नामित किया है। जांच अधिकारी जल्द ही पीलीभीत पहुंचकर संबंधित अधिकारियों से अभिलेख और पूरे प्रकरण की जानकारी लेंगी। इसके बाद मतदाता सूची पुनरीक्षण में सामने आई अनियमितताओं और दोनों अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि बीते अक्टूबर माह में सदर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई थी। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को जांच रिपोर्ट भेजी थी। जांच में 31 मई से 28 अगस्त के बीच प्राप्त 13,779 ऑफलाइन फार्मों के निस्तारण में अनियमितताएं सामने आई थीं। इनमें 10,470 फार्म स्वीकृत किए गए थे, जबकि 3,309 फार्म निरस्त किए गए थे। जांच रिपोर्ट और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से भेजे गए पत्र के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग ने 31 अक्टूबर को दोनों एसडीएम को निलंबित करने का निर्णय लिया था। आयोग ने स्पष्ट किया था कि उसकी पूर्व अनुमति के बिना दोनों अधिकारियों को बहाल नहीं किया जा सकेगा। साथ ही मुख्य सचिव को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। अब नियुक्ति विभाग ने मामले की प्रशासनिक जांच के लिए मुरादाबाद कमिश्नर को जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में जारी पत्र पीलीभीत और मुरादाबाद प्रशासन को भेज दिया गया है। जांच के बाद पूरे मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

पप्पू गुप्ता हत्याकांड में पीड़ित परिवार को शासन से मिलेगी पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता

बिलसंडा, पीलीभीत। कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। घटना के बाद से ही परिवार शासन से आर्थिक मदद और मुआवजे की मांग कर रहा था। अब शासन से सहायता राशि मंजूर होने पर परिवार को राहत मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर को विधायक विवेक वर्मा और नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति और उसकी मदद की आवश्यकता के बारे में बताया था। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग भी उठाई थी। इसके बाद शासन स्तर से पांच लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर दी गई। गौरतलब है कि बिलसंडा के कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की 19 जुलाई को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया था कि वह पड़ोसी को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी थी। घटना के बाद से परिवार आर्थिक सहायता की मांग कर रहा था। अब शासन से पांच लाख रुपये की मदद मंजूर होने से परिजनों को राहत मिलने की उम्मीद है।

भैया दूज के दूसरे दिन भी जाम में फंसे रहे लोग

निगोही शाहजहांपुर। भैया दूज से लेकर दूसरे दिन तक जाम में लोग फंसे रहे। भीषण जाम के चलते दोपहिया वाहन व चार पहिया वाहनो की लंबी लाइन लगी रही आवागमन काफी बाधित रहा। गौरतलब है कि बुधवार को भैया दूज त्योहार पर बहने अपने मायके जाने के लिए बड़ी उत्सुकता पूर्वक अपने पति एवं अन्य संबंधित के साथ तैयार हो कर घरों से निकली उधर निगोही से शाहजहांपुर , बीसलपुर बिलसंडा तिलहर खुटार पुवायां, बरेली, आदि गांवों से जाने के लिए निगोही हमजापुर चौराहे से होकर जाती है लेकिन चौराहे पर पहुंचते ही जाम में फंस गई ।जाम और झाम के चलते काफी समय तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते जाम से निजात मिल रही थी इसके बावजूद भी चारों संपर्क मार्गों पर वहान की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी।

तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए जनप्रिय संजय गुप्ता आगामी विधानसभा चुनाव लडेंगें

पुवाया शाहजहांपुर। जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका के लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए जनप्रिय संजय गुप्ता को अब उनके समर्थको द्वारा प्रथम बार तिलहर विधानसभा क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। पुवाया विधानसभा सीट आरक्षित होने के कारण ओबीसी समुदाय से आने वाले अध्यक्ष संजय गुप्ता इस बार आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में तिलहर विधानसभा से अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। नगर पालिका परिषद पुवायां के अध्यक्ष का कहना है यदि भारतीय जनता पार्टी उन्हें तिलहर विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह अवश्य चुनाव लड़ेंगे उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन कीशुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में की थी उनका पूरा परिवार भाजपाई पृष्ठभूमि रखता है और भाजपा में शुरू से ही समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

HDFC BANK
We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

संबंधित ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खातों में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ये वस्तुएँ उन ऋणकर्ताओं द्वारा प्रतिज्ञा की गई थी जिन्होंने निष्पादित ऋण समझौतों की शर्तों के अनुसार अपनी देनदारियों का पुनर्भुगतान न कर पाने के बावजूद, HDFC बैंक लिमिटेड ("बैंक") द्वारा उनके बकाया राशि चुकाने के लिए जारी किए गए अनुस्मारकों के बावजूद, अपने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक ने पहले नोटिस जारी किए थे जिसमें ऋणकर्ताओं को उनके संबंधित लोन खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए सात (7) दिनों का समय दिया गया था। चूंकि ऋणकर्ताओं ने अपने खातों को नियमित नहीं किया है, बैंक ने, ऋण समझौते और लागू कानून के तहत गिरवीकर्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी को लागू करने और देय राशि वसूलने के लिए गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया है। नीलामी नीचे उल्लिखित शाखा(ओं) में सुबह 9:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई भी गिरवी रखी गई सुरक्षा की नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित या पूरी नहीं की जा सकती है, तो बैंक बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के किसी भी आगामी तिथि और समय पर नीलामी जारी रखने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र.स.	ऋण नं	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी स्थान (शाखा पता)	नीलामी तिथि
1	4000714084	अजीत सिंह पुंडीर	164000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 150 सी.बी. गुप्ता कॉलोनी, मेरठ करनाल रोड, शामली, उत्तर प्रदेश 247776	23-11-2026
2	4001516934	अनुज पुत्र भंवर सिंह	52000		23-11-2026
3	4000986713	आर्यन मलिक	98000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 381, वेस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश 250001	23-11-2026
4	4001309926	नजीम पुत्र दाऊत	161000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड,460 डीएम रोड, बुलंदशहर, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश 203001	23-11-2026
5	75153643	विक्रांत कुमार	99000		23-11-2026
6	75541213	मोहम्मद बिलाल	80000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, , 53/4-ए, भाग कंबल वाला, जानसठ रोड, नई मंडी, मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश 251001	23-11-2026
7	4001288979	मोहम्मद अमजद	930000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सिविल लाइंस, मेन रोड, पेट्रोल पंप के पास, बिजनौर, उत्तर प्रदेश 246701	14-12-2026
8	4000747684	अली अहमद	60000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, प्लॉट नंबर 559 डी, एसबीआई और जैपस हिंदू के सामने, डिग्री कॉलेज, अमरोहा, उत्तर प्रदेश 244221	23-11-2026
9	4000205410	कुलदीप कुमार	45000		23-11-2026
10	4000898915	वारिश अली	138000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, इलाहाबाद बैंक के पास, खुटार रोड, विलेज लखनपुर पौंस्ट, बांदा, शाहजहांपुर बांदा, उत्तर प्रदेश 242042	23-11-2026
11	74547123	राम कुमार	35400	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, जे.एस टावर, सुभाष नगर, बदनु रोड, बरेली, उत्तर प्रदेश 243001	23-11-2026
12	76036799	फुरकान फकरुद्दीन	124000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 14, सूर्य सदन, तहसील अनूपशहर के पास, उत्तर प्रदेश 202390	23-11-2026
13	4000582083	फिरोज खान	215500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 154, फर्स्ट फ्लोर, कृष्णा प्लेस, सिविल लाइंस, डीएम रेजिडेंस के सामने, बरेली, उत्तर प्रदेश 243001	23-11-2026
14	4001531228	कैफ शरीफ अहमद	603000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आजाद रोड, बस स्टैंड के पास, चंदौसी, उत्तर प्रदेश 202412	14-12-2026
15	4000635940	मोहम्मद दानिश	94100	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दिल्ली रोड, मित्तल कॉम्प्लेक्स, चौधरी चरण सिंह चौक, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001	14-12-2026
16	74274102	पवन कुमार	16400		14-12-2026
17	50200084 325272	पूनम पाराशर	78819.15	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, , ग्राउंड फ्लोर, 392,393, मोहल्ला सराय किशन चंद, पैठ चौराहा के पास, रेलवे रोड, डिबाई, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश - 203393	23-11-2026
18	4001076169	गुल मोहम्मद विशाल	804200	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, नीरंजन प्रकाश फार्म हाउस, यस बैंक के पास, नई बुलंदशहर रोड, स्याना, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश - 203412	14-12-2026
19	75621205	कुमार	55000		14-12-2026
20	4000081956	युसुफ खान	29400	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर S44, S45, S46, P53, P54, गाँव रजबपुर, तहसील, धनौरा, जिला, अमरोहा, उत्तर प्रदेश - 244235	23-11-2026
21	4001121476	मोहम्मद नाजिम	620100	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, एच-57, मेन रोड, लाजपत नगर, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001	14-12-2026
22	75294712	गुरप्रीत सिंह	191500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रोबिक कॉलेज के सामने, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्ण नाथ, उत्तर प्रदेश 262802	23-11-2026
23	4000124403	अमित कृष्ण दीक्षित	36000		23-11-2026
24	75704366	लोकेश हरकेश	65000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मेन चौक, अनूपशहर बाई पास, जहांगीराबाद, उत्तर प्रदेश 202394	23-11-2026
25	4001388596	सौरभ कुमार	951000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मेन रोड, जिला-बिजनौर, धामपुर, उत्तर प्रदेश 246761	23-11-2026
26	4000808915	शोएब आलम	240000		14-12-2026
27	75821022	शकीला बानो	39500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मोहल्लाकासवान, बड़ा बाजार, शेरकोट, जिला-बिजनौर, बिजनौर, उत्तर प्रदेश 246747	14-12-2026
28	4000778131	नरेंद्र कुमार	216000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास, मेन रोड, जानसठ, उत्तर प्रदेश 251314	23-11-2026
29	75443683	शहजाद शौकत	110000		23-11-2026
30	4000140469	ललित शर्मा	102000		23-11-2026
31	75517066	मो जुबेर	89000		23-11-2026
32	4001465481	अब्दुल रहमान	80000		23-11-2026
33	75762674	संध्या यादव	55000		23-11-2026
34	4001062271	मोहम्मद जीशान	73300	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक के पास, चौधरी वाला, सिकंदराबाद, उत्तर प्रदेश 203205	23-11-2026
35	4001370396	आदित्य राणा	432000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सूर्यांश प्लाजा, 171/1, तारू कुंआ, गढ़ रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश 250004	23-11-2026
36	4001121927	अंकित कुमार	81000		23-11-2026
37	4001171780	मोहम्मद अनस	67400	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड और मेजेनाइन फ्लोर, खसरा नंबर 79, आलम सराय, अंदर कुंए, चंदौसी चौराहा, संभल, उत्तर प्रदेश 244302	23-11-2026
38	4000774535	दीपक राजेंद्र सिंह	50000		23-11-2026
39	75194063	मोहम्मद रफी	41000		23-11-2026
40	75800275	शिव कुमार गिरी	76000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, सीपी-10, यमुनापुरम, आरटीओ ऑफिस के पास, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश 203001	23-11-2026
41	75550524	विष्णु कुमार चौहान	36000		23-11-2026
42	4001651258	उस्मा नबी	766000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, गाटा संख्या-179, मुरादाबाद - काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग, मौजा फतेहउल्लागंज, ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244601	14-12-2026
43	76063590	शाह आलम	350000		23-11-2026
44	4001386040	सखावत शायकत	83900		23-11-2026
45	4001208584	आरिफ अली	90500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, वार्ड नंबर -10, राजिंदर कॉलोनी, शामली रोड, कैराना, जिला- शामली (प्रबुद्ध नगर), उत्तर प्रदेश 247774	23-11-2026
46	75729625	अरविंद कुमार सिंह	82000		23-11-2026
47	4000184631	प्रवेज हसन	61000		23-11-2026
48	75515415	नौशाद मुस्तकीम	50000		23-11-2026
49	4000947399	तलत खान	176900	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मोहिनी अस्पताल, प्रियदर्शिनी नगर, बरेली, बरेली, उत्तर प्रदेश 243122	23-11-2026
50	76052287	रेशमा बी	172200		14-12-2026
51	75154458	रवि कांतपाल	116000		23-11-2026
52	75247743	सुधांशु यादव	52341		23-11-2026
53	75282272	शुभम कुमार	110000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मिशन कंपाउंड के सामने, घंटाघर के पास, मेन रोड, खतौली, जिला मुजफ्फर नगर, खतौली, उत्तर प्रदेश 251201	23-11-2026
54	76066680	प्रभात कुमार सागर	304300	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पंडित शंकर दत्त शर्मा मार्ग, चुनाव आयोग कार्यालय के सामने, सिविल लाइंस, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001	23-11-2026
55	75262178	सचिन कुमार शर्मा	188600		14-12-2026
56	4001504064	यतेंद्र कुमार	125900		23-11-2026
57	75519368	अकरम रियासत	77200		14-12-2026

नीलामी को सख्ती से "जैसा है वहीं है", "जैसा है वह है", और "जो कुछ है वही है" के आधार पर किया जाएगा। बैंक गिरवी रखे गए सोने के गहनों/आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेटेज, वजन, या मूल्यांकन के संबंध में कोई वारंटी और स्पष्ट या निर्धारित प्रतिनिधित्व नहीं देता है। संभावित बोलीदाता नीलामी से पहले पंजीकृत वस्तुओं की स्थिति, शुद्धता, कैरेट, वजन और मूल्यांकन की जांच करने और स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। नीलामी से 45 मिनट पहले निरीक्षण की अनुमति पूरी तरह से बोलीदाताओं की लागत, जोखिम और विवेक पर दी जाएगी। नीलामी में भाग लेकर, बोलीदाता यह माना जाएगा कि उन्होंने गिरवी रखी गई वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किया है और बैंक द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व पर निर्भर किए बिना सभी संबंधित जोखिमों को स्वीकार करते हैं। बिक्री के बाद किसी भी परिस्थिति में वापसी, विनिमय, रिफंड, मुआवजा, या रद्द करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी बोलियाँ बैंक द्वारा लागू नियामक मानदंडों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य के अधीन होंगी। नीलामी मूल्य इस पर आधारित होगा कि निम्नलिखित में से कौन सा कम है: (क) पिछले तीस (30) दिनों के लिए सोने का औसत समापन मूल्य या (ख) भारत बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (IBJA) द्वारा तुरंत पूर्ववर्ती दिन प्रकाशित सोने का अंत मूल्य। बैंक को आरक्षित मूल्य को अंतिम रूप देने और आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अतिरिक्त शर्तों को लगाने का एकमात्र विवेकाधिकार है। यदि कोई भी ऋणकर्ता नीलामी शुरू होने से पहले ऋण अनुबंध के अनुसार संपूर्ण बकाया राशि चुका देता है, तो उस खाते के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने, बैंक के विवेकानुसार, आगे की सूचना के बिना नीलामी से वापस ले लिए जा सकते हैं। नीलामी और किसी भी परिणामी बिक्री पर किसी भी आगे के नियम और शर्तें लागू रहेंगी, जिन्हें बैंक, अपनी एकमात्र और पूर्ण विवेक पर, समय-समय पर लागू, संशोधित या निर्धारित कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि बैंक के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी को नीलामी की कार्यवाही को बिना पूर्व सूचना के स्थगित करने, टालने, संशोधित करने, निलंबित करने या रद्द करने का पूर्ण और असीमित विवेकाधिकार प्राप्त है अधिकृत अधिकारी किसी भी बोली(यों) को, पूरे या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, और यह निर्णय अंतिम, निर्णायक और सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होगा।

तारीखः 13.11.2026, स्थानः बरेली

हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

आतंकी हमलेके संकेत

जम्मू-कश्मीरके कुलगाम जिलेमें बुधवारको अपराह्न लगभग सवा दो बजे सीआरपीएफ नाकेपर बाइक सवार आतंकियोंका हमला इस बातका संकेत है कि कश्मीरमें आतंकवादकी चुनौती अभी समाप्त नहीं हुई है। यह हमला केवल सुरक्षाबलोंके जवानोंको निशाना बनानेकी घटना नहीं है, बल्कि कश्मीर घाटीमें आतंकवादकी बदलती रणनीति, आतंकियोंकी छिपी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्थाके समक्ष मौजूद चुनौतियोंकी ओर भी संकेत करता है। यह घटना इसलिए भी गम्भीर चिन्ताका विषय है कि कश्मीरमें स्थानीय आतंकियोंकी संख्या काफी कम रह जाने और आतंकवादी नेटवर्कको कमजोर करनेके सरकारी दावोंके बीच आतंकियोंने दिन दहाड़े सुरक्षाबलोंपर हमला करनेका कायराना दुस्साहस कैसे किया है। हमलेमें तीन जवान घायल हुए हैं, जिनमें एककी हालत गम्भीर है। कड़ी सुरक्षाके बीच हुए इस हमलेको अत्यन्त ही गम्भीरतासे लेनेकी आवश्यकता है। घटनाके बाद घेराबन्दी कर तलाशी अभियान भी शुरू हो गया है। सुरक्षाबलोंने भी जवाबी कारवाई की जिससे हमलावर भाग गये। लगभग १५ सेकेण्डमें ३० गोलियां चलनेकी आवाज सुनायी पड़ी। यह हमला पूरी तैयारीके साथ किया गया था। इस घटनाके अनेक पहलुओंका विश्लेषण किया जाना चाहिए। यह घटना बताती है कि जम्मू-कश्मीरमें सक्रिय आतंकी मौजूद हैं। सुरक्षाबलोंको निशाना बनानेका यह भी उद्देश्य हो सकता है कि उनमें भय उत्पन्न किया जाय जिससे कि उनकी कार्य क्षमता प्रभावित हो। अचानक हमला और तुरन्त भाग निकलनेकी रणनीति बनायी गयी थी। खुफिया सूचनाओं और जमीनी सुरक्षाके बीच समन्वयमें कमीके भी संकेत मिलते हैं। इन सभी पहलुओंकी गहराईसे जांच करनेकी आवश्यकता है। यह घटना आतंकियोंकी हताशा है या उनकी नयी रणनीति है, इसपर भी मंथन करना होगा। एक सवाल यह भी उठता है कि क्या आतंकवादी छोटे हमलोंके माध्यमसे अपनी सक्रियता प्रदर्शित करनेकी रणनीति अपना रहे हैं? इस घटनाका महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय और विदेशी आतंकियोंके सम्भावित गठजोड़से भी जुड़ा है। एक सवाल यह भी है कि क्या कश्मीरमें आतंकवाद फिर सिर उठानेकी कोशिश कर रहा है। इस दुखद और निन्दनीय घटनाके बाद अब सुरक्षाबलोंको अपनी नयी रणनीति बनानी होगी। सीमापार आतंकवादपर कूटनीतिक दबाव बनानेकी जरूरत है। साथ ही स्थानीय जनताका भी विश्वास जीतना होगा। आतंकवादके विरुद्ध लड़ाईमें किसी प्रकारकी ढिलाईकी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

स्वच्छ सर्वेक्षण

नदी तटपर बसे शहरोंको पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेशके वाराणसीको देशका तीसरा सबसे स्वच्छ शहरका सम्मान हासिल करना काशीवासियोंके लिए गर्वकी बात है। नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवनमें स्वच्छता सर्वेक्षण २०२५-२६ के बेस्ट रिवर फ्रंट टाउन वर्गमें वाराणसीको इस उपलब्धिके लिए राष्ट्रपति पुरस्कारसे सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने वाराणसी नगर निगमको यह पुरस्कार प्रदान किया। जबकि इस श्रेणीमें मध्यप्रदेशके रीवाको पहला और छत्तीसगढ़के विलासपुरको दूसरा स्थान मिला। अभीतक इस श्रेणीमें केवल गंगा किनारे शहरोंके बीच प्रतियोगिता होती थी। यह पहली बार है जब देशमें नदी किनारे बसे शहरोंके बीच हुई प्रतियोगितामें वाराणसीको यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। पुरस्कारकी सूचना मिलते ही स्थानीय नगर निगम मुख्यालयमें उत्सवका माहौल दिखा। नगर निगमके अनुसार वर्ष २०२० से अबतक हुए सभी छह सर्वेक्षणोंमें वाराणसी लगातार शीर्ष शहरोंमें अपनी पहचान बनाये रखनेमें सफल रहा। इस बार प्रतिस्पर्धा केवल गंगाके किनारे बसे शहरोंसे नहीं, बल्कि देशकी प्रमुख नदियों वाले शहरोंसे भी थी। उत्तर प्रदेशके मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारमें वाराणसीकी रैंकिंगपर खुशी व्यक्त करते हुए काशीवासियोंको बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धिका श्रेय नगरवासियोंकी जागरूकता, नगर निगम कर्मियोंके अथक प्रयास और स्वच्छता स्वयं सेवकोंके समर्पण और जन-प्रतिनिधियोंकी सक्रियताको दिया है। इस बारके स्वच्छ सर्वेक्षणमें अलग-अलग श्रेणियोंमें उत्तर प्रदेशके दो शहर तीसरे स्थानपर हैं। सबसे साफ नदी तट वाली श्रेणीमें जहां वाराणसी तीसरे स्थानपर रहा, वहीं दस लाखसे अधिक आबादी वाले शहरोंमें राजधानी लखनऊ नम्बर तीनपर रहा, जो प्रदेशके स्वच्छता अभियानकी सफलताको रेखांकित करता है। इसकी यथास्थिति बनाये रखनेकी जरूरत है, क्योंकि स्वच्छता ही स्वास्थ्यकी कुंजी है।

लोक संवाद

न्यायिक जीत

महोदय,- हिमाचल प्रदेशने अपनी जमीन, जल और प्राकृतिक संसाधन देकर देशकी बड़ी जलविद्युत परियोजनाओंमें योगदान दिया, लेकिन उनके लाभसे लम्बे समयतक वंचित रहा। पड़ोसी राज्योंको बिजली मिलती रही, जबकि हिमाचल अपने वैधानिक हिस्सेकी प्रतीक्षा करता रहा। सुप्रीम कोर्टके हालिया फैसलेने छह दशक पुराने इस विवादके समाधानका रास्ता खोलते हुए बिजलीके अधिकारको समयबद्ध आपूर्तिकी व्यवस्थामें बदल दिया है। हिमाचल सरकारका दावा है कि किशाऊ बहुउद्देशीय बांध समझौतेपर अपनी सहमतिको हरियाणा द्वारा सुप्रीम कोर्टमें हलफनामा दाखिल कर बीबीएमबीकी बकाया बिजलीके हिस्सेके निबटारेपर आपत्ति न जतानेसे जोड़ दिया था। किशाऊ परियोजनासे मिलने वाले अतिरिक्त पानीमें हरियाणाकी रुचिको रणनीतिक आधार बनाकर गतिरोध तोड़नेकी कोशिश की गयी। हिमाचल सरकारके हस्तक्षेपसे समाधानकी प्रक्रिया आगे बढ़ी हो सकती है, लेकिन इससे वह अधिकार पैदा नहीं हुआ, जिसे २०११ में ही न्यायिक मान्यता मिल चुकी थी। पूर्व मुख्य मंत्री, प्रेम कुमार धूमलने इस मामलेमें आपत्ति जताते हुए कहा कि हिमाचलके अधिकारोंके लिए भाजपाका योगदान १९९० में शांता कुमार सरकारके समयसे शुरू हुआ था। वर्ष १९९६ में वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्टमें मुकदमा दायर किये जानेके बाद १९९८ में सत्तामें आयी उनकी पहली सरकारने इस मामलेकी पैरवीको और मजबूत किया। भाखड़ा बांधके निर्माणसे तत्कालीन बिलासपुर रियासतके बड़े भूभाग जलमग्न हुए, जबकि ब्यास परियोजनाओंके कारण कांगड़ाके लोगोंको विस्थापन झेलना पड़ा। हिमाचलने अपने क्षेत्रीय और जनसंख्या संबंधी योगदानके आधारपर बीबीएमबीकी बिजलीमें ७.१९ प्रतिशत हिस्सेदारीका दावा किया। पंजाब और हरियाणाको उनके हिस्से मिलते रहे, जबकि हिमाचलको रियायती दरपर सीमित बिजली आवंटित की जाती रही। वर्ष १९९६ में वीरभद्र सिंह सरकारने संविधानके अनुच्छेद १३१ के तहत सुप्रीम कोर्टका दरवाजा खटखटाया। २७ सितंबर, २०११ को अदालतने भाखड़ा-नंगल और ब्यास परियोजनाओंसे हिमाचलके ७.१९ प्रतिशत अधिकारको मान्यता दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतकी अध्यक्षता वाली पीठने आखिरकार नकद भुगतानके बजाय बिजलीकी आपूर्तिके माध्यमसे देनदारीका निबटारा किया। हिमाचलकी पूंजीगत लागतकी देनदारी ४२०.७७ करोड़ रुपये निर्धारित की गयी, जिसमें पंजाबको २४९.२३ करोड़ और हरियाणाको १७१.५५ करोड़ रुपये दिये जाने थे। प्रति यूनिट ३.८५ रुपयेकी दरसे लगभग १,०९३ मिलियन यूनिट बिजलीका समायोजन इस देनदारीके विरुद्ध किया गया। इसके बाद हिमाचलका शुद्ध बिजली अधिकार ११,९७३ मिलियन यूनिट रह गया। पंजाब और हरियाणा अगले २० वर्षोंतक अक्तूबरसे मार्चके बीच बिजलीकी कमी वाले मौसममें प्रतिवर्ष लगभग ६५३ मिलियन यूनिट बिजलीकी आपूर्ति करेंगे। भाखड़ा-नंगल परियोजनाके लिए दोनों राज्योंके बीच ५८:४२ और ब्यास परियोजनाके लिए ६०:४० का अनुपात निर्धारित किया गया है। सुप्रीम कोर्टने अपने निर्देशोंको बाध्यकारी बनाया है। हिमाचलके लिए यह बिजली महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधन साबित हो सकती है। सरकारका अनुमान है कि छह रुपये प्रति यूनिटकी दरसे बिजली बेचनेपर राज्यको सालाना लगभग ५०० करोड़ रुपये मिल सकते हैं। ऊंची दरोंपर यह राशि १,००० करोड़ रुपयेतक पहुंच सकती है। **-के. एस. तोमर, वाया ईमेल।**

वैश्विक चर्चाओंका हिस्सा नहीं भारत

तीन दशकसे अधिक समयसे भारतीय शेयरोंमें निवेशका इतना खराब विदेशी रुझान देखनेको मिल रहा है। भारत अब वैश्विक चर्चाओंका हिस्सा नहीं है। सितंबर २०२४ में भारतीय बाजारोंके अपने उच्चतम स्तरपर पहुंचनेके बादसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ६५ अरब डालरकी राशि बाहर भेज चुके हैं।

❐ आकाश प्रकाश

बीते एक दशकमें विशुद्ध रूपसे देखें तो भारतको शून्य विदेशी निवेश मिला है। विदेशी निवेशकोंके पास मौजूद भारतीय शेयरोंका कुल मूल्य ९३० अरब डालरसे घटकर लगभग ६७५ अरब डालर रह गया है। विदेशी निवेशकोंकी हिस्सेदारी भी पिछले १५ वर्षोंके निचले स्तरपर पहुंच गयी है। वैश्विक निवेशकोंके बीच भारतको लेकर यही समझ बन गयी है कि पोर्टफोलियोमें भारतीय शेयरोंका वजन कम रखा जाय। एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इंडेक्समें भारतका वेटेज सितंबर २०२४ के २१ फीसदीसे घटकर आज लगभग दस फीसदी रह गया है। महज एक कम्पनी टीएसएमसीका इस मानक सूचकांकमें भार पूरे भारतके भारसे ५० फीसदी अधिक है! उभरते बाजारोंकी तीन दिग्गज कम्पनियां यानी टीएसएमसी, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स मिलकर इस सूचकांकमें ३० फीसदी हिस्सेदारी रखती हैं जो भारतके कुल भारसे लगभग तीन गुना है। सितम्बर २०२४ में अपने शिखरपर पहुंचनेके बादसे भारतीय शेयरोंमें डालरके संदर्भमें लगभग २५ फीसदीकी गिरावट आयी है जबकि इसी अवधिमें उभरते बाजारोंके सूचकांक लगभग ५० फीसदी चढ़े हैं। इस तरह पिछले दो वर्षोंमें हमारा प्रदर्शन ७५०० आधार अंक यानी ७५ फीसदी कमजोर रहा। इसने कितने लोगोंके करियर तबाह कर दिये हैं और कई फंडोंको भारी नुकसान पहुंचाया है। ऐसे अनेक फंड हैं जिनका भारतमें अधिक निवेश करनेके कारण पिछले २४ महीनोंमें ही दस वर्षोंका प्रदर्शन रिकार्ड तबाह हो गया है। हालांकि यह तर्क है कि भारतका सापेक्ष और निरपेक्ष प्रदर्शन जल्द ही पलट सकता है और उसमें सुधार देखनेको मिल सकता है। आखिर एशियाकी तीन कम्पनियोंका सूचकांकमें कुल भार भारत जैसे आकार और संभावनाओं वाले देशसे तीन गुना कैसे हो सकता है। यह बात हास्यास्पद लगती है कि एशियाकी तीन प्रौद्योगिकी कम्पनियोंका किसी सूचकांकमें भार दुनियाकी कुल आबादीके लगभग ४० फीसदीके बराबर हो सकता है। पहली बार पूछा जा रहा है कि क्या भारतके लिए अलगसे निवेश आवंटन रखनेकी जरूरत है। कई निवेश आवंटनकर्ताओंको नहीं लगता कि भारत इतना महत्वपूर्ण है कि उसके लिए विशेष रूपसे निवेश आवंटित किया जाय। भारतपर अलगसे दांव लगाने और जोखिम उठानेकी जरूरत क्या है जब भारतीय बाजारका प्रदर्शन इतना खराब रहा है। बीस साल पहले हर निवेश आवंटनकर्ताके पास चीन और ब्राजीलके लिए अलगसे निवेश राशि होती थी जबकि भारतको लेकर बहस होती थी। समयके साथ यह धारणा बन गयी कि उभरते बाजारोंमें निवेश करनेके लिए भारत, चीन और ब्राजीलके लिए अलग-अलग पूंजी आवंटन जरूरी है।निवेश आवंटनकर्ताओंकी अनिच्छा एक बड़ा नकारात्मक संकेत है। इससे देशमें आने वाले विदेशी इक्विटी निवेशकी मात्राके साथ-साथ पूंजीके स्रोतोंकी विविधता भी सीमित होगी। किसी देशमें विशेष आवंटनके बजाय सामान्य निवेशके माध्यमसे मिलने वाला निवेश स्वभावत: बाजारके चक्रीय उतार-चढ़ावपर अधिक निर्भर होता है। सोचमें यह बदलाव क्यों आया है। सबसे पहला कारण उभरते बाजारोंके सूचकांकमें भारतकी घटती हिस्सेदारी है। अब हमारा भार केवल दस फीसदी रह गया है जो पहलेकी तुलनामें आधा है। वहीं ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन मिलकर उभरते बाजारोंके सूचकांकका ७० फीसदी हिस्सा रखते हैं। ऐसेमें क्या भारतमें निवेश करनेकी जरूरत है। पिछले दस वर्षोंमें भारतीय बाजारने वैसे भी उभरते बाजारोंके सूचकांकोंकी तुलनामें सालाना लगभग १८० आधार अंक यानी १.८ फीसदी कम रिटर्न दिया है। यहांतक कि २० वर्षोंके आधारपर भी भारतका प्रदर्शन बहुत मामूली रहा है। यह धारणा भी कमजोर पड़ रही है कि कम्पनियोंकी गुणवत्ता, विकासकी निरन्तरता और उद्यमशीलताकी ऊर्जाके कारण भारतमें निवेश करना जरूरी है। अब यह विश्वास कम हो रहा है कि भारतके पास आने वाले कई दशकोंतक मजबूत आर्थिक विकासकी सम्भावनाएं हैं। कई निवेशक इस निष्कर्षपर पहुंच गये हैं कि भारत शायद इतना रिटर्न नहीं दे पायगा जिससे निवेशकोंको पर्याप्त निरपेक्ष रिटर्न मिल सके। उनकी गणना इस प्रकार है।पिछले बीस वर्षोंमें रुपयेके संदर्भमें निफ्टी सूचकांकने सालाना लगभग १०.५ फीसदीका रिटर्न दिया है। यदि इसमें पूंजीगत लाभ करका लगभग १५ फीसदी प्रभाव मान लिया जाय जो अल्पकालिक पूंजीगत लाभ करकी २० फीसदी दर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की १२.५ फीसदी दरका औसत है तो रिटर्न घटकर लगभग ८.९ फीसदी रह जाता है। यदि रुपयेके मूल्यमें सालाना लगभग चार फीसदीकी गिरावटको भी शामिल किया जाय जो २० वर्षोंका औसत है तो डालरके सन्दर्भमें रिटर्न घटकर लगभग छह फीसदी रह जाता है। जब अमेरिकी इक्विटीमें सौ सालका सालाना रिटर्न लगभग दस फीसदी है तो छह फीसदीके पीछे कोई क्यों भागेगा। तर्क है कि निफ्टीका २५ वर्षोंका रिटर्न दस फीसदी नहीं, बल्कि लगभग १३.५ फीसदी है। निफ्टीके आंकड़े बाजारसे मिलने वाले वास्तविक रिटर्नको कम करके दिखाते हैं। महंगी दरोंके बीच अन्तर कम होनेके कारण यह मान लेना भी तर्कसंगत नहीं है कि रुपयेके मूल्यमें लगातार चार फीसदी सालाना गिरावट आती रहेगी। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि निवेशक क्या कह रहे हैं।सभी निवेश आवंटनकर्ता पूंजीगत लाभ करको लेकर नाराज हैं। दुनियाके किसी अन्य प्रमुख बाजारमें उन्हें इस तरहका कर नहीं देना पड़ता। इस करके कारण लम्बी अवधिमें अनुमानित वार्षिक चक्रवृद्धि रिटर्न लगभग दो फीसदी अंक कम हो जाता है। यह धारणा बन गयी है कि भारतमें कारोबार करना काफी जटिल है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके कारण वैश्विक स्तरपर सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले देशोंमें भी भारतको देखा जा रहा है। इसकी वजह यह है कि एआई-केन्द्रित दुनियामें भारतके अनुकूल जनसांख्यिकी और कुशल दफ्तरी कार्यबलकी प्रासंगिकता घट रही है। वैश्विक स्तरपर मूल्य सृजनको गति देने वाले नवाचार और शोध एवं विकासको भारतकी कमजोरियां माना जा रहा है। इस तर्कका खंडन किया जा सकता है लेकिन बहुतसे निवेश आवंटनकर्ता इसपर विश्वास करते हैं। यदि भारत एक स्वतंत्र निवेश परिसंपत्ति वर्गके रूपमें अपना आकर्षण खो देता है तो यह चिन्ताका विषय होगा। इससे देशमें दीर्घकालिक संरचनात्मक निवेश पूंजीका प्रवाह कम होगा और वैश्विक निवेश आवंटनकर्ताओंकी नजरमें भारतकी प्रासंगिकता भी घटेगी। तमाम आंकड़े भारतको लेकर और अधिक नकारात्मक होनेका कारण बननेके बजाय बाजारमें विपरीत रुझानके संकेतक हैं। इनमेंसे अधिकांश कारक चक्रीय प्रकृतिके हैं और समयके साथ परिस्थितियां बदलेंगी। इस बीच हमें इस बातका ध्यान रखना होगा कि वैश्विक निवेशकोंके निवेश विकल्पोंकी सूचीमें भारतकी स्थिति और नीचे न खिसक जाय।



पिछले बीस वर्षोंमें रुपयेके संदर्भमें निफ्टी सूचकांकने सालाना लगभग १०.५ फीसदीका रिटर्न दिया है। यदि इसमें पूंजीगत लाभ करका लगभग १५ फीसदी प्रभाव मान लिया जाय जो अल्पकालिक पूंजीगत लाभ करकी २० फीसदी दर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ करकी १२.५ फीसदी दरका औसत है तो रिटर्न घटकर लगभग ८.९ फीसदी रह जाता है। यदि रुपयेके मूल्यमें सालाना लगभग चार फीसदीकी गिरावटको भी शामिल किया जाय जो २० वर्षोंका औसत है तो डालरके सन्दर्भमें रिटर्न घटकर लगभग छह फीसदी रह जाता है।

जनताके असंतोष को दर्शाते परिणाम

ट्रम्प अपनी नीतियों, ईरानके साथ युद्धके कारण हारे या फिर अमेरिका केवल यूरोप और दुनियाके अन्य हिस्सोंमें चल रहे एक बड़े राजनीतिक आन्दोलनको प्रतिबिंबित कर रहा है। ट्रम्पने हमेशा शक्ति प्रदर्शनमें विश्वास किया है।

❐ सी. देवी

अमेरिकी मध्यावधि चुनावोंमें डोनाल्ड ट्रम्पकी हार रिपब्लिकन पार्टीके लिए एक झटकेसे कहीं अधिक है। यह हर जगहके राजनेताओंके लिए एक चेतावनी है कि एक बार हासिल की गयी सत्ताको कभी भी स्थायी या गृहीत नहीं माना जा सकता। कांग्रेसके दोनों सदनोंपर नियंत्रण हासिल करते हुए डैमोक्रेट्सकी व्यापक जीतने आम अमरिकियोंके बढ़ते असंतोष को उजागर कर दिया है, जो ऐसे नेतृत्वसे निराश थे, जो उनके रोजमर्राके सरोकारोंसे लगातार कटता जा रहा था। सवाल यह है कि क्या ट्रम्प अपने घमंड, अपनी नीतियों, ईरानके साथ युद्धके कारण हारे या फिर अमेरिका केवल यूरोप और दुनियाके अन्य हिस्सोंमें चल रहे एक बड़े राजनीतिक आन्दोलनको प्रतिबिंबित कर रहा है। इसका उत्तर शायद इन सभी कारकोंका एक संयोजन है। ट्रम्पने हमेशा शक्ति प्रदर्शनमें विश्वास किया है। उनकी राजनीतिक शैली टकराव वाली है, उनकी भाषा अक्सर कठोर होती है और उनका आत्मविश्वास कभी-कभी घमंडकी सीमाको छूने लगता है। उन्होंने बार-बार खुदको अमेरिकाको बचानेमें सक्षम एकमात्र व्यक्तिके रूपमें पेश किया है। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब सत्ताका निरन्तर प्रदर्शन उन लोगोंको भी दूर करने लगता है, जिन्होंने कभी इसका समर्थन किया था। कई अमेरिकी इस निष्कर्षपर पहुंचते दिखे कि उनके राष्ट्रपति अपनी कठिनाइयोंको समझनेकी बजाय अपने अधिकारका प्रदर्शन करनेमें अधिक चिंतित थे। हालांकि अर्थव्यवस्था चुनावी परिणामका सबसे शक्तिशाली स्पष्टीकरण बनी हुई है। ट्रम्पने कीमतें नीचे लाने और आम अमेरिकियोंके जीवनमें सुधार करनेका वादा किया था। इसकी बजाय, किरानेका सामान, आवास, स्वास्थ्य सेवा और रोजमर्राकी जरूरतोंका खर्च परिवारोंपर भारी पड़ता रहा। मुद्रास्फीति केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, यह किसी परिवारके बचत करनेमें सक्षम होने और अगले वेतनके दिनतक जीवित रहनेके लिए संघर्ष करनेके बीचका अंतर है।अमेरिकी उद्योगोंकी रक्षाके उद्देश्यसे बनायी गयी उनकी टैरिफ नीतियोंने भी आर्थिक अनिश्चितता और उच्च लागतमें योगदान दिया। जिन मतदाताओंको तत्काल राहतकी उम्मीद थी, वे यह सवाल उठाने लगे कि क्या ये नीतियां वास्तवमें उनके पक्षमें काम कर रही हैं। अमेरिकी मतदाता ट्रम्पको एक और मौका देनेके लिए तैयार रहे होंगे लेकिन धैर्यकी भी एक सीमा होती है। ईरानके साथ युद्ध एक और निर्णायक कारक बन गया। इस संघर्षने अनिश्चितता, बढ़ती ऊर्जा लागत और यह सवाल पैदा किया कि अमेरिका एक और लम्बे सैन्य जुड़ावमें क्यों शामिल हुआ। ऐसे समयमें जब परिवार जीवनयापनकी लागतसे जूझ रहे थे, युद्धपर भारी राशि खर्च करनेके विचारको उचित ठहराना बेहद मुश्किल हो गया। ट्रम्पने खुद स्वीकार किया कि ईरान युद्धने चुनावको प्रभावित किया था। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि विदेश नीति, जो अक्सर आम मतदातासे दूर दिखाई देती है, अंतत: घरेलू बजटमें अपना रास्ता तलाश ही लेती है। ईंधनकी ऊंची कीमतें, अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें अनिश्चितता और तनाव बढ़नेका डर हर किसीको प्रभावित करता है। यूरोपने लोकलुभावन पार्टियोंके उदय, विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक अस्थिरताको देखा है। आर्थिक तंगी, जनताके असंतोष और बदलती राजनीतिक निष्ठाओंके दबावमें सरकारें गिर गयी हैं या कमजोर हो गयी हैं। फिर भी यह प्रवृत्ति एक समान नहीं है। कुछ देशोंमें, लोकलुभावन आन्दोलन मजबूत हो रहे हैं, दूसरोंमें मतदाता उन्हें खारिज कर रहे हैं। सांझा सूत्र यह है कि पारम्परिक राजनीतिक निष्ठाएं कम भरोसेमंद होती जा रही हैं। मध्य पूर्वमें अनिश्चितता एक और आयाम जोड़ती है। युद्ध, विस्थापन, ऊर्जा असुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय तनावने यह भावना पैदा की है कि दुनिया तेजीसे अस्थिर होती जा रही है। हर जगह नागरिक पूछ रहे हैं कि क्या उनकी सरकारें उनके आर्थिक हितोंकी रक्षा करने और एक सुरक्षित भविष्य प्रदान करनेमें सक्षम हैं। विश्वासका एक गहरा संकट भी है। राजनेताओंको अब उनके भाषणोंसे नहीं, बल्कि इस बातसे आंका जाता है कि वे परिणाम देते हैं या नहीं। बड़ी घोषणाएं, अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और शक्तिका प्रदर्शन बेरोजगारी, महंगे आवास या खाद्य पदार्थोंकी बढ़ती कीमतोंकी भरपाई नहीं कर सकते। इसलिए ट्रम्पकी हारकी व्याख्या केवल एक व्यक्तिकी अस्वीकृतिके रूपमें नहीं की जानी चाहिए। यह राजनीतिक व्यक्तित्वकी सीमाओं और जनताके असंतोषकी उपेक्षाके परिणामोंको दर्शाती है। उनके विरोधियोंके पास अब बदलावके वादोंको पूरा करनेका अपना कठिन कार्य हो सकता है। चुनाव जीतना एक बात है, सफलतापूर्वक शासन करना दूसरी। आर्थिक वृद्धि, बुनियादी ढांचा और अंतरराष्ट्रीय स्थिति महत्वपूर्ण हैं लेकिन आम नागरिक किफायती जरूरतें, रोजगार, सुरक्षा और सम्मान भी चाहता है। कोई भी सरकार यह नहीं मान सकती कि उसकी लोकप्रियता आर्थिक तंगीसे अछूती रहेगी। दुनिया एक ऐसे दौरमें प्रवेश कर रही है, जिसमें मतदाता अधिक तत्काल उत्तरोंकी मांग कर रहे हैं। उनके पास घमंड, राजनीतिक नाटकबाजी और अधूरे रह जाने वाले वादोंके लिए कम धैर्य है। अंतत: ट्रम्पकी हार हमें याद दिलाती है कि लोकतंत्रके पास सत्ताकी ज्यादतियोंको सुधारनेका एक तरीका है। मतपेटी उन लोगोंकी आवाज बन जाती है जो खुदको अनसुना महसूस करते हैं और जब वह आवाज इतनी मजबूत हो जाती है तो सबसे शक्तिशाली नेताको भी सुनना ही पड़ता है। अमेरिकासे मिला सन्देश स्पष्ट है-कोई भी नेता जनतासे बड़ा नहीं है और कोई भी राजनीतिक जनादेश स्थायी नहीं है।

आत्मबोध

सत्यका प्रकाश

❐ अंशुल

प्रकाश सत्यका अभिन्न अंग है। कोई संत जब सत्यकी व्याख्या करता है तो वह प्रकारान्तरसे प्रकाशकी बात कर रहा होता है। झूठ मात्र अन्धकारका प्रतिनिधित्व करता है। सत्य साहस देता है और अन्धेरा भय उत्पन्न करता है। जिस तरह दीपावलीकी अमावस्या सर्वाधिक अंधेरी होती है, उसी तरह जीवनमें भी कभी-कभी ऐसा गाढ़ा अन्धकार आ जाता है, जिसे चीरकर बाहर आना बहुत कठिन होता है। किन्तु उसी ठोस तमसमें मात्र एक कर्मका दीप जल जाय तो अन्धेरा गायब हो जाता है। वास्तवमें अन्धेरेका कोई अस्तित्व ही नहीं है। प्रकाशका अभाव अन्धकारका सृजन करता है। आप पायंगे कि जीवनमें जो अन्धेरा आया है वह आपके मनकी उपज है। वास्तवमें जब आय कर्मसे विरत होते हैं तभी तमसको फैलनेका अवसर मिलता है। कर्म प्रकाशका जन्मदाता है। गीतामें श्रीकृष्ण कहते हैं कि मनुष्य बिना कर्मके रह ही नहीं सकता। तुलसीने गाया- कर्म प्रधान विरुव करि राखा। कर्म करते रहो तो फिर तमस कभी नजदीक आ ही नहीं सकता। निष्क्रिय जीवन अन्धेरों-संकटों-समस्याओंसे भरा होता है और सक्रिय जीवन, प्रकाश, सुख एवं समाधान प्रधान होता है। निराशा अन्धकारकी जननी है। आशा प्रकाशकी ओर उन्मुख करती है। सत्य प्रकाशकी तरह सरल, स्वाभाविक और मुधर होता है। प्रकाश समारोह है, उत्सव है जीवनका और अन्धकार मृत्यु है। प्रकाश हमें जीनेकी कला सिखाता है। हर समय हमारा मार्ग प्रकाशित करता है। उपनिषद् कहती है जब पूर्णसे पूर्ण निकाल लिया जाता है तो जो शेष रहता है, वह भी पूर्ण है। अर्थात् प्रकाशसे प्रकाशकी ओर चलते रहो तो कभी तमस मार्गमें आयेगा ही नहीं। जैसे पुनर्जीवन इसलिए नहीं है कि मृत्यु है, पुनर्जीवन इसलिए है कि जीवन है। हम सब कुछ सकारात्मक सोचें, सकारात्मक देखें तो अन्धेरा कभी हमारे सामने नहीं आयगा। हम निष्क्रिय होकर बैठे हैं, अत: सामने अन्धेरा है। हम जैसे ही सक्रिय हो जायंगे सामने प्रकाश ही प्रकाश फैल जायगा। हम जीवनमें अन्धेरेको, असत्यको प्रश्रय ही क्यों दे। हम इसे माने ही क्यों? वास्तविक तो यही है कि अन्धेरा कभी था ही नहीं। सूरज नहीं है, इसलिए रात्रि है। सूरजका अभाव रात्रिका कारण है और सूर्योदय रात्रिका अवसान। इसीसे हम सत्य, कर्मकी ओर प्रवृत्त रहें तो प्रकाश ही प्रकाश हो जायगा। दीपावलीका दीपोत्सव हमें यही सिखाता है। हर समय कर्मका दीप जलाते रहो यही जीवनका मर्म है।

आंकड़ोंकी बाजीगरीमें आत्मनिर्भरता गायब

❐ पूरन चंद सरीन

विश्व बैंकके आंकड़ोंपर सरकारको अपनी पीठ थपथपाने और विपक्षी आलोचनाको पटखनी देनेका अवसर मिल गया है। परन्तु असली सवाल यह है कि शहरी हो या देहाती, सामान्य नागरिकके जीवनमें कितना बदलाव आयाघ् विश्व बैंककी अप्रैल २०२६ की रिपोर्ट के अनुसार २०११-१२ से २०२३-२४ के बीच भारतमें निम्न-मध्यम आय वाले देशोंके लिए निर्धारित गरीबी रेखा, प्रति व्यक्ति प्रतिदिन ३९६ रुपये (२०२१ की क्रय-शक्तिके आधारपर) की आमदनी हुई। मतलब कि गरीबी रेखासे नीचे रहने वाली आबादी लगभग ५८ प्रतिशतसे घटकर १६ प्रतिशत रह गयी और करीब ५० करोड़ लोग गरीबी रेखासे ऊपर आये। अत्यधिक गरीबी यानी प्रतिदिन २८३ रुपयेसे कमपर जीवन बिताने वालोंका अनुपात भी २७ प्रतिशतसे घटकर ढाई प्रतिशत रह गया। ध्यान रहे कि यह विश्लेषण २०२१ में किसी व्यक्तिकी खरीददारी करनेकी क्षमतापर आधारित था और अब २०२६ है। इसलिए पूछा जाना चाहिए कि क्या इस आमदनीसे जीवन समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकता है इन आंकड़ोंका राजनीतिक पक्ष भी कम दिलचस्प नहीं है। सत्ताधारी दल इन्हें अपनी नीतियों और नेतृत्वकी सफलताका प्रमाण बताता है। विपक्ष बेरोजगारी, महंगी, किसानोंकी परेशानी और सरकारी योजनाओंकी कमियोंको सामने लाकर सरकारको घेरता है। राजनीतिमें यह स्वाभाविक है लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब आंकड़े राजनीतिक हथियार बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि गरीबीमें कमी एक लम्बी प्रक्रियाका परिणाम होती है। इसमें आर्थिक विकास, लोगोंकी मेहनत, रोजगार, कृषि और उद्योगकी स्थिति, पहलेसे चल रही योजनाएं और वर्तमान सरकारकी नीतियां, सभीकी भूमिका होती है। इसका पूरा श्रेय किसी एक सरकारको देना न्याय नहीं होगा। लगभग ८० करोड़ लोगोंको मुफ्त अनाज, किसानोंको प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधिके तहत सालाना ६,००० रुपये, उज्ज्वला योजनाके तहत गैस कनैक्शन, शौचालय निर्माणके लिए सहायता, गरीबोंके लिए आवास, स्वास्थ्य बीमा और महिलाओंके लिए अलग-अलग राज्योंमें नकद सहायता जैसी सुविधाओंका महत्व नकारा नहीं जा सकता। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लोगोंको सामाजिक सुरक्षा देना कोई मुफ्तखोरी नहीं, बल्कि कल्याणकारी राज्यका दायित्व है। राहत और विकास दो अलग-अलग चीजें हैं। मुफ्त गैस कनेक्शन मिलना और नियमित रूपसे सिलैंडर भरवा पाना दो अलग बातें हैं। शौचालय बन जाना और पानीकी नियमित उपलब्धता होना भी अलग बातें हैं। किसानके खातेमें ६,००० रुपये आना राहत हो सकती है, लेकिन खेतीकी लागत, फसलका उचित मूल्य, सिंचाई और बाजारकी समस्याओंका पूरा समाधान नहीं। मुफ्त राशन पेट भर सकता है लेकिन परिवारकी स्थायी आमदनी नहीं बन सकता। विडंबना यह है कि केन्द्र या राज्यकी कोई और किसी भी दलकी सरकार हो, कोई यह नहीं जानना चाहता कि इन योजनाओंसे लाभार्थियोंके जीवनमें दीर्घकालीन बदलाव कितना आया। क्या बच्चोंकी शिक्षा बेहतर हुई। क्या महिलाओंको आर्थिक स्वतंत्रता मिली। क्या युवाओंको कौशल और रोजगार मिला। क्या परिवार कुछ वर्षों बाद सरकारी सहायताके बिना भी अपनी जरूरतें पूरी करनेकी स्थितिमें पहुंचा। आजका पढ़ा-लिखा युवा केवल राहत नहीं चाहता, नौकरी चाहता है, अपना कारोबार शुरू करना चाहता है और अपने परिवारका भविष्य सुरक्षित करना चाहता है। भारत सरकारके आंकड़े बताते हैं कि १५ से २९ वर्षके युवाओंमें बेरोजगारी दर दस प्रतिशत थी। शहरी युवाओंमें यह १४ प्रतिशत रही। केवल पांच प्रतिशत युवाओंने ही औपचारिक व्यावसायिक या तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया था। लगभग हर चौथा युवा न रोजगारमें था, न शिक्षामें और न ही प्रशिक्षणमें। यह केवल बेरोजगारीकी कहानी नहीं है, बल्कि हमारे कौशल और अवसरोंके बीचकी खाईं है। अपना छोटा उद्योग या कारोबार शुरू करने वाला व्यक्ति बैंकसे कर्ज, लाइसैंस, निरीक्षण, सरकारी मंजूरी और भुगतानमें देरी जैसी अड़चनोंसे जूझता है। कहीं उसे सिफारिशकी जरूरत पड़ती है, कहीं रिश्वत दिये बिना काम नहीं होता। ऐसे माहौलमें आत्मनिर्भर बननेका सरकारी नारा जमीनपर कितना कारगर है, यह समझना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। यूरोपके कई देशोंमें व्यापक सामाजिक सुरक्षा है। पेंशन, बेरोजगारी भत्ता और स्वास्थ्य सुविधाएं हैं लेकिन इनके साथ कौशल प्रशिक्षण, अप्रैंटिसशिप और रोजगारमें वापसीकी व्यवस्था भी जोड़ी जाती है। जर्मनीकी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रणाली इसका उदाहरण है, जहां पढ़ाईके साथ उद्योगोंमें काम सीखनेका अवसर मिलता है। डेनमार्कमें बेरोजगार व्यक्तिको सहायता देनेके साथ उसे रोजगारके योग्य बनानेपर जोर दिया जाता है। एशियामें चीन, वियतनाम और बंगलादेशने उद्योग, निर्यात, विनिर्माणके साथ रोजगारके अवसर बढ़ानेपर जोर दिया। बड़े पैमानेपर औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचेने गरीबी घटानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन देशोंकी नीतियां भारतमें ज्योंकी त्यों लागू नहीं की जा सकतीं लेकिन एक सबक स्पष्ट है, सामाजिक सहायता जरूरी है लेकिन यदि स्थायी रूपसे आर्थिक प्रगतिका सपना साकार करना है तो रोजगार और आमदनीके अवसर पैदा किये बिना कोई चारा नहीं।क्या गरीब परिवारका बच्चा अच्छी शिक्षा पा रहा है। क्या किसानकी आमदनी सम्मानजनक है। क्या युवाको योग्यताके अनुसार रोजगार मिल रहा है। क्या छोटा व्यापारी बिना रिश्वत और सिफारिशके अपना काम कर सकता है। क्या महिलाओंको सहायताके साथ आर्थिक स्वतंत्रता भी मिल रही है। सरकारकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं होनी चाहिए कि उसने कितने करोड़ लोगोंको मुफ्त सुविधाएं दीं, बल्कि यह होनी चाहिए कि कितने करोड़ लोग अब उन सुविधाओंपर निर्भर हुए बिना सम्मानपूर्वक अपना जीवन चला सकते हैं। गरीबी घटाना बड़ी उपलब्धि है लेकिन गरीबीसे बाहर आये व्यक्तिको फिरसे गरीबीमें न लौटने देना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्रमें सरकारका मूल्यांकन इस बातसे नहीं होना चाहिए कि उसने जनताको कितना दिया, बल्कि इस बातसे होना चाहिए कि उसने जनताको अपने दमपर कितना कमाने, आगे बढ़ने और सम्मानपूर्वक जीने योग्य बनाया।

बदलते सहारनपुर की तस्वीर, विकास कार्यों से नगर विधायक राजीव गुंबर ने बनाई नई पहचान

मनोज मिड्ढा

सहारनपुर। सहारनपुर नगर विधानसभा क्षेत्र में बीते साढ़े चार वर्षों के दौरान विकास की कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम हुआ है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने अपने कार्यकाल में शहर की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, परिवहन व्यवस्था का विस्तार करने, विद्युत सुधार कराने, धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और मोहल्लों में सड़क एवं नाली निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी। बड़े प्रोजेक्ट से लेकर कॉलोनियों की छोटी-छोटी जरूरतों तक विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के प्रयास उनके कार्यकाल की प्रमुख गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

दिल्ली रोड स्थित आवास विकास क्षेत्र में अंतरराज्यीय बस अड्डे के लिए लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से भूमि खरीदे जाने और निर्माण के लिए 23 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने को शहर की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में गिना जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने से सहारनपुर की परिवहन व्यवस्था को नया विस्तार मिलने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है।

विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए लगभग 173 करोड़ रुपये के विभिन्न कार्य कराए जाने की जानकारी भी सामने आई है। जर्जर तारों एवं खंभों को बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास किए गए। इसके साथ ही पुराने शहर और आसपास के क्षेत्रों में अग्निशमन सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से नए फायर स्टेशन को स्वीकृति दिलाने की पहल की गई। धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी कई कार्य हुए हैं। श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर के विकास के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की गई, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मल्टी यूटिलिटी भवन, शौचालय, सोलर पैनल, लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था और पेयजल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर में 47 लाख रुपये की लागत से फसाड लाइटिंग तथा श्री भैरों काली



मंदिर में भी विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए। इन प्रयासों से धार्मिक स्थलों को बेहतर स्वरूप देने की दिशा में काम हुआ है।

रेलवे सुविधाओं के विस्तार में भी सहारनपुर को नई सौगातें मिली हैं। रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिकीकरण किया जा रहा है। सहारनपुर से लखनऊ के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन भी यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बना है। विधायक ने रेल मंत्रालय के समक्ष यात्रियों की सुविधा और ट्रेन के समय से जुड़े मुद्दे भी उठाए। मोहल्लों और कॉलोनियों के

शहर की कनेक्टिविटी, बेहतर बिजली व्यवस्था, सड़कों के निर्माण और मंदिरों के सौंदर्यीकरण सहित कई योजनाओं को मिली गति

विकास को लेकर भी कार्य किए गए। वर्ष 2026 में विधायक निधि और मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत लगभग 50 लाख रुपये की लागत से अर्पित विहार कॉलोनी, वाल्मीकि बस्ती और लक्ष्मण सिंह कॉलोनी में सड़क निर्माण एवं सुधार कार्यों का शुभारंभ किया गया। इससे स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। इससे पहले वार्ड 42 में लगभग 75 लाख रुपये के सड़क निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया था।

विधायक निधि के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक कुल 220 विकास कार्यों की संस्तुति की गई, जिनमें 206 कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति मिली। यह आंकड़ा विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव आगे बढ़ाने की गतिविधियों को दर्शाता है।

स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए होजरी उद्योग को एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल कराने की पहल भी की गई। वहीं शाकंभरी विहार आवासीय योजना के माध्यम से लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए गए।

राजीव गुंबर के कार्यकाल में सामने आई इन परियोजनाओं से सहारनपुर के शहरी विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली हैं। बड़े आधारभूत ढांचे से लेकर मोहल्लों की सड़कों और धार्मिक स्थलों की सुविधाओं तक अलग-अलग क्षेत्रों में विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है। आने वाले समय में इन परियोजनाओं का पूर्ण होना और उनका लाभ आम नागरिकों तक पहुंचना सहारनपुर के विकास की अगली महत्वपूर्ण कड़ी होगी।

सरसावा में राजू हत्याकांड का खुलासा, दो सगे भाई गिरफ्तार; ट्रैक्टर-ट्रॉली के गुल्ले से किया था सिर पर वार

आज समाचार सेवा

•कहासुनी के बाद जंगल में दिया वारदात को अंजाम, घायल राजू को जिंदा समझ मोटरसाइकिल पर ले जाकर दूसरे स्थान पर फेंका; आला-ए-कत्ल, मृतक के कपड़े और पर्स बरामद



सहारनपुर। थाना सरसावा पुलिस ने राजू हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों ने आपसी कहासुनी के बाद राजू के सिर पर ट्रैक्टर-ट्रॉली के लोहे के गुल्ले से वार किया था। वारदात के बाद पहचान छिपाने के उद्देश्य से घायल राजू को मोटरसाइकिल पर बैठाकर दूसरे स्थान पर ले जाकर फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आला-ए-कत्ल, मृतक के कपड़े, पर्स और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी देहात मयंक पाठक ने बताया कि 10 नवंबर को संजय कुमार निवासी चौरी मंडी, थाना चिलकाना ने अपने भाई राजू की हत्या के संबंध में थाना सरसावा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान शुभम उर्फ बॉबी और उसके भाई रजत निवासी चौरी मंडी के नाम प्रकाश में आए।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में शुभम ने बताया कि 9 नवंबर की शाम उसने राजू को फोन कर अपने घेर के पीछे जंगल में बुलाया था। वहां किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद शुभम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के लोहे के गुल्ले से राजू के सिर पर वार कर दिया। राजू के घायल होकर गिरने के बाद उसने अपने भाई रजत को फोन कर मौके पर बुलाया। दोनों ने राजू को घायल अवस्था में देखा और उसे वहां से हटाने की योजना बनाई। आरोप है कि दोनों राजू को मोटरसाइकिल पर बीच में बैठाकर हैदरपुर से भिक्कनपुर जाने वाले रास्ते पर बंधे के पास ले गए और वहां फेंक दिया। इसके बाद घटना में प्रयुक्त गुल्ला, मृतक का पर्स और कपड़े बिन्याखेड़ी के पास तालाब किनारे झाड़ियों में छिपा दिए, जबकि मोबाइल फोन तोड़कर तालाब में फेंक दिया। एसपी देहात के मुताबिक पुलिस ने दोनों आरोपियों को 12 नवंबर को देहरादून-अंबाला हाईवे स्थित सरसावा टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील तथा कांस्टेबल मोहित तोमर और कपिल देव शामिल रहे।

राहुल चौधरी को मिली भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

देवबंद। विधानसभा क्षेत्र के गांव फलौदा रहमतपुर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल चौधरी को भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकताओं ने खुशी जताई। राहुल चौधरी इससे पहले भी संगठन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उन्हें पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा और राज्य मंत्री जसवंत सैनी का करीबी माना जाता है। निष्पक्ष खबर से बातचीत में राहुल चौधरी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य पिछड़े समाज में भाजपा संगठन को मजबूत करना और कार्यकताओं को एकजुट रखना है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों के लिए भाजपा ने अनेक कार्य किए हैं और पिछड़ा वर्ग आगे भी पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।



उन्होंने जिला अध्यक्ष अजीत राणा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जिले में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। राहुल चौधरी ने कहा कि पुराने कार्यकताओं को सम्मान देना और गांवों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

भाजपाईयो ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत का किया भव्य स्वागत

छुटमलपुर (सहारनपुर) नगर पंचायत छुटमलपुर के रुड़की रोड स्थित भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य विकास गुप्ता के कैंप कार्यालय पर बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहित होकर सहारनपुर जाते समय भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, सभी को एकजुट होकर आगामी विधान सभा चुनाव के लिये अभी से पूरी ताकत से जुट जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा में कमल का फूल खिलाना है, ताकि योगी जी के हाथों को और मजबूत किया जा सके। इस दौरान डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेन्द्र राणा, जिला पंचायत सदस्य दुबे सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता अरोड़ा, सभासद ओमप्रकाश सैनी, प्रियंका काम्बोज, ममता वैष्णव सहित संजय अग्रवाल, सुनील जैन, राजिंदर सैनी, ऋषिपाल धीमान, मागेराम शर्मा, सतपाल सैनी, सुमित कंबोज, सचिन बंसल, कविराज चौधरी, राजकुमार मित्तल, दिनेश शर्मा, रवीश सैनी, शिव कुमार गुप्ता, अरविंद मित्तल, राकेश बंसल, श्यामलाल धीमान, मनोज पुंडीर, जनेश्वर शर्मा, संदीप रोहिला, दीपक भोरवाल, रवींद्र फौजी, सुनील गर्ग, अंकित वर्मा, सुधीर सैनी, अशोक गुप्ता, श्रवण कश्यप, ऋषिपाल उपाध्याय, रवि सैनी, आदित्य चौहान, सत्यम गुप्ता, अंकित गुप्ता, लक्ष्य शर्मा, विनय सैनी, आयुष गुप्ता, गगन वर्मा आदि मौजूद रहे।

गृह क्लेश के चलते महिला ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

गागलहेड़ी। थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव दिनारपुर में बुधवार शाम एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव दिनारपुर की टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली निवासी मीनू (30 वर्ष) पत्नी विकास ने बुधवार शाम अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि महिला ने गृह क्लेश के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना मिलने पर थाना गागलहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



घर में घुसकर मां-बेटे पर जानलेवा हमला धारदार हथियार से युवक को किया घायल

नानौता। क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में घर में घुसकर मां-बेटे पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही कुछ युवकों ने घर में घुसकर मां के साथ मारपीट की। विरोध करने पर बेटे पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में मां-बेटे दोनों को चोटें आई हैं। ग्राम फतेहपुर निवासी सुमित पुत्र सीताराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी मां के साथ घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के कुछ युवक अचानक घर में घुस आए और उसकी मां के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मां को बचाने पहुंचे सुमित पर भी आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित मां-बेटे थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानौता भेजा। थानाध्यक्ष विकास चारण ने बताया कि सुमित की तहरीर प्राप्त हो गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



आगामी एक दिसंबर से बस अड्डे पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू रक्षक

आज समाचार सेवा



नागल। कस्बे के बस अड्डे पर फलाई अवर एवं वन चेतना पार्क के जीर्णोद्धार तथा बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल पर किसानों के गन्ने के बकाया भुगतान जैसी समस्याओं को लेकर बस अड्डे पर आगामी एक दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू रक्षक। ब्लाक चौराहा स्थित संगठन के कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यकताओं के साथ बैठक के बाद प्रेस वार्ता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कस्बे के बस अड्डे से होकर स्टेट हाईवे गुजरता है जहां बड़े वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण गत वर्षों में दर्जनों से भी अधिक लोग सड़क हादसे में अपनी जान गवा चुके हैं तथा आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसों में लोग घायल हो जाते हैं जिसको लेकर संगठन के द्वारा जनपद के उच्च अधिकारियों से मिलकर बस अड्डे पर फलाई ओवर की मांग भी कर चुके हैं ,इतना ही नहीं कुछ दिन पहले तत्कालीन जिलाधिकारी मनीष बंसल के कार्यकाल के दौरान संगठन के कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर बस अड्डे पर करीब 19 दिन तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया था लेकिन जिलाधिकारी मनीष बंसल ने धरनारत कार्यकताओं के बीच पहुंचकर फलाई ओवर बनवाने का आश्वासन दिया था उन्होंने कहा कि वर्षों पहले शासन ने लाखों रुपए खर्च करके बस अड्डे के निकट वन चेतना पार्क कस्बे वासियों की सुविधा के लिए बनाया था लेकिन आज वह कूड़े तथा खंडहरों में तब्दील होकर अपना अस्तित्व खो चुका है। उन्होंने शासन प्रशासन से वन चेतना पार्क के जीर्णोद्धार की मांग भी की है उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र का बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल किसानों के गत वर्ष का बकाया करीब 75 करोड रुपए भुगतान नहीं कर रहा है जिस कारण किसानो की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है ।उन्होंने बजाज शुगर मिल प्रबंधन तंत्र को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 नवंबर तक किसानों के गन्ने का गत वर्ष का समस्त भुगतान नहीं किया जाता तो उनका संगठन शुगर मिल के खिलाफ कठोर कदम उठाएगी। संगठन ने क्षेत्र की अन्य समस्यायै भी रखी है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र सैनी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र लाखनोर, अनिल स्वामी, बिल्लू त्यागी ,मोना सैनी, गजेंद्र नौसरान, बलविंदर, अमरीश मलिक, राहुल फौजी, अनमोल अरोड़ा, शिवम चौधरी आदि मौजूद रहे।

छठ पर्व पर सुरक्षित घाटों पर ही पूजा कराने के निर्देश

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और दुर्घटनारहित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी ग्रामीण मयंक पाठक भी मौजूद रहे। अधिकारियों को घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और श्रद्धालुओं की आवाजाही व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों के क्रम में आयोजित बैठक में एडीएम प्रशासन लवी त्रिपाठी ने कहा कि छठ पूजा केवल निर्धारित और सुरक्षित घाटों पर ही कराई जाए। जलाशयों में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस, गोताखोरों, स्वयंसेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अंधेरे और अनधिकृत घाटों पर पूजा की अनुमति न दी जाए तथा आयोजक प्रशासन और पुलिस के निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

भीड़ नियंत्रण को लेकर उन्होंने घाटों पर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग रास्ते निर्धारित करने को कहा। पुलिस, होमगार्ड और स्वयंसेवक दल लगातार निगरानी रखेंगे। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और सुरक्षा रस्सियों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से पूजा कर सकें। इसके साथ ही एंबुलेंस, चिकित्सा दल और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि घाटों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार जनसंदेश और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाएं। किसी भी स्थिति में एक समय पर अत्यधिक भीड़ एकत्र न होने दी जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विकास पाण्डेय सहित अग्निशमन, विद्युत, रोडवेज, सिंचाई, नगर निगम, नगर पालिका और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

देवबंद में एक किलो चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

ऑपरेशन सवेरा के तहत गोपाली चौकी क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत देवबंद पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कथित नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक किलो अवैध चरस बरामद करने का दावा किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, सहारनपुर परिक्षेत्र में मादक पदार्थों, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी और बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देश पर 'ऑपरेशन सवेरा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी देवबंद के पर्यवेक्षण में थाना देवबंद पुलिस ने 11 नवंबर को गश्त और चेकिंग के दौरान गोपाली चौकी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने कफील पुत्र जियाउलहक उर्फ खानकाह निवासी ग्राम फुलास अकबरपुर, थाना देवबंद को रोककर तलाशी ली। पुलिस का कहना है कि तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक किलो चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी और



आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

बरामदगी के आधार पर थाना देवबंद में मुकदमा संख्या 767/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी का पूर्व आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ वर्ष 2025 में थाना देवबंद में गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संदीप बालियान, उपनिरीक्षक आनंद कुमार, उपनिरीक्षक बंटी कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार तथा कांस्टेबल गौरव त्यागी और अमित कुमार शामिल रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त दूसरे पक्ष ने लगाया ट्रैक्टर छीनने का आरोप

नागल ।बुधवार देर शाम ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई वही दूसरे पक्ष ने मोटरसाइकिल चालक के परिजनों द्वारा जबरन ट्रैक्टर छीनकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बसेड़ा निवासी राजेश पुत्र मामचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम करीब 5:30 बजे उसका लड़का पवन अपने 2 वर्षीय बच्चे तथा साथी सोनू के साथ मोटरसाइकिल द्वारा भीखनपुर के रास्ते पर सड़क किनारे खड़ा था आरोप है कि इसी दौरान सामने से ट्रैक्टर चालक गुरुदत्त निवासी भीखनपुर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह दूर जा गिरे ।उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई ।जबकि उनकी मोटरसाइकिल ट्रैक्टर से कुचलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जाता है कि दुर्घटना के बाद ग्रामीणों के इकट्ठा हो जाने पर ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को मोटरसाइकिल ठीक हो जाने तक वहीं पर छोड़कर चले गए थे ।वही ट्रैक्टर चालक के बाबा नरसिंह ने बसेड़ा निवासी दो युवकों पर मारपीट कर ट्रैक्टर छीन कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फॉर्म-6 भरने में लापरवाही न करें जनसेवा केंद्र संचालक, डुप्लीकेट आवेदन से बचने के निर्देश

आज समाचार सेवा

•उप जिला निर्वाचन अधिकारी लवी त्रिपाठी ने जनसेवा केंद्र संचालकों को दिया प्रशिक्षण, सही मोबाइल नंबर दर्ज करने और आवेदन का रेफरेंस नंबर आवेदक को देने के निर्देश



सहारनपुर। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जनपद के जनसेवा केंद्र संचालकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी लवी त्रिपाठी ने की।

लवी त्रिपाठी ने संचालकों को निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरते समय आवेदक का सही एवं सक्रिय मोबाइल नंबर ही दर्ज करें। जनसेवा केंद्र संचालक अपना या कोई काल्पनिक नंबर दर्ज न करें। एक ही व्यक्ति के बार-बार आवेदन करने और डुप्लीकेट फॉर्म जमा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद दोबारा फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि ओटीपी मिलने में देरी होने पर प्रतीक्षा करें और बार-बार ओटीपी जनरेट न करें। आवेदन में नाम की हिंदी और अंग्रेजी वर्तनी सहित सभी जानकारियों की जांच करें। फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट अपलोड करें तथा आवेदन सबमिट करने से पहले आवेदक को पूरा विवरण दिखाकर पुष्टि कराएं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आवेदन जमा होने पर प्राप्त रेफरेंस नंबर आवेदक को अवश्य दें। एसएमएस नहीं मिलने पर इसी नंबर से आवेदन की स्थिति जांची जा सकती है। किसी समस्या पर हेल्पलाइन नंबर 1950 से संपर्क करें।

इस दौरान एसपी देहात मयंक पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एसडीएम सदर विकास पाण्डेय, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित कुमार यादव सहित जनसेवा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

अखिलेश यादव अयोध्या जाएं तो सरयू में लाल टोपी भी त्याग दें: विकास त्यागी

आज समाचार सेवा



सहारनपुर/देवबंद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने संबंधी बयान पर बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने अखिलेश यादव के प्रस्तावित अयोध्या दौरे को लेकर समाजवादी पार्टी के पुराने राजनीतिक रुख और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े इतिहास का मुद्दा उठाते हुए कई सवाल किए। विकास त्यागी ने जारी बयान में कहा कि अखिलेश यादव अब हिंदुत्व से जुड़े मुद्दों पर अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके पुराने राजनीतिक रुख को भी याद रखती है। उन्होंने कहा कि यदि सपा अध्यक्ष वास्तव में भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करना चाहते हैं तो उन्हें अयोध्या में सरयू नदी के तट पर अपने पुराने राजनीतिक प्रतीकों और विचारधारा पर भी पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के शासनकाल में अयोध्या में रामभक्तों पर हुई पुलिस फायरिंग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह घटना राम मंदिर आंदोलन के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। विकास त्यागी ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव को सरयू में स्नान करते समय अपनी लाल टोपी भी त्याग देनी चाहिए। उनके अनुसार लाल टोपी उस दौर की राजनीतिक घटनाओं की याद दिलाती है। विकास त्यागी ने अखिलेश यादव से मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर भी अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सपा अध्यक्ष अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए जा रहे हैं तो उन्हें मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण के मुद्दे पर भी स्पष्ट संकल्प व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि अखिलेश यादव इस विषय में केवल बयान देने तक सीमित न रहें, बल्कि अपनी राजनीतिक भूमिका भी स्पष्ट करें। अयोध्या के कुछ साधु-संतों द्वारा अखिलेश यादव के प्रस्तावित दौरे का विरोध किए जाने के संबंध में भी विकास त्यागी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने संतों की नाराजगी का समर्थन करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन और उससे जुड़े ऐतिहासिक घटनाक्रम को नजरअंदाज करके राजनीति नहीं की जा सकती। अपने बयान के अंतिम हिस्से में विकास त्यागी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों को प्रमुखता दी है। त्यागी ने उन्हें प्रखर हिंदुत्ववादी नेता बताते हुए कहा कि देश में सनातन संस्कृति और धार्मिक पहचान से जुड़े मुद्दों पर उनका नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विकास त्यागी ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद अब मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण का विषय भी धार्मिक और राजनीतिक विमर्श के केंद्र में है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इन मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की।

हाईटेंशन लाइन से छूकर गन्ने की सूखी पत्ती से भरी ट्राली में लगी आग

आज समाचार सेवा

गंगोह- हुसैनपुर मार्ग पर नीचे लटक रही हाईटेंशन लाइन से छूकर गन्ने की सूखी पत्ती से भरी ट्रैक्टर ट्राली में आग लग गई। चालक ने ट्रैक्टर को ट्राली से अलग कर दिया। ट्रैक्टर पर सवार चारों लोग कूदकर जान बचाई। ट्राली के टायर और पत्ती जल गई। करीब 50 हजार रुपये का नुकसान बताया गया है।

ट्रैक्टर मालिक मुस्तकीम ने बताया कि वह हुसैनपुर के पास खेत से ट्रैक्टर ट्राली में गन्ने की पत्ती भरकर लौट रहा था। ट्रैक्टर पर आरिफ, शहजाद और मेजाद भी सवार थे। हुसैनपुर गांव के बाहर रास्ते से गुजरते समय ट्राली में ऊंचाई तक भरी पत्ती ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गई। चिंगारी उठने के बाद सूखी पत्ती में आग लग गई। आग की लपटें देखकर चालक ने ट्रैक्टर को ट्राली से अलग कर दिया। इसके बाद चारों लोग ट्रैक्टर से कूद गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पानी न होने के कारण मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। तब तक ट्राली और उसमें भरी पत्ती जल चुकी थी। ट्रैक्टर मालिक मुस्तकीम ने बताया कि वह आसपास के गांवों से गन्ने की पत्ती खरीदकर कोल्हू तक पहुंचाते हैं। उनका आरोप है कि सड़क के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन नीचे होने के कारण यह घटना हुई। उन्होंने बिजली विभाग से लाइन की ऊंचाई ठीक कराने की मांग की है। एसडीओ दीपक कुमार ने बताया कि बिजली लाइन ठीक कराई जाएगी।

निर्वाचन कार्य की समीक्षा बैठक से 8 सुपरवाइजर रहे नदारद, एसडीएम ने मांगा स्पष्टीकरण



बिलासपुर। विधानसभा निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।निर्वाचन कार्यों की समीक्षा के लिए तहसील सभागार में आयोजित बैठक से आठ सुपरवाइजर अनुपस्थित रहे। इस पर उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है।गुरुवार दोपहर स्थानीय तहसील के सभागार में विधानसभा निर्वाचन कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में शामिल होने के लिए सभी सुपरवाइजरों को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना देकर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे।इसके बावजूद आठ सुपरवाइजर बैठक में नहीं पहुंचे।अनुपस्थित रहने वालों में अतुल कुमार मिश्रा, दीपक जैन, शुभम कुमार, कमल कुमार, विपिन कुमार, विजय सैन, खालिद मोहम्मद और अंकुर कुमार शामिल हैं।

संबंधित सुपरवाइजरों की अनुपस्थिति के चलते उनके बूथों पर चल रहे निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा नहीं हो सकी।एसडीएम ने इसे निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए गंभीरता से लिया है।उन्होंने तहसीलदार और खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित सुपरवाइजरों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर तीन दिवस के भीतर उनके समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

कमल खमरिया की धर्मपत्नी के निधन पर अमरीश पटेल ने जताया शोक

रठौंडा चौराहे पर नुक्कड़ सभा में महंगाई-बेरोजगारी और किसान मुद्दे उठाए



रामपुर। पूर्व प्रत्याशी 36 विधानसभा बिलासपुर क्षेत्र व वरिष्ठ सपा नेता अमरीश कुमार पटेल ने कमल कुमार खमरिया की धर्मपत्नी के निधन की सूचना पर गुरुवार को उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा परिवार उनके साथ खड़ा है और ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।इसके पश्चात अमरीश कुमार पटेल ने रठौंडा चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा में क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने कहा कि आज आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। गेहूं के समर्थन मूल्य (रूक्क) में मामूली बढ़ोतरी की जाती है, जबकि किसानों को खेती में इस्तेमाल होने वाली खाद की बढ़ती कीमतों का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब किसान की फसल के दाम में थोड़ी वृद्धि होती है, तो खाद की कीमतें कई गुना महंगी क्यों हो जाती हैं ?उन्होंने कहा कि बेरोजगारी युवाओं के सामने गंभीर समस्या बनी हुई है।महंगाई से आम परिवारों का बजट बिगड़ रहा है और किसान अपनी मेहनत की फसल का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।किसानों की समस्याओं और उनके हितों को लेकर सरकार को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए।पटेल ने कहा कि बिजली की महंगाई से आम जन की कमर टूट रही है।पर यूनिट सबसे महंगी बिजली उत्तर प्रदेश में है। किसानों की फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।जल्द ही इस पर आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाना और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।क्षेत्र की जनता महंगाई, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दों पर जवाब और समाधान चाहती है।इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और जनहित के मुद्दों को लगातार उठाते रहने की बात कही।

जमीन को लेकर उठे विवाद पर डॉ महमूद ने दी सफाई, अधिवक्ता के माध्यम से रखा पक्ष



रामपुर। जमीन को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब डॉक्टर महमूद और उनके अधिवक्ता तरुण कुमार ने सामने आकर अपना पक्ष रखा है। डॉक्टर महमूद ने जमीन की खरीद-फरोख्त से लेकर उसके पुराने राजस्व रिकॉर्ड और कानूनी स्थिति को लेकर कई अहम बातें बताई हैं। वहीं, उनके अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि राजस्व अभिलेखों में पुराने नियमों के आधार पर गलत प्रविष्टियां दर्ज हैं, जिन्हें दुरुस्त कराने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है।

दरअसल, डॉक्टर महमूद के अधिवक्ता तरुण कुमार के मुताबिक, डॉक्टर महमूद ने यह जमीन वर्ष 2019 में एक करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदी थी। यह जमीन रामपुर के सराय गेट क्षेत्र में स्थित है और इसका गाटा संख्या 34/1 बताया गया है। अधिवक्ता का कहना है कि इस जमीन का इतिहास वर्ष 1944 से जुड़ा हुआ है। उस समय रामपुर रियासत की ओर से यह जमीन शौकत अली रिजवी को दी गई थी। बाद में उनके बेटे वजाहत अली रिजवी से डॉक्टर महमूद ने यह जमीन खरीदी थी।

अधिवक्ता तरुण कुमार ने रामपुर रियासत के विलय का हवाला देते हुए बताया कि एक जुलाई 1949 को रामपुर रियासत का भारत में विलय हुआ था। इसके बाद यहां उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 के प्रावधान लागू होने थे। उनका आरोप है कि इसके बावजूद राजस्व अभिलेखों में इस जमीन को आज भी नॉन-जेडए यानी नॉन-जमींदारी उन्मूलन श्रेणी में दर्ज किया जा रहा है, जबकि मौजूदा कानून में ऐसी व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि राजस्व रिकॉर्ड की इस कथित त्रुटि को ठीक कराने के लिए तहसील और जिलाधिकारी कार्यालय में प्रयास किए गए, लेकिन समाधान नहीं होने पर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की गई है।

अधिवक्ता ने यह भी दावा किया कि यह जमीन न तो कब्रिस्तान है, न सरकारी भूमि, न लावारिस और न ही श्मशान की जमीन है। उनके मुताबिक, पिछले करीब 82 वर्षों से यह जमीन एक ही परिवार के नाम चली आ रही थी। उन्होंने कहा कि जमीन को लेकर कमिश्नर और पूर्व कमिश्नर के नाम भी चर्चा में लाए जा रहे हैं, जबकि पूरे मामले को राजस्व रिकॉर्ड और कानूनी प्रक्रिया के आधार पर देखा जाना चाहिए।

डॉक्टर महमूद ने कहा कि लोगों ने इस मामले को बेवजह तूल दे दिया है। वह सभी के मन में पैदा हुए भ्रम को दूर करने के लिए सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि जमीन उन्होंने वर्ष 2019 में एक करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदी थी, लेकिन अब इसकी कीमत 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जमीन इतनी महंगी बताई जा रही है तो आखिर उन्होंने इसे कितनी कीमत में खरीदा था? डॉक्टर महमूद के मुताबिक, जमीन को लेकर कमिश्नर के स्तर पर भी आदेश हुआ था और निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे हस्तांतरण हो चुका है। फिलहाल इस पूरे मामले में डॉक्टर महमूद और उनके अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखते हुए राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों और जमीन की खरीद से जुड़े दस्तावेजों का हवाला दिया है। अब इस मामले में उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका और संबंधित राजस्व अभिलेखों के आधार पर आगे की कानूनी स्थिति क्या बनती है, इस पर सभी की निगाहें रहेंगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर, दिल्ली रेफर

बिलासपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।मोहल्ला शांति कालोनी निवासी विनोद कुमार चावला ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि वह एसटीएन टेलीविजन नेटवर्क, रुद्रपुर (उत्तराखंड) में पार्टनर हैं। उनके कर्मचारी सुमित कुमार और अमित कुमार ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में बाइक पर पीछे बैठे दोनों कर्मचारी घायल हो गए। जबकि अमित कुमार की स्थिति नाजुक देख उसे सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर निकली प्रभातफेरी

बिलासपुर। गुरुवार सुबह श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके माध्यम से गुरु के मानवतावादी संदेश नगर में प्रचारित किए गए।सुबह करीब 5.30 बजे सिख समुदाय के लोग नगर के माटखेड़ा रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एकत्र हुए। वहां नित नेम के पाठ के उपरांत निशान साहिब की अगुवाई में दूसरे दिन की प्रभातफेरी प्रारंभ हुई।फेरी में शामिल समुदाय के लोग सबद-कीर्तन करते और जयकारे लगाते चल रहे थे। बीच-बीच में रुककर नागरिकों को गुरु के मानवतावादी संदेश बताए गए और आपसी प्रेम, सद्भाव व शांति का आग्रह किया गया।नगर भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी माटखेड़ा रोड स्थित देवेंद्र सिंह बाजवा के निवास पर पहुंची।वहां ठहराव कर सबद-कीर्तन किया गया और जलपान भी वितरित किया गया। यहां के बाद फेरी गुरुद्वारे लौट आई और अरदास की गई।गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान तीरथ सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार से शुरू हुआ प्रभातफेरी का सिलसिला आगामी 22 नवंबर तक चलेगा। 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारे से विशाल नगर कीर्तन निकलेगा। 24 नवंबर को गुरुद्वारा परिसर में सुबह 9 बजे से विशाल दीवान सजाया जाएगा। इसमें बाहर से आए जत्थों के सबद-कीर्तन और कथा-प्रवचन होंगे।गुरु का अटूट लंगर भी चलेगा।प्रभातफेरी में डॉ. कुलविंदर सिंह, नवीन कुमार सिंह, स्वरूप सिंह, हरभजन सिंह, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, लखविंदर सिंह, प्यारा सिंह, गोविंद सिंह, गुरमीत सिंह, बलविंदर कौर, परमजीत कौर पोला, मंजीत कौर, सुरेन्द्र कौर, सुखवीर कौर, कुलवंत कौर, गुरदीश कौर आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

अधर में लटका नाला निर्माण, मलबे से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं, व्यापारी-ग्राहक परेशान

बिलासपुर। रामपुर रोड पर नाले के निर्माण को लेकर अधर में लटके कार्य से व्यापारी और बैंक आने-जाने वाले ग्राहक बेहद परेशान हैं। उनकी मांग है कि सड़क पर फैला मलबा आएदिन नागरिकों के लिए दुर्घटनाओं का सबब बन रहा है।बता दें कि रामपुर रोड पर यूको बैंक के सामने नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार को व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष सुदर्शन मदान सहित बैंक आने वाले ग्राहकों ने बताया कि पिछले छह माह पूर्व यह कार्य शुरू किया गया है, जबकि यह कार्य अधर में लटका हुआ है और मलबा सड़क पर बिखरा हुआ है। इससे उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दुर्घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है।व्यापारियों का कहना है कि नाले के अधूरे निर्माण के कारण सड़क संकरी हो गई है।बैंक में आने-जाने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।मलबे के ढेर और गड्ढों के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।शाम के समय अंधेरे में खतरा और बढ़ जाता है।व्यापार भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि ग्राहक परेशानी के कारण दुकानों तक पहुंचने से कतराते हैं।व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष सुदर्शन मदान ने कहा कि छह माह में काम पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन जिम्मेदार विभाग की लापरवाही से कार्य लटका हुआ है।उनकी मांग है कि जल्द कार्य को पूर्ण कराया जाए ताकि राहत मिल सके। प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देकर निर्माण कार्य को गति देनी चाहिए, जिससे नागरिकों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

झूठी शिकायत पर युवक को पकड़वाने के बाद घर में घुसकर महिलाओं से छेड़छाड़, दबंगों पर गंभीर आरोप

सैफनी। क्षेत्र के ग्राम खरसोल में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक झूठी शिकायत पर पुलिस द्वारा युवक को पकड़वाए जाने के बाद कुछ दबंगों ने उसके घर में जबरन घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। इस घटना से पीड़ित परिवार सहमा हुआ है और उसने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खरसोल निवासी तौकीर खां पुत्र मेहमूद खां ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि दोपहर उनके गांव के ही आजम पुत्र इम्तियाज अली ने एक झूठी शिकायत के आधार पर उनके बेटे कमाल को पुलिस से पकड़वा दिया। जब पीड़ित परिवार की महिलाओं ने कमाल को उठाने का कारण पूछा, तो रंजिश मानकर आरोपी आजम अपने भाई रौनक अली, इस्लामिया और आफताब के साथ जबरन तौकीर खां के घर में घुस आया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घर में घुसकर आरोपियों ने महिलाओं—अफरोज, सोनी, गुलफिजा और पुत्रवधू—के साथ अभद्रता करते हुए अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ की। इस दौरान घर में हड़कंप मच गया और महिलाओं ने विरोध किया तो आरोपियों ने धमकी भी दी। घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

अनियंत्रित इको गाड़ी की टक्कर से 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत, रिपोर्ट दर्ज

मिलक। नगर के स्टेशन रोड स्थित नई बस्ती निवासी कैलाश नाथ ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका भाई जितेंद्र 11 नवंबर 2026 को दोपहर करीब दो बजे हरियाली बाजार के सामने पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रामपुर की दिशा से तेज रफ्तार और अनियंत्रित होकर आ रही इको गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल जितेंद्र को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पहुंचाया गया। हादसे की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। हालांकि, रामपुर ले जाते समय रास्ते में ही जितेंद्र ने दम तोड़ दिया। इस मामले में कैलाश नाथ की तहरीर पर पुलिस ने बरेली नंबर की इको गाड़ी और उसके अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीएम के जनता दर्शन में दिव्यांग छात्र को मिला सहारा, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से आसान होगी पढ़ाई की राह



रामपुर। जनता दर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे 80 प्रतिशत दिव्यांग बीकॉम छात्र यश शर्मा के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशील पहल नई उम्मीद लेकर आई। जिलाधिकारी के निर्देश पर छात्र को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे अब उसके लिए कॉलेज आने-जाने की राह आसान हो सकेगी।

तहसील सदर क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी निवासी यश शर्मा बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र हैं। विगत दिवस वह अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि दिव्यांगता के कारण उन्हें कॉलेज आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आवागमन की परेशानी के कारण उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। छात्र की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने यश शर्मा को अपने हाथों से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की। ट्राईसाइकिल मिलते ही छात्र के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी।

मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब यश शर्मा को कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी और वह अधिक आत्मनिर्भर होकर अपनी पढ़ाई को सुचारु रूप से जारी रख सकेंगे। जनता दर्शन में समस्या के त्वरित समाधान की इस पहल ने एक बार फिर प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली को सामने रखा।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में बरतें पूरी सावधानी, हर पात्र मतदाता का नाम जोड़ने के निर्देश



रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में पनवड़िया स्थित सद्भावना मण्डप में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को मतदाता सूची को त्रुटिरहित और शुद्ध बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्देशित किया कि मतदाता सूची में किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल न किया जाए तथा कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए। उन्होंने बीएलओ को मोबाइल नंबर सहित अपना रजिस्टर अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के फोटो, दोनों भाषाओं में नाम, पता, लिंग तथा एक ही मकान में दर्ज मतदाताओं की संख्या का विशेष रूप से सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान तिथियों के रूप में निर्धारित किया गया है। इन तिथियों पर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के आवेदन प्राप्त कर उनका समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में प्रत्येक स्तर पर सावधानी और पारदर्शिता बरतते हुए पात्र मतदाताओं का नाम शामिल करने तथा सूची को पूर्णतः शुद्ध बनाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी सदर रश्मिका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

राजपाल यादव ने बंडा सुनासिरनाथ को जिला घोषित करने की उठाई मांग

पुवायां शाहजहांपुर। फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने लोगों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा सर्वोच्च अधिकार है। किसी भी परिस्थिति में मतदान का बहिष्कार नहीं करना चाहिए, क्योंकि वोट की ताकत से ही विकास के रास्ते खुलते हैं। इस दौरान उन्होंने सुनासिरनाथ को जिला घोषित किए जाने की मांग भी उठाई। दीपावली मनाने अपने पैतृक गांव कुंडरा पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव ने क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि गांवों को एक-दूसरे से जोड़ने वाली सड़कों की स्थिति बेहतर होनी चाहिए। खासकर मंडियों तक जाने वाले मार्गों पर लोगों और किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़कों की चौड़ाई कम होने के कारण कई बार ट्रॉलियां पलटने जैसी घटनाएं भी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ प्रत्येक गांव तक पहुंचना चाहिए। गांवों को बेहतर संपर्क मार्गों के साथ फोरलेन सड़कों से जोड़ने की जरूरत है, ताकि आवागमन सुगम हो और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तेजी से हो सके। सुनासिरनाथ मेले से जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए राजपाल यादव भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि यह मेला उनके लिए बेहद खास है। बचपन में मेले को लेकर इतनी उत्सुकता रहती थी कि रात में नींद तक नहीं आती थी। मेले से जुड़ी यादें आज भी उनके मन में ताजा हैं।



क्या पुवायां विधायक चेतराम का टिकट कटेगा या बदलाव होगा ? जनता से सीधा सवाल

शाहजहांपुर। क्या इस बार तीसरी बार 2027 के विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए भाजपा लगातार दूसरी बार जीते हुए विधायक चेतराम पर दम लगाएगी या फिर किसी नए युवा प्रत्याशी को टिकट देगी पुवायां (134 - विधानसभा) की जनता बदलाव चाहती है या फिर पुराने को ही बनाएंगे विधायक जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे यह चर्चा बढ़ती जा रही है कि भाजपा इस बार क्या फैसला लेगी वर्तमान विधायक चेतराम का कहना है कि उन्होंने अपने दोनों कार्यकाल के दौरान तमाम विकास कार्य करवाए हैं जिनकी दम पर वह चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे लेकिन आम जनता क्या सोच रही है? यह भविष्य बताएगा वहीं विधायक चेतराम केविरोधियों का कहना है कि चेतराम लंबे समय तक विधायक रहे हैं भाजपा विधायक बनने से पहले वह कांग्रेस के कई बार विधायक रह चुके और विधायक चेतराम के द्वारा अपनी विधायक निधि से कोई बड़े जनहित के कार्य नहीं कर आए हैं और ना ही भाजपा सरकार के सत्ता में रहते हुए भी पुवाया विधानसभा के लिए कोई बड़ा प्रोजेक्ट विकास कार्यकाल नहीं ला सके हैं विपक्षियों का मानना है कि इतने लंबे कार्यकाल तक विधायक रहने के बाद भी चेतराम के द्वारा अपना आवास पुवायां में नहीं बनाया जा सका वह अपने शाहजहांपुर के कि चिन्नौर गांव से अपनी विधानसभा में आते-जाते हैं

भारतीय जनता पार्टी से पुवायां विधानसभा के विधायक चेतराम इस समय चर्चा में हैं। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सबसे बड़ा सवाल यही है - क्या पार्टी इस बार उन्हें फिर से टिकट देगी या उनका टिकट कटेगा? कुछ लोगों का कहना है कि विधायक जी ने क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए हैं, तो वहीं कुछ लोग नाराजगी भी जता रहे हैं। कि चेतराम विधायक के द्वारा कराए गए विकास कार्य कहीं नजर नहीं आ रहे और उनका निजी आवास चुनाव शाहजहांपुर में विधानसभा क्षेत्र के बाहर होने के कारण जनता उनसे मिल नहीं पातीहै अब देखना यह होगा कि पार्टी आलाकमान 2027 के चुनाव में किस पर भरोसा जताती है। आप क्या सोचते हैं? क्या पुवायां विधायक चेतराम का टिकट कटना चाहिए या उन्हें फिर से मौका मिलना चाहिए? कमेंट में अपनी राय जरूर बताएं।

स्टेशन पर आरपीएफ जवानों की कथित वसूली के विरोध में व्यापार मंडल ने खोला मोर्चा



चन्दौसी। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों द्वारा यात्रियों और व्यापारियों से अभद्र व्यवहार करने तथा अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में आरपीएफ प्रभारी गोविंद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सीता रोड निवासी अतुल ने आरोप लगाया कि 10 नवंबर की रात करीब 12 बजे वह अपने परिचित को स्टेशन छोड़ने गया था। इसी दौरान तीन आरपीएफ कर्मियों ने उससे स्टेशन टिकट मांगा। टिकट नहीं दिखाने पर दो हजार रुपये जुर्माना लगाने की बात कही और अभद्रता की। रुपये देने में असमर्थता जताने पर उसकी स्कूटी की चाबी ले ली गई। इसके बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू को सूचना दी गई। आरोप है कि उनके यूपीआई के माध्यम से बाहर चाय की दुकान पर 500 रुपये डलवाने के बाद बिना किसी जुर्माने की रसीद दिए उसे छोड़ दिया गया। व्यापार मंडल ने स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज और संबंधित ऑनलाइन लेनदेन की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी आरपीएफ कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान शाह आलम मंसूरी, अभिनव शर्मा, विकास मिश्रा, अतुल कश्यप, निशांत शर्मा, अतुल वार्ष्णेय, ज्ञान प्रकाश छोटू, तुषार क्रिस्टल और शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

24 कोसीय परिक्रमा की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर



चन्दौसी। ऐतिहासिक 24 कोसीय परिक्रमा को लेकर संभल जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है। गुरुवार रात से शुरू होने वाली परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। अधिकारियों ने प्रमुख धार्मिक स्थलों, आयोजन स्थलों और मेलों में पुलिस बल की तैनाती का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए परिक्रमा के प्रमुख पड़ावों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ राजपत्रित अधिकारियों, निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आरआरएफ को भी तैनात किया गया है। वहीं, मेलों और आयोजन स्थलों पर आग से बचाव के इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी।

इसके अलावा आसपास के गांवों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए अलग से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन का उद्देश्य परिक्रमा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

भैया दूज मनाने गए परिवारों के घरों के ताले तोड़े, एक मकान से दो लाख का सामान चोरी



चन्दौसी। भैया दूज का त्योहार मनाने गए दो परिवारों के सूने मकानों को चोरों ने निशाना बना लिया। चोर एक मकान से सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत दो लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। वहीं दूसरे मकान का ताला तोड़ने के बाद चोर सामान चोरी करने में सफल नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार अशोक नगर स्थित श्रीराम कॉलोनी निवासी उपेंद्र सिंह पुत्र चेतेन्द्र सिंह परिवार के साथ भैया दूज मनाने फतेहपुर शमसोई गए हुए थे। इसी दौरान रात में चोरों ने सूना मकान देखकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी सोने की चेन, पायजेब और 40 हजार रुपये की नकदी समेटकर फरार हो गए। इसके बाद चोरों ने सेना में तैनात रवि ठाकुर के मकान को निशाना बनाया। वहां भी ताला तोड़ दिया, लेकिन चोर सामान नहीं ले जा सके। सुबह पड़ोसियों ने मकानों के ताले टूटे देखे तो दोनों मकान मालिकों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मकान मालिक मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

प्रोफिशिएंसी अवार्ड वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया

बिसौली। डी पॉल स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोफिशिएंसी अवार्ड वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना था। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं अन्य विद्यार्थियों को भी इससे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली। विद्यालय के प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन बीसी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि पुरस्कार सफलता का अंत नहीं, बल्कि नई उपलब्धियों की शुरुआत है। सफलता केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर परिश्रम, अनुशासन, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प का परिणाम होती है। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी थॉमस ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है।

सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड व पैन कार्ड में पुत्तन अली (PUTTAN ALI) उर्फ इतवारी (ITVARI) है जबकि पासपोर्ट में त्रुटिवश पुत्तन (PUTTAN) हो गया है। मुझे पुत्तन अली (PUTTAN ALI) के नाम से जाना जाए।

पुत्तन अली पुत्र इतवारी, नि0 ग्राम मोहम्मदगंज, तहसील चन्दौसी, जिला संभल मो0-9045225359

मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत बुधवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं, एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 181, 102, 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के पंपलेट वितरित कर जरूरत पड़ने पर पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई।

त्योहार समाप्त होते ही बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन पर रही भीड़

चन्दौसी। धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के त्योहार संपन्न होने के बाद गुरुवार को नगर एवं आसपास क्षेत्र में भीड़ बढ़ गई। त्योहारों की छुट्टियां समाप्त होने के साथ ही लोग अपने कामकाज और नौकरी पर लौटने लगे हैं। इसके चलते नगर एवं आसपास के मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बिसौली गेट, कैथल गेट, बड़ा बाजार और संभल गेट पर ई-रिक्शा व दोपहिया वाहनों की अधिक संख्या के कारण जाम की स्थिति बनी रही। सबसे अधिक परेशानी बिसौली गेट और बड़ा बाजार के सर्राफा बाजार के आसपास देखने को मिली। दीपोत्सव का त्योहार मनाने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों में नौकरी और व्यवसाय करने वाले लोग अपने घर लौटे थे। अब त्योहार संपन्न होने और स्कूलों की छुट्टियां समाप्त होने के बाद लोगों ने वापस लौटना शुरू कर दिया है। गुरुवार को विद्यालय भी खुल गए, जिससे सड़कों पर आवागमन का दबाव और बढ़ गया। वहीं रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और निजी बस स्टैंड पर भी यात्रियों की काफी भीड़ देखने को मिली। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों ने ट्रेन और बसों का सहारा लिया। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में यात्रियों की भीड़ लगी रही। त्योहारों के बाद एक साथ लोगों की वापसी शुरू होने से नगर में दिनभर चहल-पहल के साथ जाम की स्थिति बनी रही।

अतिक्रमण हटाकर चैड़ी की सड़क, फिर भी कारों की पार्किंग से घट गई चैड़ाई

चन्दौसी। कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। शहर के शक्तिनगर मार्ग पर अतिक्रमण हटने के बाद सड़क की तस्वीर तो बदल गई, लेकिन अब सड़क के दोनों ओर खड़ी होने वाली कारों के कारण इसकी चैड़ाई का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। पूर्व जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। इसके तहत शक्तिनगर मार्ग पर कब्रिस्तान के पास से स्थायी अतिक्रमण हटाकर सड़क का चैड़ीकरण कराया गया था। उस समय एसडीएम विनय मिश्रा, अधिशासी अधिकारी और सीओ अनुज चैधरी ने पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की थी। दरअसल, इस मार्ग पर अतिक्रमण के कारण सड़क काफी संकरी हो गई थी। आए दिन जाम जैसी स्थिति बनी रहती थी और राहगीरों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती थी। अतिक्रमण हटने और सड़क चैड़ी होने के बाद यह मार्ग शहर की बेहतर सड़कों में शुमार हो गया। जिलाधिकारी की ओर से इस मार्ग का नामकरण प्रसिद्ध कवि कुंवर बेचैन के नाम पर भी किया गया। हालांकि अब सड़क के दोनों ओर लोग अपनी कारें खड़ी कर देते हैं तथा भवन निर्माण सामग्री डाल देते हैं। इससे सड़क की वास्तविक चैड़ाई फिर पहले जैसी नजर आने लगी है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस उद्देश्य से अतिक्रमण हटाकर सड़क चैड़ी की गई थी, उसका लाभ लोगों को कैसे मिलेगा। जरूरत है कि सड़क पर अनावश्यक वाहन खड़े होने से रोकने के लिए भी व्यवस्था की जाए, ताकि चैड़ी सड़क का लाभ राहगीरों और वाहन चालकों को मिल सके।

भैंस बांधने को लेकर विवाद, दंपती को लाठी-डंडों से पीटा

चन्दौसी। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बलकरनपुर में घर के सामने भैंस बांधने को लेकर हुए विवाद में पांच लोगों ने दंपती के साथ मारपीट कर दी। हमले में पति-पत्नी घायल हो गए। पत्नी के सिर में चोट लगने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी। पीड़ित ने आरोपियों पर पत्नी के कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

गांव निवासी रामविलास पुत्र रक्षपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 नवंबर की शाम करीब पांच बजे पड़ोसी जितेंद्र पुत्र नरेश पाल ने उनके घर के सामने भैंस बांध दी थी। विरोध करने पर जितेंद्र मारपीट करने लगा। आरोप है कि शोर सुनकर शर्मेंद्र पुत्र रामचंद्र, मोहित पुत्र वालिस्टर, अंकित पुत्र नेम सिंह और सचिव पुत्र नेम सिंह भी पहुंच गए। सभी ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पत्नी सर्वेश बचाने पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। हमले में दोनों घायल हो गए और सर्वेश बेहोश हो गईं। आरोपियों ने उनके पुत्र संजू को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने 12 नवंबर को थाने पहुंचकर पांचों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गन्दूपुरा में सार्वजनिक नाला बंद करने का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

चन्दौसी। तहसील क्षेत्र के थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव गन्दूपुरा में सार्वजनिक नाला बंद किए जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों का गंदा पानी निकास न होने से एक स्थान पर जमा हो रहा है। इससे जलभराव के साथ बीमारी फैलने और मकानों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम चन्दौसी को प्रार्थना पत्र देकर नाला खुलवाने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार गांव का सार्वजनिक नाला पूरे गांव के घरों का पानी निकालने के लिए बना है। आरोप है कि गांव भगतपुर पहली निवासी एक व्यक्ति ने पत्थर डालकर नाला बंद कर दिया और ऊपर से खंदी पाट दी। इससे पानी की निकासी रुक गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने ग्राम प्रधान और 10 नवंबर को कुढ़फतेहगढ़ थाने में भी शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज करने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने नाला तत्काल खुलवाने की मांग की। प्रार्थना पत्र देने वालों में रामौतार, रामवीर, राहुल, रणवीर सिंह, पिंकू सिंह, राजेश, विजेंद्र, हरिशंकर आदि शामिल रहे। पंचायत सचिव उमेश कुमार ने बताया कि जलभराव की जानकारी है। नाला निर्माण का स्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। जल्द निर्माण कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

17 नवंबर को सहसवान में लगेगा वृहद रोजगार मेला

बदायूँ। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 नवंबर 2026 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे प्रमोद इंटर कॉलेज, सहसवान परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र की 15 से अधिक कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन किया जाएगा। इसके साथ ही निःशुल्क कौशल उन्नयन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। रोजगार मेले में प्रतिभाग पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक एवं कौशल विकास डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 17 नवंबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा की छायाप्रति के साथ प्रमोद इंटर कॉलेज परिसर सहसवान में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

चोरी की गई सोने व चांदी के आभूषण व 50000 रु0 सहित एक वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार



बदायूँ- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइंस के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनाँक 12.11.2026 को थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 379/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस की वांछित अभियुक्ता रिजवान पत्नी रफात हुसैन निवासी काशीराम कालोनी कस्वा ककराला थाना अलापुर जनपद बदायूं।

अभियुक्ता का विवरण - रिजवान पत्नी रफात हुसैन निवासी काशीराम कालोनी कस्वा ककराला थाना अलापुर जनपद बदायूं।

बरामदगी का विवरण - एक चांदी का कमर बिछुआ, दो चांदी के खंडुवे, एक सोने की वेसर (नथुनी) व 50 हजार रुपये।

आपराधिक इतिहास अभियुक्ता— मु0अ0सं0 379/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस। **गिरफ्तारी टीम-** म0उ0नि0 श्रीमती सरिता चौधरी मय टीम।

24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव की तैयारियों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



सम्भल (बहजोई)- दिनांक 13 एवं 14 नवंबर को सम्भल में आयोजित होने वाले 24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने सम्भल के बेनीपुर चक ग्राम स्थित प्राचीन 68 तीर्थों एवं 19 महाकूपों में शामिल श्री वंश गोपाल तीर्थ पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला स्थल का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मेला स्थल एवं उसके आसपास समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा पूरे मार्ग पर साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचकर 24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तीर्थ परिसर में स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सम्भल को तीर्थ परिसर में आकर्षक डेकोरेटिव लाइटें लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही तीर्थ के जलाशय पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग से जुड़े प्रमुख तीर्थ स्थलों पर स्वास्थ्य शिविरों की स्थापना, एंबुलेंस की तैनाती तथा अग्निशमन विभाग की ओर से फायर ब्रिगेड एवं फायर टेंडर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त पूरे 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई, समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महोत्सव को भव्य एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम

24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव को भव्य, दिव्य एवं सुरक्षित स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की टीमें पूरी तरह सक्रिय रहेंगी। प्रमुख मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों पर विशेष साज-सज्जा एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही ड्रोन के माध्यम से पूरे आयोजन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। श्रद्धालुओं के स्वागत एवं उत्साहवर्धन के लिए ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा भी की जाएगी। मुख्य मार्गों पर आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। कानून-व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं की प्रभावी निगरानी के लिए 05 जोनल मजिस्ट्रेट सहित सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि 24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव में धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालु सम्भल की इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपरा से जुड़कर सुखद, सुरक्षित एवं आध्यात्मिक अनुभव लेकर जाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी सम्भल प्रेम पाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सम्भल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही श्री वंश गोपाल तीर्थ के महंत स्वामी श्री भगवत प्रिय महाराज तथा नैमिषारण्य तीर्थ के महंत श्री बाल योगी दीनानाथ जी

वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने कृपाल सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की



बिसौली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने कृपाल सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। ?शोक समाचार मिलते ही सतीश प्रेमी दिवंगत आत्मा के अंतिम दर्शन करने पैतृक गांव समद नगर पहुंचे और उनकी अंत्येष्टि में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। ?अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सतीश प्रेमी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।卐 ?अंत्येष्टि के दौरान पूर्व प्रधान अनूप, जुगल किशोर गुप्ता, हाकिम सिंह सागर, मिनिस्टर, कपिल देव, शाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे, जिन्होंने नम आंखों से दिवंगत आत्मा को अंतिम विदाई दी।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा आज लखनऊ में कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए जाने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी सभागार, मुरादाबाद में किया गया।

इस अवसर पर माननीय विधान परिषद सदस्य श्री गोपाल अंजान की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 20 दावों के सापेक्ष लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट से इन 20 दावों के सापेक्ष कुल एक करोड़ रुपये की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया के तहत बिल कोषागार में प्रस्तुत कर दिया गया है। धनराशि का हस्तांतरण नियमानुसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के माध्यम से कृषक परिवारों को आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प



मेरठ। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से गुरुवार को एसजीएम गार्डन में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे शुरू हुए सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष विवेक बाफर ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ दिलनवाज खान मौजूद रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज चौधरी चरण सिंह की नीतियों और रालोद की विचारधारा से जुड़ा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रदेश के प्रत्येक जिले और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान ने कहा कि सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की भागीदारी संगठन के प्रति उनके विश्वास को दर्शाती है। मुख्य प्रदेश महासचिव दिलप्रीत सिंह कोहली और प्रदेश महासचिव कवलजीत सिंह ने भी संगठन की आगामी गतिविधियों और कार्ययोजना की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जहीर अब्बासी और क्षेत्रीय अध्यक्ष मारूफ ने किया। सम्मेलन में विधायक गुलाम मोहम्मद, विधायक अशरफ अली, नरेंद्र खजूरी, तरसपाल मलिक, अनिकेत भारद्वाज, विनय प्रधान, संजय रसूलपुर, सत्येंद्र चौधरी, ऋचा चौधरी और इंद्राणी त्यागी सहित विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्मेलन के समापन के बाद त्रिलोक त्यागी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर समसामयिक राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों पर पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए।

भाई दूज के बाद घरों को वापस लौंटी बहने, यातायात में आयी दिक्कते



मुरादाबाद। भाई दूज का त्योहार संपन्न होने के बाद बहनों ने अपने-अपने घरों को लौटना शुरू कर दिया। इसके चलते गुरुवार को नगर के प्रमुख बस स्टैंडों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तिकुनिया बस स्टैंड, काशीपुर चुंगी और बाबूराम पाल द्वारा चौराहा स्थित बस स्टैंड पर बसों में सवार होने के लिए यात्रियों के बीच आपाधापी मची रही। बस आते ही सीट पाने की होड़ में लोग इधर से उधर दौड़ते नजर आए। त्योहार के बाद घर लौटने वाले यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ने से परिवहन व्यवस्था पर भी दबाव दिखाई दिया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपने सामान के साथ बसों का इंतजार करते रहे।

बसों में जगह पाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई बार बसों में चढ़ने को लेकर भी धक्का-मुक्की जैसी स्थिति बन गई। वहीं, बस पकड़ने की जल्दबाजी में यात्री सामान उठाकर सड़कों पर दौड़ते दिखाई दिए। यात्रियों की भीड़ और सड़कों पर बढ़ते आवागमन के कारण नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर कई बार जाम की स्थिति बन गई। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। देर तक बसों का इंतजार करने के बाद यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजना के अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित करने, ऑनलाइन आवेदन तथा छात्रवृत्ति वितरण की कार्यवाही हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही 12 नवम्बर से 19 नवम्बर 2026 तक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन 13 नवम्बर से 20 नवम्बर 2026 तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पूर्वदशम एवं दशमोत्तर कक्षा 9 से 12 के अन्तर्गत नवीनीकरण कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं हेतु आवेदन पत्र का नवीनीकरण कर हार्डकॉपी संबंधित शिक्षण संस्थान में जमा करने की अवधि 12 नवम्बर से 20 नवम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। विद्यालयों द्वारा छात्रों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्राप्तांक, पूर्णांक एवं उपस्थिति दर्ज करने तथा अपात्र छात्रों का डाटा निरस्त कर पात्र छात्रों का डाटा ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही 13 नवम्बर से 23 नवम्बर 2026 तक की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन 13 नवम्बर से 24 नवम्बर 2026 तक किया जाएगा। एनआईसी द्वारा उपलब्ध कराए गए संदेहास्पद एवं त्रुटिपूर्ण डाटा के आधार पर सत्यापन एवं त्रुटिरहित किए जाने की अवधि 01 दिसम्बर से 09 दिसम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है।

पूर्वदशम् एव दशमोत्तर कक्षा 9-12 के छात्र/छात्राओं के नवीन छात्र-छात्राओं (कक्षा 9 एवं 11) हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन करने की अवधि 12 नवम्बर से 17 नवम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। छात्रों द्वारा फाइनल प्रिंट निकालने की अंतिम तिथि 19 नवम्बर 2026 तथा हार्डकॉपी वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा करने की अवधि 19 नवम्बर से 22 नवम्बर 2026 तक निर्धारित है। विद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही 13 नवम्बर से 23 नवम्बर 2026 तक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन 14 नवम्बर से 24 नवम्बर 2026 तक किया जाएगा। छात्रवृत्ति की धनराशि का अंतरण 25 जनवरी 2027 से 31 जनवरी 2027 तक प्रस्तावित है।

समस्त संबंधित शिक्षण संस्थानों, प्रधानाचार्यों एवं छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि संशोधित समय-सारिणी के अनुसार निर्धारित अवधि में सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके।

कार्तिक मेले की तैयारियों के लिए नगर पालिका ने गठित की समिति

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर नगर पालिका परिषद ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी 24 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले मेला कार्तिक के दौरान गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके लिए नगर पालिका परिषद की ओर से आठ सदस्यीय मेला कार्तिक समिति का गठन किया गया है।

नगर पालिका द्वारा जारी पत्रांक 2956 के अनुसार मेले में गंगा घाटों एवं मुख्य मार्गों पर अस्थायी बैरिकेडिंग, गंगा में मोटरबोट और नावों की चालक सहित व्यवस्था तथा अस्थायी प्रकाश व्यवस्था कराई जाएगी। इसके अलावा मेले की अन्य तैयारियों को भी व्यवस्थित ढंग से पूरा कराया जाएगा।

गठित समिति में रमन शर्मा को अध्यक्ष, उर्मिला देवी को उपाध्यक्ष तथा लक्ष्मी यादव को सचिव बनाया गया है। वहीं फरीदा खातून, कुसुम यादव, प्रवेश कुमार, सुंदर यादव और लोकेश कुमार को सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गढ़ नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी एवं अध्यक्ष राकेश कुमार बजरंगी की ओर से जारी आदेश में समिति को मेला कार्तिक 2026 की व्यवस्थाओं और तैयारियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

स्वगणना के लिये छात्रों ने चलाया अभियान

मुरादाबाद। जनगणना-2027 के अंतर्गत 16 नवंबर से होने वाली स्व: गणना को सफल बनाने के लिए गुरुवार को छात्राओं ने जागरूकता अभियान चलाया। राजकीय हाई स्कूल हुसैनपुर छिरावली की छात्राओं ने वि ?द्यालय की प्रधानाचार्य बबिता मेहरोत्रा के मार्गदर्शन में गांव में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्व: गणना के महत्व की जानकारी दी। छात्राओं ने ग्रामीणों को स्व: गणना की प्रक्रिया समझाई और इसके लिए जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए।

छठ पूजा के लिये बाजारों में बड़ी रौनक

मुरादाबाद। छठ पूजा को लेकर नगर और आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। पूर्वांचल की परंपरा और संस्कृति से जुड़े परिवारों में पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। नगर और क्षेत्र की फैक्ट्रियों में पूर्वांचल के बड़ी संख्या में लोग नौकरी करते हैं, इनमें से अधिकांश परिवार तहसील मुख्यालय और आसपास के इलाकों में निवास करते हैं। यही वजह है कि छठ पूजा का पर्व यहां हर साल सामूहिक रूप से पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। शुक्रवार को छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बाजारों में चहल-पहल दिखाई दी। व्रत रखने वाली महिलाएं और उनके परिजन पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की खरीदारी में जुटे रहे।

बांस की टोकरी, सूप, नारियल, गन्ना, केला, मौसमी फल, दीपक और पूजन सामग्री की मांग बढ़ने लगी है। पर्व को लेकर घरों में भी साफ-सफाई और अन्य तैयारियां की जा रही हैं। नगर के रामलीला मैदान सहित कई स्थानों पर पूर्वांचल के परिवार एकत्र होकर छठ महापर्व मनाते हैं। व्रती महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की खुशहाली की कामना के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। पर्व के दौरान अस्ता चलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाती है। छठ पूजा के आयोजन में परिवार के सदस्यों के साथ स्थानीय लोग भी सहयोग करते हैं। इससे नगर में पूर्वांचल की लोक संस्कृति और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिलती है।

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपोजिट विद्यालय हरबंस पुर धारम विकास क्षेत्र कोतवाली तह0 नगीना, जनपद बिजनौर में खड़े यूकेलिप्टस के कुल 34 (चौंतीस) वृक्षों का कटान एवं विक्रय खुली नीलामी के माध्यम से किया जाना है।
नीलामी की तिथि- 19 नवम्बर 2026
समय- प्रात: 10:00 बजे
स्थान- विद्यालय हरबंस पुर धारम में
इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि एवं समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर उच्चतम बोली लगाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी से जुड़े नियम एवं शर्तें मौके पर
प्रभारी/ सचिव विधालय प्रबंध समिति, कंपोजिट विद्यालय हरबंस पुर धारम, विकास क्षेत्र कोतवाली नगीना, जनपद बिजनौर।

पंचायतीराज विभाग के विकास कार्यो की समीक्षा की जिलाधिकारी ने



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायतीराज विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केवल आवश्यक एवं औचित्यपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। किसी भी कार्य को शुरू करने से पूर्व खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं अधिशासी अभियंता, आरईएस द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्र तथा जिला पंचायत राज अधिकारी की संस्तुति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए।

जिलाधिकारी ने कार्यप्रणाली में एडीओ पंचायतों द्वारा लापरवाही बरते जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि एडीओ पंचायतों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अत्येष्टि स्थल निर्माण एवं बहुउद्देशीय पंचायत भवनों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विकास खण्डों में दो-दो डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी के संचालन के लिए सामान्य एवं सरल नियम निर्धारित किए जाएं। बालक-बालिकाओं को मात्र 10 रुपये प्रतिमाह शुल्क पर 48 घंटे के लिए पुस्तक घर ले जाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा 50 रुपये की डिपॉजिट फीस निर्धारित की जाए। उन्होंने एडीओ पंचायतों को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

पंचायत सहायकों की उपस्थिति रैंकिंग रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन पंचायत सहायकों की उपस्थिति एवं उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की स्थिति शून्य है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिलाधिकारी ने स्वच्छ शौचालयों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर निर्धारित अनुपात से अधिक शौचालय निर्मित पाए जाते हैं, उनका स्थलीय सत्यापन कराया जाए। इसके अतिरिक्त जनपद में मुख्य मार्गों पर स्थित सामुदायिक शौचालयों की संख्या एवं स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 10 हजार से अधिक थी, उनमें प्रतिदिन डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मनरेगा के अंतर्गत ब्लॉकवार मैटेरियल फंड की प्राप्ति एवं भुगतान संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विकास खण्डों में पूर्व वित्तीय वर्ष की धनराशि अवशेष है, उसे नियमानुसार वापस करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रगति की समीक्षा करते हुए बिलारी, कांठ एवं ठाकुरद्वारा तहसीलों में प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैठक में अधिकारियों को दिए गए सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती ममता मालवीय, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, एडीओ पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता ने मंडल अध्यक्षों को बांटी बाइक



मुरादाबाद। विधानसभा हो या फिर लोकसभा चुनाव। प्रधानी हो या फिर नगर पालिका का चुनाव। सभी छोटे-बड़े इलेक्शन में कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी रहती है। यही वजह है कि राजनीतिक पार्टियां कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती हैं। चुनाव में लाभ लेने के लिए राजनीतिक दल के बड़े नेता कार्यकर्ताओं को बीच-बीच में तोहफे भी देती रहते हैं। मुरादाबाद जिले से ऐसा ही नजारा देखने को मिला है। यहां भाजपा नेता ने मंडल अध्यक्षों को बड़ा गिफ्ट दिया है। साथ ही चुनाव जीतने के बाद भाजपा नेता स्कॉर्पियो देने का भी वादा किया है।

दिवाली के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजपाल सिंह चौहान और उनके बेटे अमित सिंह की ओर से ठाकुरद्वारा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में क्षेत्र के चार मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया था। राजपाल सिंह ने जैसे ही मंच पर चारों मंडल अध्यक्षों को बुलाकर उन्हें बाइक देने की घोषणा कि तो सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। भाजपा नेता के बेटे अमित चौहान ने पार्टी संगठन के प्रति समर्पित चार मंडल अध्यक्षों को सम्मानित करते हुए एक-एक बाइक भेंट की। इस दौरान उन्होंने घोषणा की। उन्होंने कहा, वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होने पर मंडल अध्यक्षों को स्कॉर्पियो गाड़ी भी दी जाएगी।

यूपी स्टेट मास्टर्स रैंकिंग टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 21 से

मुरादाबाद। शहर में 21 और 22 नवंबर को दूसरी यूपी स्टेट मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। ब्रास सिटी जिमखाना की मेजबानी में होने वाली इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के 40, 45, 50, 55, 60, 65 और 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन एसटीएजी ग्लोबल के सहयोग और मुरादाबाद जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के समन्वय से किया जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन में होगी। ब्रास सिटी जिमखाना के निदेशक डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. अनंत राणा और अंकुश अग्रवाल की ओर से प्रतियोगिता आयोजित हो रही है।

जिमखाना के मैनेजर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि आयोजन से अनुभवी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का राज्य स्तरीय मंच मिलेगा। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव एवं राष्ट्रीय पदक विजेता अनिल सेन ने बताया कि इसमें प्रदेशभर के मास्टर्स खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रेस वार्ता में जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव योगेंद्र गौतम भी मौजूद रहे।

युवा मतदाताओं का शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराएं: जिलाधिकारी

मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से स्कूल-कॉलेजों में चलाया जाए विशेष अभियान

21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवसों पर पात्र युवाओं, महिलाओं आदि का कराया जाएगा पंजीकरण



आज समाचार सेवा

बिजनौर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस भी आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विभिन्न विद्यालयों में नामित समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवाओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में शतप्रतिशत दर्ज कराया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर पात्र छात्र-छात्राओं के मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। इसके अतिरिक्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आदि शैक्षणिक संस्थानों में भी जो युवा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं उन सभी का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए उनका फॉर्म 6 भरा जाए। साथ ही 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को निर्धारित विशेष अभियान दिवसों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, सोशल मीडिया सहित प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, एनवीएसपी पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन पर भी मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात एवं मतदाता-जनसंख्या अनुपात (ईपी रेशियो) कम है, वहां विशेष ध्यान देते हुए अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में अर्ह छूटे हुए तथा युवा, महिला आदि सभी पात्र नागरिकों के साथ-साथ युवाओं एवं महिलाओं का भी पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छूटे हुए क्षेत्रों को भी अभियान में सम्मिलित करते हुए पात्र मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित विभिन्न विद्यालयों के नामित समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



डॉक्टर के अनुपस्थित मिलने पर फीस के 400 रुपये वापस मांगने गए मरीज के साथ कर्मचारी द्वारा मारपीट और अभद्रता की गई

आज समाचार सेवा

नहटौर। चांदपुर चुंगी स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहाँ डॉक्टर के अनुपस्थित मिलने पर अपनी फीस के 400 रुपये वापस मांगने गए मरीज के साथ सेंटर के कर्मचारी द्वारा जमकर मारपीट और अभद्रता की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सराय जोखा सिंह निवासी वकील अहमद बुधवार को चांदपुर चुंगी स्थित उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अपना अल्ट्रासाउंड कराने के लिए गए थे और उन्होंने इसके एवज में 400 रुपये जमा भी किए थे। काफी देर तक डॉक्टर का इंतजार करने के बाद जब उन्हें पता चला कि डॉक्टर छुट्टी पर हैं, तो उन्होंने सेंटर पर मौजूद कर्मचारी विशु कुमार से अपने पैसे वापस करने का आग्रह किया। आरोप है कि कर्मचारी ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और जब पीड़ित ने दोबारा अनुरोध किया, तो उसने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हंगामे और शोर-शराबे की आवाज सुनकर मौके पर कई लोग एकत्र हो गए, जिनके सामने आरोपी ने पीड़ित को गंभीर परिणाम भुगतने, किसी झूठे मामले में जेल भिजवाने तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना से भयभीत और आहत पीड़ित ने थाना में लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, और पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

विधायक मनोज पारस ने मुल्तानी बिरादरी की नई कमेटी को किया सम्मानित

आज समाचार सेवा

नवनिर्मित सीसी रोड़ का किया लोकार्पण

नगीना। विधायक मनोज पारस ने मुल्तानी बिरादरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नूर सराय में दादा रईस साहब परीक्षक) मोहम्मद जावेद जफर,



के आवास पर मुल्तानी बिरादरी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उसके उपरांत अपनी विधायक निधि से बनवाई गई सड़क मोहम्मद नासिर के मकान से सीसी रोड तक नवनिर्माण कराकर सीसी रोड का कार्य पूर्ण कराकर उसका फीता काटकर लोकार्पण किया।

विधायक मनोज पारस द्वारा सम्मानित मुल्तानी बिरादरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदर (अध्यक्ष) नासिर मरगूब, नायब सदर (उपाध्यक्ष) आबिद अर्शी, सेक्रेटरी (सचिव) मोहम्मद सिद्दीक व अकबर, नायब सेक्रेटरी (सह-सचिव) मोहम्मद अजीम व गफ्फार, कैशियर (कोषाध्यक्ष) मतीन अहमद, नायब कैशियर (सह-कोषाध्यक्ष) आतिफ अमीर, ऑडिटर (लेखा जरूर इंचार्ज मोहम्मद नासिर खान, सदस्यों (मेम्बर्स) खलीक अहमद, मोहम्मद आसिम,हैदर सलीम, मोहम्मद साजिद,इकघ्रार अहमद तथा चुनाव समिति के अध्यक्ष (इलेक्शन कमीशन)के डॉ.दाऊद मुल्तानी, इलेक्शन इंचार्ज इरशाद अली को सम्मानित किया।इस मौके पर सलीम अहमद,मोहम्मद नासिर,शहाबुद्दीन, रईस दादा, मोहम्मद ताहिर, साघवतुर्रहमान, मोहम्मद आबिद, मौहम्मद शफी,अक्षेष पारस, धर्मेंद्र पारस, सपा नगर अध्यक्ष काजी सुहैल इकबाल, यामीन अंसारी उर्फ मिन्ना,काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, सलीम अहमद व्हील वाले,डॉ. कमाल, ताहिर मुल्तानी, आफताब मुल्तानी, इरशाद मुल्तानी साहब, नौशाद आप्पा साहब, आलोक चैधरी समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दूल्हे की पहली शादी का राज सबके सामने आया

खुलासे के बाद शादी की खुशियां पलभर में मातम और हंगामे में तब्दील हुईं

आज समाचार सेवा

नहटौर। सच छुपाकर दूसरा निकाह करने की कोशिश करना एक दूल्हे को भारी पड़ गया और उसकी यह चालाकी धरी की धरी रह गई। क्षेत्र के ग्राम मंडौरा विप में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बारात के स्वागत के बाद अचानक दूल्हे की पहली शादी का राज सबके सामने आ गया। इस खुलासे के बाद शादी की खुशियां पलभर में मातम और हंगामे में तब्दील हो गईं। मंगलवार शाम को जिंदरपुर निवासी वसीम बड़े अरमानों और धूमधाम के साथ अपनी बारात लेकर मंडौरा विप निवासी फुरकान अहमद के घर पहुंचा था। दुल्हन पक्ष की ओर से बारात का जोरदार स्वागत किया गया और खाने-पीने के बाद निकाह की रस्में शुरू होने की तैयारियां चल रही थीं। दुल्हन हाथों में मेहंदी सजाए और शादी के जोड़े में निकाह का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान समारोह स्थल पर एक महिला (टांडा निवासी हनीफ की पुत्री फरहीन) अचानक पहुंच गई और उसने भारी हंगामा शुरू कर दिया। महिला ने खुद को दूल्हे वसीम की पहली पत्नी बताते हुए दावा किया कि चार साल पहले उसका वसीम के साथ निकाह हुआ था। उसका आरोप था कि वसीम ने बिना तलाक दिए और बिना किसी को बताए चुपचाप दूसरा निकाह करने की योजना बनाई है। अजीब संयोग यह रहा कि दुल्हन और दूल्हे की पहली पत्नी दोनों का नाम भी फरहीन ही था। जैसे ही यह सच्चाई दुल्हन पक्ष के सामने आई, उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुल्हन और उसके परिजनों ने धोखेबाज दूल्हे से रिश्ता जोड़ने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जिस रिश्ते की शुरूआत ही इतने बड़े झूठ और फरेब से हुई हो, उसके साथ जिंदगी का सफर शुरू नहीं किया जा सकता। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए तीनों पक्षों (दूल्हा, पहली पत्नी और दुल्हन पक्ष) को थाने ले आई। थाने में काफी देर तक पंचायत और वार्ताओं का दौर चला। अंत में आपसी समझौते के बाद रात को बारात बिना दुल्हन के ही वैरंग जिंदरपुर वापस लौट गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है और आपसी सहमति से समझौता हो गया है। इस घटना की पूरे क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है।

भैया दूज के पावन पर्व पर बड़ा हादसा होने से टला गया



आज समाचार सेवा

रिश्तेदारों के यहां जा रही चलती ऑल्टो कार में अचानक भीषण आग लगी

नहटौर। नहटौर-नूरपुर रोड पर ग्राम समसपुर के सामने भैया दूज के पावन पर्व पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब रिश्तेदारों के यहाँ जा रही एक चलती ऑल्टो कार में अचानक भीषण आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नवादा तुला निवासी मनोज तोमर अपनी पत्नी पूनम और पुत्र विकुल के साथ बुधवार शाम भैया दूज मनाने अपने मामा के गाँव पाली (मुस्सेपुर) जा रहे थे। जब उनकी कार नहटौर-नूरपुर मार्ग पर समसपुर के समीप पहुँची, तो अचानक कार के बोनट से धुआँ निकलने लगा। सड़क किनारे स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर तैनात चैकीदार बलराज और अन्य स्थानीय लोगों ने जब कार से उठता धुआँ देखा, तो उन्होंने तुरंत शोर मचाकर कार सवारों को खतरे से आगाह किया। खतरा भांपते हुए चालक ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद मनोज तोमर, उनकी पत्नी और पुत्र अपनी जान बचाने के लिए तुरंत गाड़ी से नीचे कूद पड़े। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार आग के गोले में तब्दील हो गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह जलकर पूरी तरह खाक हो गई। मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने रेत व पानी डालकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया। सूचना मिलने पर पहुँची फायर ब्रिगेड और पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। गनीमत यह रही कि समय रहते सतर्कता दिखाने के कारण कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और एक बड़ा हादसा टल गया।

15 वर्षीय किशोर पर जानलेवा हमला किया, बचाने पहुंचे पिता को भी पीटा

लोहे के पंच और चाकू से हमला करने का आरोप, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किशोर आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

आज समाचार सेवा

बिजनौर। थाना नांगल क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी में मामूली विवाद को लेकर एक 15 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट और जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोर को बचाने पहुंचे उसके पिता के साथ भी आरोपियों ने बेरहमी से मारपीट की। हमले में किशोर के सिर में गंभीर चोट आई है और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम सैदपुरी निवासी इकराम पुत्र अब्दुल समी ने आरोप लगाया कि 8 नवंबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे उस्मान पुत्र यूसुफ, अनस, अमन और फिरदौस उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके 15 वर्षीय बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब इकराम अपने बेटे को बचाने पहुंचे तो आरोप है कि सभी लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान उनके सिर पर लोहे के पंच से वार किया गया और चाकू से हमला कर जान लेने की कोशिश की गई। हमले में उनके सिर में चोट आई और काफी खून बहने लगा। तहरीर में बताया गया है कि किशोर की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष के लोग उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा भूमि पूजन किया

आज समाचार सेवा

बिजनौर। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले के आयोजन को लेकर नारनौर गंगा घाट पर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में तहसीलदार चांदपुर धनराज सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक सुधीर पवार प्रधान यजमान के रूप में शामिल हुए। भूमि पूजन की समस्त धार्मिक प्रक्रियाएं पंडित विकास शर्मा ने विधि-विधान के साथ संपन्न कराईं। हनुमान जी के आसन के प्रतीक ध्वज पताका का भी पूजन कराया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने ध्वज की स्थापना भी कराई। इस अवसर पर मेला समिति के संरक्षक चैधरी कुलदीप सिंह एवं प्रबंधक निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, सदस्य यशपाल सिंह, सतीश कुमार, अरुण कुमार शर्मा के अलावा वेदपाल सिंह, अंकुश कुमार, रविंद्र सिंह ठेकेदार, जितेंद्र सिंह, साजिद प्रधान उपस्थित रहे। पूजन के दौरान गंगा मैया का दूध से अभिषेक किया गया। भूमि पूजन के साथ ही क्षेत्र में मेले में को लेकर उत्साह का वातावरण बन गया है।

किन्नरों में विवाद, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

आज समाचार सेवा

बिजनौर। किन्नरों के दो गुटों के बीच हुआ विवाद पुलिसिया रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। लता और नैना की शिकायत पर पुलिस ने पांच को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। एसपी के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट दर्ज में मोहल्ला काजीपाड़ा निवासी लता और नैना ने आरोप लगाया कि 25 अक्टूबर को सब्जी मंडी के सामने लियाकत कुरैशी उर्फ अब्दुल लतीफ उर्फ रानी अपने साथी हामिद उर्फ मुस्कान, सुल्तान उर्फ आरजू, सुलेमान उर्फ जोया और चाहत उर्फ जुबैर आदि के साथ पहुंचा। लता और नैना का आरोप है कि आरोपियों के साथ 15-16 बाउंसर और चार-पांच गनर थे। उन दोनों के साथ गाली-गलौज की गई और धमकी दी गई कि पूरा इलाका उनका है। वहां किसी ने मांगने की कोशिश की तो उसे मार दिया जाएगा और शव का पता नहीं चलेगा। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपी दबंगई के दम पर इलाके में अपना कब्जा जमाए हुए हैं और दूसरे किन्नरों को मांगने-खाने नहीं देते। इस घटना का वीडियो भी प्रसारित हुआ था। लता और नैना ने जान-माल का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा ने आठों विधानसभा पर घोषित किए प्रभारी

आज समाचार सेवा

बिजनौर। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले की आठों विधानसभा सीटों पर विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी की संस्तुति के बाद जारी सूची में बिजनौर जिले की सभी सीटों पर अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची के अनुसार नजीबाबाद विधानसभा का प्रभारी ओमप्रकाश गोला, नगीना (सुरक्षित) का महेंद्र प्रजापति, बढ़ापुर का सतीश अग्रवाल और धामपुर का चंद्रभान भाटी को बनाया गया, जबकि नहटौर (सुरक्षित) की जिम्मेदारी पूरनलाल सैनी, बिजनौर की विकास पंवार, चांदपुर की डॉ. ऋषिपाल नागर और नूरपुर विधानसभा की जिम्मेदारी युधवीर सिंह को सौंपी गई है। पार्टी संगठन के स्तर पर इन प्रभारियों के माध्यम से विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों और चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ाने की रणनीति है। संगठन की इस घोषणा को आगामी चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भैया दूज पर बहनों ने भाईयों के लिए रखा उपवास, सुख समृद्धि की कामना की

आज समाचार सेवा



नजीबाबाद। भैय्या दूज पर बहनों ने अपने भाईयों के लिए उपवास रखा तथा टीका करते हुए उनकी समृद्धि स्वास्थ्य एंव सम्पन्नता की कामना की। इस अवसर पर रोडवेज एंव रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ नजर आयी। भैय्या दूज हिन्दू धर्म का प्रसिद्ध त्यौहार माना जाता है इस दिन बहने अपने भाई के लिए उपवास रखकर टीका करते हुए सुख समृद्धि, स्वास्थ्य एवं सम्पन्नता की कामना करती है। वहीं भाई भी इस दिन बहनों को यशाशक्ति उपहार देकर उनकी कुशलता एवं सुरक्षा का वचन देता है। मान्यता है कि जो भाई इस दिन अपनी बहन के घर जाकर तिलक कराता है तथा भोजन करता है उसके जीवन में सुख शांति बनी रहती है। भैय्या दूज को लेकर भाई व बहनों में बहुत उत्साह देखा गया। रोडवेज रेलवे स्टेशन में भारी भीड़ रही। लोग वाहनों के लिए परेशान होते नजर आये। लोगो को यात्रा के लिए प्राईवेट वाहनो का भी सहारा लेना पड़ा। मालगोदाम, डबल फाटक, हरिद्वार एंव कोतवाली कोटद्वार मार्ग पर महिला-पुरूष वाहनो की प्रतीक्षा में खड़े नजर आये।

अवैध पिस्टल व तमंचे के साथ दो युवक गिरफ्तार

बिजनौर। नहटौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल, एक 315 बोर का तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। दरअसल, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देश पर जनपद में अपराधों की रोकथाम और अवैध हथियारों की बिक्री एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत 12 नवंबर को थाना नहटौर पुलिस गागन नदी के पुल से नगीना की ओर जाने वाले रास्ते पर सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान रोहित पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम मुस्सेपुर के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि शिवम कुमार पुत्र बब्लू सिंह के पास से एक 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई।

सांसद की अध्यक्षता में 20 नवंबर को आयोजित होगी जिला स्तरीय दिशा समिति की बैठक

आज समाचार सेवा

बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सांसद नगीना एडवोकेट चन्द्रशेखर जी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दिशा समिति की बैठक दिनांक 20 नवंबर 2026 (शुक्रवार) को दोपहर 12 बजे विकास भवन सभागार, बिजनौर में आयोजित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें तथा बैठक से संबंधित आवश्यक सूचनाओं एवं अद्यतन प्रगति विवरण के साथ उपस्थित रहें, ताकि बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा प्रभावी ढंग से की जा सके।

उर्दू हमारी तहजीब, मौहब्बत और अदब की पहचान

आज समाचार सेवा



नजीबाबाद। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्थित गालिब एकेडमी में भव्य उर्दू सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उर्दू भाषा, साहित्य और तहजीब के संरक्षण एवं संवर्धन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी वासिल अली शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. तनवीर अहमद को उनकी सेवाओं के लिए राष्ट्रीय भाषा अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए चैधरी वासिल अली ने कहा कि उर्दू जिंदा है तो हम जिंदा हैं। उर्दू सिर्फ अल्फाजों का नाम नहीं, बल्कि हमारी तहजीब, मोहब्बत और अदब की पहचान है। उर्दू भाषा को जीवित रखने और उसकी मिठास को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य जो संगठन कर रहा है, वह किसी इबादत से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में उर्दू भाषा की खिदमत करने और इसे बढ़ावा देने की बेहद जरूरत है। उर्दू हमारी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैधरी वासिल अली ने की, जबकि सेमिनार का संचालन आबिद खान व हमीद खान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर इरशाद अली मालेगांव, हबीब मसूद अली नांदेड़ महाराष्ट्र सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। डॉ. तनवीर अहमद और आबिदखान हमीद खान ने उर्दू भाषा की अहमियत, शिक्षा के क्षेत्र में इसके योगदान तथा इसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आजाद ने शिक्षा को देश की तरक्की और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में उर्दू भाषा व साहित्य से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय भाषा अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर डॉ. तनवीर अहमद को बधाई दी गई और उर्दू की खिदमत के लिए संगठन के प्रयासों की सराहना की गई।

छठ पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट, दनकौर, कासना और बिलासपुर में सुरक्षा व्यवस्था जांच की गई



एसीपी ने पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए पुलिस प्रबंधों का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी स्थान पर यातायात बाधित न होने पाए और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसीपी-3 ग्रेटर नोएडा डॉ. रवि शंकर ने दनकौर, कासना और बिलासपुर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और पूजा स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था, भीड़भाड़ वाले स्थानों और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। एसीपी ने पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए पुलिस प्रबंधों का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी स्थान पर यातायात बाधित न होने पाए और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही पूजा स्थलों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। एसीपी ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसीपी-3 डॉ. रवि शंकर ने गुरुवार शाम दनकौर, कासना और बिलासपुर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया, जहां छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही और भीड़ बढ़ने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसीपी ने कहा कि त्योहार के दौरान प्रमुख मार्गों पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं के साथ आम लोगों को भी आने-जाने में परेशानी न हो। उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और यातायात प्रभावित होने की स्थिति में तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।प्रमुख मार्गों के साथ एसीपी ने छठ पूजा स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए किए गए पुलिस प्रबंधों की जानकारी ली। इस दौरान पूजा स्थलों के आसपास पुलिस की तैनाती और भीड़ को नियंत्रित करने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। एसीपी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही पर नजर रखी जाए और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि पूजा स्थलों पर पुलिस की मौजूदगी बनी रहनी चाहिए, ताकि किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पुलिसकर्मियों को अपने ड्यूटी स्थल पर जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

एसीपी डॉ. रवि शंकर ने निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए प्रमुख मार्गों, पूजा स्थलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस को विशेष निगरानी रखनी होगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएं। त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस को सतर्क रहना होगा। निरीक्षण के दौरान एसीपी ने सुरक्षा और यातायात से जुड़े प्रबंधों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्रमिक महिलाओं के लिए निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर जांच शिविर

ग्रेटर नोएडा। महिलाओं में स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बीमारी की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सशक्त महिला उद्यमी संगठन ने ग्रेटर नोएडा में निःशुल्क स्तन कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। एनएचपीसी लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल और SHEWings के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिक एवं जरूरतमंद महिलाओं ने हिस्सा लिया और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाया। यह शिविर संगठन की इकाई प्लॉट नंबर-481, उद्योग केंद्र-2, इकोटेक-III, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं, विशेषकर औद्योगिक इकाइयों और कारखानों में काम करने वाली महिला श्रमिकों तक स्तन कैंसर की जांच एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं पहुंचाना था। श्रमिक महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता संगठन की ओर से विशेष रूप से उन महिलाओं को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई, जिन्हें आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का अवसर नहीं मिल पाता। जागरूकता की कमी और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण न होने के चलते कई बार स्तन कैंसर का पता बीमारी के गंभीर चरण में पहुंचने के बाद चलता है। इसी चुनौती को देखते हुए शिविर के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क स्क्रीनिंग के साथ बीमारी के शुरुआती लक्षणों और समय पर जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

प्रदूषण के चलते कक्षा 1 से 5 तक हाइब्रिड पढ़ाई के आदेश, स्कूलों को कार्रवाई की चेतावनी



आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा और नोएडा समेत गौतमबुद्ध नगर जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सेहत को लेकर महत्वपूर्ण फैसला लिया है। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का तीसरा चरण लागू होने के बाद जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत बच्चों को ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से पढ़ाई करने का विकल्प मिलेगा। अभिभावक अपने बच्चों की सेहत और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तय कर सकेंगे कि उन्हें स्कूल भेजना है या घर से ऑनलाइन पढ़ाई करानी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित स्कूलों को आदेश का पालन करना होगा। यदि कोई विद्यालय निर्देशों की अनदेखी करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य प्रदूषण के बीच छोटे बच्चों की सेहत को सुरक्षित रखते हुए उनकी पढ़ाई जारी रखना है।जिला प्रशासन के आदेश के मुताबिक, कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हाइब्रिड व्यवस्था लागू की जाएगी। इसका मतलब है कि स्कूलों को ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। अभिभावक अपनी सुविधा और बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार किसी एक माध्यम का चयन कर सकेंगे। जिन बच्चों को प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही है या जिनके अभिभावक उन्हें स्कूल भेजना उचित नहीं समझते, वे ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प चुन सकेंगे। वहीं, जो अभिभावक बच्चों को विद्यालय भेजना चाहते हैं, उनके लिए ऑफलाइन कक्षाओं का विकल्प रहेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा प्रभावित किए बिना उन्हें प्रदूषित वातावरण के संपर्क से बचाने का विकल्प देना है। गौतमबुद्ध नगर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने जिलाधिकारी के निर्देश पर स्कूलों के लिए आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था जिले के सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों प्रकार के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक लागू होगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और जिले के अन्य क्षेत्रों के संबंधित स्कूलों को हाइब्रिड माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था करनी होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों को आदेश का पालन करना अनिवार्य है। इसके तहत अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम चुनने का अवसर मिलेगा। हालांकि, यह आदेश कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए जारी किया गया है। अन्य कक्षाओं की पढ़ाई को लेकर इस आदेश में किसी बदलाव की जानकारी नहीं दी गई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने कहा है कि प्रदूषण को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी वजह से स्कूलों को हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई विद्यालय आदेश का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में स्कूल प्रबंधन को बच्चों के लिए दोनों माध्यमों से पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। अभिभावक भी अपने बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को देखते हुए उचित विकल्प चुन सकेंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएगी।

एक नज़र

भूजल दोहन की प्रशासन से शिकायत

ग्रेटर नोएडा। नोएडा के सेक्टर-151 एवं सेक्टर-153 में निजी बिल्डरों पर भूजल दोहन का आरोप लगाया है। करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र एडीएम प्रियंका सिंह को सौंपा। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि बिल्डर की परियोजनाओं में पिछले लगभग तीन वर्षों से लगातार भूजल निकाला जा रहा है। आरोप है कि बड़ी मात्रा में पीने योग्य भूजल को खुले नालों में बहाया जा रहा है। इसके कारण सेक्टर-151 एवं 153 के नालों और ग्रीन बेल्ट में पानी भरा हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भूजल के अनियंत्रित दोहन और जलभराव के कारण ग्रीन बेल्ट में लगाए गए हजारों पेड़ नष्ट हो गए हैं।

जारचा में फावड़े से हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। जारचा थाना पुलिस ने मारपीट और फावड़े से जानलेवा हमला करने के मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया फावड़ा भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छांयसा गांव निवासी प्रमोद (45) और मनोज (50) के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई हैं। पुलिस के अनुसार, 9 नवबर 2026 को पीड़ित ने शिकायत दी थी कि आरोपियों ने उसके और उसके पिता व भाइयों के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फावड़े से भी हमला किया गया, जिसमें पीड़ित और उसके परिजन घायल हो गए। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी शिकायत के आधार पर थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। 10 नवंबर को पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को ग्राम दयानगर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

कुमार विश्वास का 'अपने-अपने राम' कार्यक्रम तीन दिन मुफ्त प्रवेश, 12 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन



आज समाचार सेवा

नोएडा। सेक्टर-38 स्थित वर्ल्ड्स ऑफ वंडर में 13 से 15 नवंबर तक प्रसिद्ध कवि और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास के तीन दिवसीय कार्यक्रम 'अपने-अपने राम' का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी एवं शिक्षाविद् मुकेश शर्मा की पहल पर 'हनुमंत सेवा संयोजक' समिति के सहयोग से आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। आयोजकों के अनुसार, नोएडा में पहली बार आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों से परिचित कराना है। कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन स्थल पर करीब सात हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जबकि अब तक 12 हजार से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा और प्रवेश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।समाजसेवी एवं शिक्षाविद् मुकेश शर्मा ने बताया कि 'अपने-अपने राम' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देता है। ऐसे में नई पीढ़ी तक इन आदर्शों को पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम की पहल की गई है। तीन दिवसीय आयोजन में डॉ. कुमार विश्वास अपनी प्रसिद्ध प्रस्तुति 'अपने-अपने राम' के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन और उनसे जुड़े प्रसंगों को साहित्यिक शैली में प्रस्तुत करेंगे। मुकेश शर्मा ने इस आयोजन को नोएडा के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मंच बताया। उनका कहना है कि ऐसे कार्यक्रम समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। वर्ल्ड्स ऑफ वंडर परिसर में करीब सात हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वहीं, अब तक 12 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजकों ने प्रवेश और बैठने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। सभी पास धारकों और आगंतुकों के लिए प्रवेश गेट नंबर दो से निर्धारित किया गया है। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। बैठने की निर्धारित क्षमता से अधिक रजिस्ट्रेशन होने के कारण आगंतुकों के लिए प्रवेश संबंधी निर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण होगातीन दिवसीय कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारी की गई है। आयोजकों के अनुसार, पुलिस प्रशासन के सहयोग से आयोजन स्थल पर सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 60 पुरुष और महिला सुरक्षा गार्ड तथा बाउंसर तैनात किए जाएंगे। परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच के लिए आठ स्कैनिंग मशीनों की व्यवस्था की गई है। वहीं, पूरे आयोजन स्थल पर निगरानी रखने के लिए 80 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आयोजकों का कहना है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। प्रवेश द्वार से लेकर कार्यक्रम परिसर तक निगरानी रखने की योजना तैयार की गई है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके। नोएडा में पहली बार आयोजित होने वाले 'अपने-अपने राम' कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी होने का दावा किया गया है। 13 नवंबर से शुरू होकर 15 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन में डॉ. कुमार विश्वास अपनी प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और आदर्शों को लोगों के सामने रखेंगे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम केवल एक साहित्यिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से लोगों को जोड़ने का प्रयास है। समाजसेवी मुकेश शर्मा की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में नोएडा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों ने आगंतुकों से निर्धारित प्रवेश व्यवस्था का पालन करने और सुरक्षा प्रबंधों में सहयोग करने की अपील की है।

ग्रेटर नोएडा के टेकजोन-2 में जलभराव से निपटने के लिए 9.26 करोड़ रुपये का बजट, लोगों को मिलेगी राहत



आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर टेकजोन-2 में जलभराव और क्षतिग्रस्त नालियों की समस्या से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सेक्टर की दो प्रमुख सड़कों पर आरसीसी नालियों के निर्माण और उन्हें कवर करने के कार्य को मंजूरी दे दी है। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल करीब 9 करोड़ 26 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण की योजना के तहत 24 मीटर चौड़ी सड़क पर नई आरसीसी नाली बनाई जाएगी, जबकि 45 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क पर आरसीसी नाली निर्माण के साथ प्री-कास्ट होलो आरसीसी कवरिंग का कार्य कराया जाएगा। दोनों कार्य प्राधिकरण के वर्क सर्किल-7 के अंतर्गत होंगे। सेक्टर में बड़ी संख्या में आवासीय सोसायटियां और परिसर हैं, जहां बरसात के दौरान नालियां ओवरफ्लो होने से सड़कों पर पानी भर जाता है। इससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्राधिकरण की इस योजना से सेक्टर की जल निकासी व्यवस्था में सुधार होने और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है।प्राधिकरण ने सेक्टर टेकजोन-2 की 24 मीटर चौड़ी सड़क पर आरसीसी नाली निर्माण के लिए 3.01 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। यह कार्य वर्क सर्किल-7 की देखरेख में कराया जाएगा। इस सड़क पर नालियों की स्थिति खराब होने और बारिश के दौरान पानी की निकासी प्रभावित होने से स्थानीय लोगों को परेशानी होती रही है। नई आरसीसी नाली बनने से बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने के बजाय निर्धारित निकासी व्यवस्था के माध्यम से आगे जा सकेगा। इससे सड़क पर जलभराव कम होने की संभावना है। साथ ही पानी जमा होने से सड़क की स्थिति खराब होने और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने जैसी समस्याओं में भी कमी आने की उम्मीद है। परियोजना का उद्देश्य सेक्टर में जल निकासी व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और टिकाऊ बनाना है। कटर टेकजोन-2 की 45 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क पर आरसीसी नाली निर्माण और प्री-कास्ट होलो आरसीसी नाली कवरिंग के लिए 6.25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना भी प्राधिकरण के वर्क सर्किल-7 के अंतर्गत पूरी कराई जाएगी। मुख्य सड़क पर नालियों के निर्माण के साथ उन्हें कवर करने की व्यवस्था की जाएगी। इससे खुली नालियों के कारण होने वाली परेशानी कम करने में मदद मिलेगी।

नहाय-खाय के साथ आज शुरू होगा छठ महापर्व

आज समाचार सेवा

नोएडा। लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। शहर के अलग-अलग सेक्टरों में बने छठ घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। कहीं घाट सजाए जा रहे हैं तो कहीं महिला श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए प्रमुख घाटों पर चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। सेक्टर-62 रामलीला मैदान, सेक्टर-21 स्टेडियम, सेक्टर-75 सेंट्रल पार्क और सेक्टर-91 के पार्क समेत कई स्थानों पर श्रद्धालु छठ पूजा करेंगे। वहीं गुरुवार को बाजारों में भी पूजा सामग्री और फलों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। सेक्टर-21 स्थित नोएडा स्टेडियम के मैदान में प्रवासी महासंघ द्वारा छठ पर्व के लिए करीब 120 फीट लंबा और 60 फीट चौड़ा घाट बनाया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश रॉय ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं के लिए 10 से 12 चेंजिंग रूम बनाए जा रहे है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षाकर्मी और पुरुष सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहेंगे। घाट के आसपास लगभग 20 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है, जिससे पूरे आयोजन स्थल पर निगरानी रखी जा सकेगी। सेक्टर-62 रामलीला मैदान में आदर्श छठ पूजा समिति द्वारा करीब 200 फीट लंबा और 30 फीट चौड़ा घाट बनाया जा रहा है। महिलाओं के लिए चार चेंजिंग रूम तैयार किए जा रहे है। घाट पर महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मी की तैनाती रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए समिति द्वारा अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। सेक्टर-91 स्थित मेडिसिनल पार्क में भी छठ पूजा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। छठ पूजा कल्चरल एक्सप्रेसवे समिति की सदस्य नम्रता नारायण ने बताया कि मैदान में करीब घाट पर आसपास के करीब 12 से 15 सोसाइटियों के लोग यहां पूजा करने आते हैं। जिनके लिए कई तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वहीं, सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में श्री सूर्यदेव पूजा समिति द्वारा करीब 60 फीट लंबा और 30 फीट चौड़ा घाट तैयार किया जा रहा है। यहां भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं हो रही हैं। इसके अलावा सेक्टर-71, सेक्टर-66 और अन्य स्थानों पर भी छठ पूजा के लिए घाट बनाए जा रहे हैं। छठ महापर्व को लेकर शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। गुरुवार को लोगों ने सूप, दउरा, बांस की टोकरी, नारियल, फल-फूल, मिठाई और पूजा से जुड़ी अन्य सामग्री की खरीदारी की। बाजारों में गन्ने की मांग भी बढ़ गई है। सामान्य दिनों में 30 से 50 रुपये तक मिलने वाला गन्ना अब करीब 80 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। दुकानदारों के अनुसार पूजा की एक टोकरी तैयार करने में गन्ने समेत औसतन 400 से 500 रुपये तक खर्च हो रहे हैं। इसमें अगरबत्ती, केला, सेब, संतरा, नारियल अन्य मौसमी फल, फूल और मिठाई शामिल हैं। पर्व नजदीक आने के साथ बाजारों में खरीदारी की भीड़ बढ़ रही है।चार दिवसीय पर्व का कार्यक्रमछठ महापर्व की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय से होगी।

किसानों की जेवर टोल प्लाजा पर पंचायत स्थगित पुलिस ने एक सप्ताह में वार्ता कराने का दिया आश्वासन

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। जेवर टोल प्लाजा पर गुरुवार को प्रस्तावित भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की पंचायत पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थगित कर दी गई। किसान अधिग्रहित जमीन के बदले सात प्रतिशत आवासीय भूखंड, सर्विस रोड निर्माण और टोल वसूली समेत कई मांगों को लेकर पंचायत करने वाले थे। इसके लिए गुरुवार दोपहर एक बजे किसानों का दनकौर में एकत्र होकर जेवर टोल प्लाजा के लिए रवाना होने का कार्यक्रम निर्धारित था। हालांकि, किसानों के रवाना होने से पहले ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत शुरू कर दी। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिया कि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों को लेकर यमुना प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कराई जाएगी। इस आश्वासन के बाद दोपहर करीब दो बजे किसानों ने प्रस्तावित पंचायतस्थगित करने का निर्णय लिया। संगठन की ओर से अपनी मांगों के संबंध में एसएसआई सोहन पाल सिंह को ज्ञापन भी सौंपा गया।भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जेवर टोल प्लाजा पर पंचायत करने की तैयारी की थी। तय कार्यक्रम के अनुसार किसानों को दोपहर एक बजे दनकौर में एकत्र होना था। इसके बाद सभी किसान जेवर टोल प्लाजा पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर पंचायत करने वाले थे। इसी दौरान पुलिस अधिकारी किसानों के पास पहुंचे और उनसे बातचीत की। पुलिस अधिकारियों ने संगठन के पदाधिकारियों की मांगों को सुना और संबंधित विभागों के साथ वार्ता कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद किसानों ने फिलहाल पंचायत स्थगित कर दी। हालांकि, किसानों की मांगों पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

किसानों की प्रमुख मांगों में अधिग्रहित जमीन के बदले सात प्रतिशत आवासीय भूखंड उपलब्ध कराना शामिल है। संगठन का कहना है कि जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है, उनकी मांगों का समाधान किया जाना चाहिए। इसके अलावा किसानों ने जेवर से टप्पल तक सर्विस रोड का निर्माण कराने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि क्षेत्र में आवागमन की बेहतर व्यवस्था के लिए सर्विस रोड का निर्माण जरूरी है। किसानों ने जेवर से जीरो पॉइंट तक कथित अवैध टोल वसूली बंद कराने की भी मांग रखी। संगठन ने इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के सामने उठाने की बात कही है। किसानों का कहना है कि उनकी मांगों पर संबंधित विभागों के साथ बातचीत कर समाधान निकाला जाना चाहिए।भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने क्षेत्र में सड़क निर्माण और विकास कार्यों से जुड़ी मांगें भी उठाई हैं। किसानों ने दनकौर-झाझर मार्ग पर वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा गांवों में पेरीफेरल रोड का निर्माण कराने की बात कही गई है। संगठन ने समाप्त की गई पंचायतों के क्षेत्रों में विकास कार्य कराने की मांग भी रखी है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान जरूरी है। इन मांगों को लेकर ही जेवर टोल प्लाजा पर पंचायत प्रस्तावित की गई थी। फिलहाल पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर पंचायत स्थगित कर दी गई है और किसान संबंधित विभागों के साथ वार्ता होने का इंतजार करेंगे।पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन एसएसआई सोहन पाल सिंह को सौंपा। ज्ञापन में सात प्रतिशत आवासीय भूखंड, टप्पल तक सर्विस रोड, टोल वसूली, वैकल्पिक मार्ग और गांवों में विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे शामिल किए गए हैं। अधिकारियों ने किसानों को एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभागों के साथ वार्ता कराने का भरोसा दिया है।

हरदोई में भीषण सड़क हादसा, नोएडा के परिवार के चार लोगों की मौत



आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर बुधवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सांडी थाना क्षेत्र के भटौली माफी गांव के पास तेज रफ्तार एसयूवी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में मल्टीनेशनल कंपनी बार्कलेज में असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत सौरभ उपाध्याय (40), उनकी पत्नी मेनका उपाध्याय (35), सात वर्षीय बेटे व्योम और डेढ़ साल के शिवओम की जान चली गई। सौरभ मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले थे और पिछले करीब पांच वर्षों से नोएडा में रह रहे थे। बुधवार सुबह वह पत्नी और दोनों बच्चों के साथ भाई दूज और छठ पूजा मनाने के लिए प्रयागराज स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार डिवाइडर पर चढ़कर करीब 30 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की, लेकिन परिवार के चारों सदस्यों को बचाया नहीं जा सका।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के समय सौरभ उपाध्याय खुद एसयूवी चला रहे थे। उनकी पत्नी मेनका आगे की सीट पर बैठी थीं, जबकि दोनों बच्चे पीछे बैठे थे। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। इसी दौरान वाहन अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार उछलकर डिवाइडर पर चढ़ गई और करीब 30 मीटर तक घिसटती रही। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार का शीशा टूटने से पीछे बैठा सात वर्षीय व्योम उछलकर एक्सप्रेसवे से करीब 20 फीट नीचे अंडरपास में जा गिरा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े।

हादसे में सौरभ उपाध्याय और उनकी पत्नी मेनका की मौके पर ही मौत हो गई। सात वर्षीय व्योम को गंभीर हालत में सांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, डेढ़ साल के शिवओम को यूपीडा की एंबुलेंस से बिलग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां चिकित्सकों ने सीपीआर देकर बच्चे की जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस तरह हादसे में परिवार के चारों सदस्यों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद एंबुलेंस पहुंचने में काफी देरी हुई। हालांकि, इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।बिलग्राम की रहने वाली भाजपा नेत्री दीपा विश्वास ने बताया कि जब डेढ़ साल के शिवओम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, तब उसके साथ परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज ले जाने की जरूरत थी। दीपा विश्वास के मुताबिक, एंबुलेंस के लिए संपर्क किया गया, लेकिन काफी देर तक वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। उनका दावा है कि करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बाद वह खुद अपनी कार से बच्चे को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचीं। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत हो गई। एंबुलेंस मिलने में देरी के आरोपों को लेकर संबंधित विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।